CMYK

तापमान अधिकतम :35°C न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,451.01 निफ्टी 24,750.70

सोना 98,220 चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 31 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 298 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 3 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल: हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### डी. गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में कारूआना को हराया

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## रिलेशनशिप टूटने के बाद रेप केस गलत: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा कि यदि दो वयस्कों में सहमति से बना रिश्ता बाद में टूट जाता है या दोनों के बीच दूरी आ जाती है, तो इसे शादी का झूठा वादा बताकर रेप का केस नहीं बनाया जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह टिप्पणी की। बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों से न केवल न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि आरोपी व्यक्ति की सामाजिक छवि को भी गंभीर नुकसान होता है। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि सिर्फ शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा नहीं माना जा सकता, जब तक कि आरोपी की तरफ से रिश्ते की शुरुआत से ही

**■ अदालत ने कहा: इससे आरोपी की छवि खराब होती है, न्याय व्यवस्था पर भी बोझ पड़ता है**

धोखाधड़ी का इरादा न हो। बेंच ने कहा कि शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा बताकर धारा 376 के तहत रेप का केस करना गलत है। इस सोच पर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के साथ ही महाराष्ट्र के अमोल भगवान नेहुल के खिलाफ रेप केस रद्द कर दिया।



## नीट-पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराएं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय ...पाली में आयोजित कराने का ...निर्देश दिया। ...र्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति ... और न्यायमूर्ति एनवी ... अंशकालीन कार्य ... याचिकाकर्ता अदिति ...याचिका पर संबंधित ...सुनने के बाद इस ...योजित करने वाली ... बोर्ड ऑफ ...एनबीई) को यह ...अपने आदेश में

**■ कहा: दो पालियों में कराने से उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे**

कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि इस देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए देशभर में परीक्षा आयोजित करने वाली इस संस्था को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाए। अदालत ने कहा कि यदि अधिकारियों को लगता है कि वे परीक्षा केंद्रों की पहचान करने और 15 जून को परीक्षा आयोजित करने में सक्षम नहीं हैं, तो वे परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले पांच मई को अदालत ने उक्त याचिका पर एनबीई, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था।

## देश में कोरोना के 1828 एक्टिव केस, 15 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या शुक्रवार को 1828 पहुंच गई।

गुजरात के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। इसके अलावा 8 महीने की एक बच्ची गुरुवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लूएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा

**■ गुजरात में एक दिन के नवजात की रिपोर्ट पॉजिटिव**

रही है। उधर केरल में एक्टिव मामले 727 हो गए हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि राज्य में ओमिक्रॉन जेएन वैरिएंट एलएफ7 के मामले आ रहे हैं। है। महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि गुरुवार को कोविड के 79 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 379 केस मिले हैं। जनवरी और फरवरी में एक-एक, अप्रैल में चार और मई में 373 मरीज मिले। जनवरी से अब तक राज्य में 9592 कोविड-19 टेस्ट किए गए।

### पूर्व न्यायाधीश पर आपत्तिजनक टिप्पणी वाले वीडियो पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पूर्व न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए संबंधित वीडियो दिखाने पर रोक लगाने के साथ ही उसे यूट्यूब चैनल से तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति एएस चंद्रूकर की पीठ ने शुक्रवार को अपने आदेश में 'वरप्रैड मीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के एडिटर इन चीफ अजय शुक्ला को वीडियो को अपने चैनल से हटाने का निर्देश दिया।शीर्ष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि हम रजिस्ट्री (सुप्रीम कोर्ट की) को अजय शुक्ला के खिलाफ स्वत: संज्ञान अवमानना का मामला दर्ज करने का निर्देश देते हैं। यूट्यूब चैनल को प्रतिवादी पक्ष बनाया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट में ली नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शुक्रवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शीर्ष अदालत परिसर के एक सभागार में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। उनके शपथ ग्रहण करने के साथ ही उच्चतम न्यायालय के लिए कुल निर्धारित 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच की मौत, 29 घायल

**मुक्तसर।** पंजाब में मुक्तसर जिले के सिंघेवाला गांव में गुरुवार रात एक बजे एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में पांच प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। हरियाणा सीमा के पास स्थित इस फैक्ट्री में पटाखों के उत्पादन और पैकेजिंग में लगे कई प्रवासी कामगार काम करते थे। रात करीब एक बजे हुए इस विस्फोट के कारण पूरी फैक्ट्री ढह गई। मुक्तसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अखिल चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि पटाखा निर्माण क्षेत्र में विस्फोट हुआ। अभी कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### आतंकी मामले में कश्मीर में कई ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह कश्मीर के विभिन्न जिलों में एक आतंकवादी मामले की जांच के तहत छापेमारी की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि कश्मीर के बड़गाम, अवंतीपोरा, पुलवामा, कुपवाड़ा, शोपियां और श्रीनगर जिलों में तलाशी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान, कई संदिग्धों को एक विशिष्ट गोपनीय संदेश एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए पाया गया, जिसका उपयोग आतंकवादियों, सीमा पार से उनके आकाओं द्वारा किया जाता है।

### ऑपरेशन सिंदूर तरकश का सिर्फ एक तीर: मोदी


# आतंक का फन फिर उठा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे

बिक्रमगंज (रोहतास),वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को एक बार फिर बिहार की धरती से आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है, आतंक का फन फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे।

श्री मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में करीब 48 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन जान ले कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। भारत की लड़ाई नहीं रुकी है और न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राण जाए पर वचन न जाए। यानी एक बार वचन दे दिया, तो वो पूरा होकर ही रहता है। प्रभु राम की यह रीति, नए भारत की नीति बन गई है। बिहार की धरती से देश को वचन दिया था कि

**■ बिहार की धरती से आतंकियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी**



आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। बिहार की धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं, तो अपने वचन के पूरा करने के बाद आया हूं। हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। भारत की बेटियों की सिंदूर की शक्ति क्या होती है यह पाकिस्तान ने भी देखा और दुनिया ने भी देखा।

### प्रधानमंत्री ने दी बिहार को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये की सौगात

**बिक्रमगंज (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लोगों को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सौगातें दी, जिनमें रेल, सड़क, गैस आपूर्ति, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी ने राज्य के रोहतास जिले में यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और कई का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने लोगों के जीवन में भारी बदलाव किया है। बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया है और लोगों को लाभ मिल रहा है। नक्सलवादी गतिविधियों पर काबू पाया गया है।

### आतंकवाद और बातचीत साथ साथ नहीं चल सकते : शाह

**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित किया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते तथा पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका अधिक प्रभावी और सटीक तरीके से जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सीमावर्ती इलाकों में बंकर बनाने का फैसला लिया गया था। अब तक 9,500 से अधिक बंकर बनाए गए हैं और इन बंकरों के कारण सीमावर्ती इलाके में ज्यादा जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार सीमावर्ती इलाकों में और बंकर बनाएगी। पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि राहत और नौकरियां आपके द्वारा झेले गए दर्द और क्षति की भरपाई नहीं कर सकती हैं। आपने अपने प्रियजनों को खो दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और राष्ट्र की भावनाएं इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ी हुई हैं।

### वनंतरा रिसॉर्ट हत्याकांड में आया फैसला

# अंकिता भंडारी के तीनों हत्यारों को आजीवन कारावास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में आखिरकार अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान करते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य समेत तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत ने शुक्रवार को सजा का ऐलान किया।

भाजपा के पूर्व नेता विनोद आर्य के पुत्र एवं ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 और 354 के तहत दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि रिसॉर्ट के प्रबंधक सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को साक्ष्य मिटाने के मामले में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 और 201 के तहत दोषी ठहराते हुए दोनों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवनीश नेगी के अनुसार तीनों को हत्या का दोषी करार दिया गया है और उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय कि वर्ष 2022 में अंकिता हत्याकांड सामने आया था।





**■ 24 सितम्बर 2022 को अंकिता भंडारी का शव चिल्ला बैराज से हुआ था बरामद**

### न्याय अधूरा लग रहा, दोषियों को उम्रकैद मिलने से नाखुश अंकिता भंडारी के परिजन


कोटद्वार की सिविल कोर्ट ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने माना कि तीनों ने मिलकर हत्या कर शव छुपाया। अंकिता के परिजन फैसले से असंतुष्ट हैं और हाईकोर्ट में अपील कर दोषियों को फांसी दिलाने की बात कह रहे हैं।

अंकिता ऋषिकेश के पास वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिष्ट के पद पर तैनात थी। वह 18 सितम्बर, 2022 को यकायक लापता हो गई थी। दो दिन बाद 24 सितम्बर को उसका शव चिल्ला बैराज से बरामद हुआ था। हत्या का आरोप वनंतरा रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर लगा था। इस घटना के बाद पूरे प्रदेश में लोगों ने रोष व्यक्त किया था। प्रदेश सरकार ने भी मामले को एसआईटी को सौंप दिया था। एसआईटी ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत के बाहर शुक्रवार को सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सुबह से ही अदालत परिसर में भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए बेरिकेडिंग की व्यवस्था की, लेकिन भीड़ ने बेरिकेडिंग को तोड़ दिया। पुलिस ने हालांकि समय रहते भीड़ पर नियंत्रण पा लिया था।

## उप्र व मप्र में 14 दिन बाद मानसून देगा दस्तक

**नई दिल्ली।** 24 मई को मानसून की एंट्री के बाद यह 17 राज्यों में दस्तक दे चुका है। सिर्फ छह दिनों में देश में अब तक 33 फीसदी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। गुरुवार को यह पूर्वोत्तर के बचे हिस्से और फिर सिक्किम पार कर पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्रों में पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को यह बिहार व बाकी पश्चिम बंगाल में पहुंच सकता है। हालांकि, अब इसकी रफ्तार थमने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बना



दबाव वाला क्षेत्र सागर द्वीप से होते हुए बांग्लादेश की ओर बढ़ेगा। यह डिप्रेशन उत्तर भारत की ओर मानसून को धकेलने के बजाय विपरीत दिशा में खींचेगा। अनुमान है कि मानसून पर एक हफ्ते से 10 दिन का ब्रेक लग सकता है, जिससे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश का इंतजार बढ़ सकता है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 15 नर्सों को प्रदान किए फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में विभिन्न वर्ग की 15 नर्सों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया।

पुरस्कृत नर्सों में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) वर्ग में अंडमान निकोबार की रेबा रानी सरकार, आंध्र प्रदेश की वलिवेती सुभावती, दादर-नगर हमेली एवं दमन-दीव की सरोज फकीरभाई पटेल, लक्षद्वीप की रजिया बेगम पीबी और महाराष्ट्र की सुजाता अशोक बागुल , एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर) वर्ग में असम की बीना पानी डेका, नर्स वर्ग में अरुणाचल प्रदेश की किजुम सोरा कारगा, दिल्ली की डिम्पल अरोड़ा और मेजर जनरल शीना पीडी, कर्नाटक की डा. बानू एमआर, मणिपुर की लीमापोकपम



रंजीता देवी, मिजोरम की वी लालमंगई, पुड्डुचेरी की एलएस मणिमोझी, तमिलनाडु की के अलामेलु मंगयारकरसी और प. बंगाल की डॉली बिस्वास शामिल हैं।

## पनवारी कांड में 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

**आगरा।** वर्ष 1990 के जिले के बहुचर्चित पनवारी कांड के दौरान कागारौल थाना क्षेत्र के अकोला में हुई जातीय हिंसा में शुक्रवार को विशेष एससी-एसटी कोर्ट ने 35 दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई।

अदालत ने दो दिन पहले इन आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा सुनाए जाने के बाद 32 को जेल भेज दिया गया। तीन दोषियों के अदालत में हाजिर नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए। पंद्रह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। 34 साल चले इस मुकदमे में विचारण

**■ 32 दोषियों को भेजा जेल, तीन के गैर जमानती वारंट जारी**

के दौरान 22 अभियुक्तों की मृत्यु हो गई थी। अदालत ने सजा सुनाते हुए दोषियों को पांच-पांच साल का कठोर कारावास और प्रत्येक पर 41 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सुनवाई में धारा 147 (दंगा), 148 (हथियार से लैस होकर दंगा), 149 (गैरकानूनी सभा) और 310 के तहत सभी दोषियों को सजा सुनाई गई।

# तुर्की एयरलाइन से नहीं तोड़ेगी इंडिगो नाता

## इंडिगो सीईओ ने जानकारी की साझा, कहा: तुर्की एयरलाइन से हमारा सर्विस एग्रीमेंट

नई दिल्ली, वार्ता

**देश की सबसे** बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग की व्यवस्था को अभी समाप्त नहीं करेगी, लेकिन भारत की नियामक प्रणाली के अंतर्गत कोई ऐसे निर्देश मिले, तो वह उस दिशा में जरूरी कदम उठाएगी।

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यहां कंपनी के सालाना परिणामों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इंडिगो द्वारा लंबी दूरी के अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के लिए तुर्की वाहक से लीज पर लिए गए बोइंग 777 और 787 के उपयोग किया जाता है। उनसे पूछा गया था कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में तुर्की की भूमिका को देखते हुए

**■ तुर्की एयरलाइंस के प्लेन लीज पर लेने के सभी नियमों का करेंगे पालन: इंडिगो सीईओ**



कई क्षेत्रों में तुर्की की कंपनियों के साथ संबंध विच्छेद किए जा रहे हैं। इंडिगो का भी तुर्की की एयरलाइन के साथ लीजिंग समझौता है, क्या इंडिगो भी ऐसा कोई कदम उठाने के बारे में सोच रही है? इस सवाल के जवाब में श्री एल्बर्स ने कहा कि तुर्की की एयरलाइन के साथ हमारा एयर सर्विस एग्रीमेंट है। हम विनियामक ढांचे के संदर्भ में काम करते हैं। अगर विनियामक ढांचे में बदलाव होता है, तो हम ज़रूरी कदम उठाएंगे। दूसरा हमारा बड़ा ग्राहक आधार हैं, जिन्होंने तुर्की एयरलाइंस से लीज़ पर लिए गए 777 विमानों द्वारा संचालित उड़ानों में बुकिंग की है। यदि विनियामक प्रणाली में कोई बदलाव का निर्देश आया, तो हम संभावित कदमों के बारे में जरूरी सोचेंगे। इंडिगो द्वारा वेट-लीज्ड विमानों (किसी अन्य एयरलाइन द्वारा संचालित जेट लेकिन इंडिगो ब्रांड के तहत उड़ान भरने वाले विमान) का उपयोग किया जा रहा है, क्योंकि एयरलाइन लंबी दूरी के संचालन में उतर रही है। मुंबई से जुलाई में शुरू होने वाले मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के आगामी मार्गों को इस व्यवस्था के तहत बोइंग 787-9 विमानों द्वारा संचालित किया जाएगा। तुर्की एयरलाइंस के साथ लीजिंग करार इंडिगो की अपनी लंबी दूरी के बेड़े को इंतजार किए बिना अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों से तेजी से जोड़ने की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है। वर्तमान में 90 से अधिक घरेलू और 40 अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों पर सेवा देने वाली एयरलाइन का लक्ष्य वर्ष के अंत तक 50 अंतर्राष्ट्रीय शहरों तक पहुंचना है। सीईओ ने संवाददाताओं को इंडिगो की 18 साल की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि एयरलाइन की योजना चालू वित्त वर्ष में 10 नए अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए सीधी उड़ानें जोड़ने की है, जिनमें लंदन, एथेंस, एम्स्टर्डम और मैनचेस्टर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। इन मार्गों के अलावा, चार मध्य एशियाई गंतव्यों और सिएम रीप जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई शहरों के लिए उड़ानें शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### प्राइवेट बस पलटी तीन महिलाओं समेत पांच की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बक्शा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। इस हादसे में दो महिला व दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में 14 अन्य लोग घायल हो गए। वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंभूगंज बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर आज भोर करीब पौने पांच बजे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही जिला. धिकारी डॉक्टर दिनेश चंद और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभने बताया कि यह बस रामनगर घनश्यामपुर लेदुका होते हुए कुमार बस सर्विस प्रतिदिन जौनपुर बदलापुर पघव के लिए सवारी बैठाकर आती-जाती है। आज सुबह बस चालक समरजीत पाल (50) और कंडक्टर कालीचरन 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुए थे, बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुंची कि चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी पर पहुंच सड़क के बीच पलट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाला और मृत चार लोगों को मर्चरी भेजा।

### भाजपा के चुनावी सारे वादे झूठे निकले: 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार के पिछले 100 दिन के कार्यकाल का आज रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और कहा कि हमने सुना है भाजपा शासित दिल्ली सरकार खुद अपने 100 दिन के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बनाकर दिल्ली की जनता के सामने प्रस्तुत करने वाली है। भाजपा अपने 100 दिन के विफलताओं को झूठे रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से छुपाने की कोशिश करने वाली है। भारद्वाज ने कहा कि रिपोर्ट कार्ड में हमने बताया है, कि दिल्ली सरकार ने यहां की जनता के साथ पिछले 100 दिनों में क्या-क्या धोखा किया है? भाजपा की सरकार ने दिल्ली में फरिश्ते योजना को बंद कर दिया, जिसकी वजह से रोजाना दर्जनों दुर्घटनाग्रस्त लोगों को समय पर इलाज न मिलने से मृत्यु का खतरा बना हुआ है।

### 11 पर्यटकों से भरा वाहन नदी में गिरा, नौ लोग लापता

**गंगटोक।** पश्चिम बंगाल और ओडिशा के 11 पर्यटकों को ले जा रहा एक वाहन गुरुवार रात उत्तरी सिक्किम में तीस्ता नदी में गिरने के बाद नौ लोग लापता हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना और सिक्किम पुलिस ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया। यह हादसा गंगटोक से लगभग 52 किलोमीटर दूर हुआ। पुलिस अधीक्षक मंगन सोनम देचू ने कहा कि दो लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी नौ लोगों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। यह दुर्घटना उत्तरी सिक्किम में चुंगथांग- मुंशीथांग रोड पर हुई और वाहन लगभग 1,000 फुट नीचे तीस्ता नदी में गिर गया।

# ऑपरेशन सिंदूर का सबूत मांगना शर्मनाक: भाजपा

■ जयराम रमेश के आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' के सबूत मांगने को शुक्रवार को शर्मनाक करार दिया और उसके नेता जयराम रमेश के उस बयान की कड़ी भर्त्सना की, जिसमें उन्होंने आतंकवादियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना की है। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबो. धित करते हुए विपक्ष के रवैए की कठोर आलोचना की। डा. पात्रा ने रमेश द्वारा आतंकियों और भारतीय सांसदों की कथित तुलना करने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे 'घूमने' नहीं गए। वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है। एक अखबार में अमेरिका के एक प्रसिद्ध सैन्य विश्लेषक जॉन स्पेंसर का एक अत्यंत गंभीर और तथ्यों से परिपूर्ण लेख छपा है। यह लेख केवल एक राय नहीं बल्कि एक ठोस वैश्विक विश्लेषण है, जिसमें स्पष्ट रूप से यह बताया गया है कि किस प्रकार भारत की स्वदेशी तकनीक 'आकाश' मिसाइल प्रणाली और अन्य रक्षा उपकरण ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भर भारत की सफलता का उदाहरण

**कानपुर।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के शौर्य और पराक्रम के कारण आज पूरी दुनिया भारत के शक्ति और सामर्थ्य को एक उदाहरण के रूप में मान रही है।

योगी ने कहा कि भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के यार डिफेंस सिस्टम को नष्ट करके भारतीय सेना जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है, यह प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए मेड इन इंडिया की उस ताकत का भी एहसास दुनिया को करवाता है जो इस बार ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने देखा है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता का भी एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होने कहा कि प्रदेश को मिली 47 हजार 600 करोड़ रुपए की परियोजनाएं विकसित भारत की नींव है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत यशस्वी



■ भारत की न्यू डिफेंस पॉलिसी के अंतर्गत दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट किया: योगी

प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश की धरती पर यह प्रथम आगमन है। मैं प्रदेशवासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत करता हूं। यह धरती कभी औद्योगिक क्रांति की अग्रदूत रही है और आज विकास की नई गाथा लिखने जा रही है। योगी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब जवाब देने में नहीं, जवाब देने की शैली भी तय करने में यकीन रखता है। यह मेड इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सशक्त मिसाल है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कानपुर में 47 हजार 600 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश को विकसित भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में आगे बढ़ाने का एक बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई कानपुर मेट्रो के पहले चरण के बाद अब दूसरे चरण का लोकार्पण हुआ है, जिससे शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम आधुनिक और सुविधाजनक बनेगा। उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि पनकी, घाटमपुर, जवाहरपुर (एटा), ओबरा (सोनभद्र) और खुर्जा (बुलंदशहर) में थर्मल पावर प्लांट्स की शुरुआत से प्रदेश की विद्युत क्षमता 15,000 मेगावाट से बढ़कर 25,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। वर्ष के अंत तक इसमें 4000 मेगावाट की और बढ़ोतरी होगी। यूपी की उपलब्धियों को गिनाते हुए सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश के एक लाख 21 हजार मजरे तक बिजली पहुंच चुकी है और 1.78 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 1-31 लाख घरों में मुफ्त रूफटॉप सोलर की सुविधा पहुंचाई गई है और 11 लाख से अधिक आवेदनों का लक्ष्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर से शुरू हुई यह विकास यात्रा सिर्फ एक शहर की नहीं, बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश की प्रगति की कहानी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यूपी आज सुरक्षा से लेकर समृद्धि तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## प्रधानमंत्री ने चेताया: गिड़गिड़ाने वाला दुश्मन धोखे में ना रहे

# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: मोदी

**कानपुर, वार्ता**

पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानो पर सैन्य बलों की कार्रवाई की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर पड़ोसी देश को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

कानपुर में शुक्रवार को हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए मोदी ने कहा कि भारत में आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं। पहला, भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा। उसका समय, जवाब देने का तरीका और जवाब देने की शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। दूसरा, भारत अब एटम बम की गीदड़ भभकी से नहीं डरेगा और ना ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। तीसरा, आतंक के आका और आतंक परस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर का खेल अब नहीं चलने वाला है। अगर मैं सीधे-सीधे कनपुरिया भाषा में कहूं, तो दुश्मन कहीं भी हो,



■ कानपुर में हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

■ कहा: भारत में आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय कर दिए हैं

हौंक दिया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 47 हजार 600 करोड़ रुपए की 15 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। मोदी ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पर सजकर खड़ी मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन में वंचित वर्ग के बच्चों ने सफर तय किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि कानपुर में विकास का यह कार्यक्रम 24 अप्रैल को होने वाला था, लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर द्वारा रद करना पड़ा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी इस बर्बरता का शिकार हुए। उनके परिवार की पीड़ा, कष्ट और आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बेटियों, बहनों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को घर में घुसकर, सैकड़ो मील अंदर जाकर तबाह कर दिया। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तान सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम की धरती से सेना के शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वह किसी धोखे में ना रहे, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने, ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था जब भारत अपनी सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने की शुरुआत की। यह पूरे यूपी के लिए गर्व की बात है की डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता में वह बड़ी भूमिका निभा रहा है। जैसे कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां हैं, वैसी ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में देश का बड़ा डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इस कॉरिडोर का कानपुर नोड रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा केंद्र है। एक समय यहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे, वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में ही अमेठी में एके 20 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया उस ब्रह्मोस मिसाइल का नया पता है उत्तर प्रदेश। भविष्य में कानपुर और यूपी, भारत को डिफेंस का नया एक्सपोर्टर बनाने में सबसे आगे रहेगे।

### पीएम ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद शुभम के परिजनों से की मुलाकात

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाक. ात की। कानपुर को विकास परियोजनाओं की सौगात देने पहुंचे श्री मोदी ने एयरपोर्ट पर ही शुभम की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से करीब आठ मिनट तक बातचीत की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री भावुक हो गए। इस दौरान ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए, जिन्हें देखकर प्रधानमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाया। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ चलाया जा रहा ऑपरेशन 'सिंदूर' रुका नहीं है, बल्कि यह आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ है और आगे भी मुलाकात होती रहेगी। शुभम द्विवेदी के परिजनों को नरवल एसडीएम की देखरेख में कार से चकेरी एयरपोर्ट लाया गया था।

# केन्द्र सरकार की विदेश नीति नाकाम: कांग्रेस

**नई दिल्ल, वार्ता**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम बताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की फेल डिप्लोमैसी और कमजोर विदेश नीति की वजह से भारत की छवि को नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा कि कोई देश पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कह रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किसी ने भी आपके समर्थन में बयान नहीं दिया। यहां तक कि रूस ने भी पाकिस्तान के साथ पुरानी स्टील मिल दोबारा शुरू करने के लिए एमओयू साइन किया है। अब इससे पाकिस्तान को रूस से 2.6 अरब डॉलर(21,660 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजि. जू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे। जयराम ने बताया कि 16 मई को दोपहर तक, राहुल गांधी ने



■ किसी भी देश ने पाकिस्तान को आतंकी मुल्क नहीं माना, रूस ने भी पाक से एमओयू साइन किए: पवन खेड़ा

संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर कांग्रेस की ओर से 4 नाम दिए थे। थरूर ने कहा था- सम्मानित महसूस कर रहा हूं दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, श्मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का ख्रष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। कांग्रेस ने कहा था- थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार की दिल्ली में 14 मई को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी।


## अर्थ व्यापार

# चौतरफा बिकवाली के दबाव से बाजार में गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

भारत में समाप्त वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े को लेकर निवेशकों की सतर्कता बरतते हुए की गई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक टूटकर 81,451.01 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.90 अंक की गिरावट लेकर 24750.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत लुढ़ककर 45,136.35 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17



प्रतिशत बढ़कर 52,413.25 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4119 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2160 में बिकवाली जबकि 1826 में लिवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1581 में गिरावट जबकि 1299 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा।

बीएसई में बैंकिंग, इंडस्ट्रियल्स, वित्तीय सेवाएं और कैपिटल गुड्स की 0.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.14, सीडी 0.39, ऊर्जा 0.70, एफएमसीजी 0.45, हेल्थकेयर 0. 26, आईटी 1.05, दूरसंचार 0.79, यूटिलिटीज 1.09, ऑटो 0.91, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.03, धातु 1. 68, तेल एवं गैस 1.06, पावर 0.31, रियल्टी 0.67, टेक 0.99, सर्विसेज 0.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत गिर गए।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.78 और जर्मनी का डैक्स 0.95 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जापान का निक्केई 1.22, हांगकांग का हैंगसेंग 1.20 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरुआत सेंसेक्स 167 अंक का गोता लगाकर 81,465.69 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,698.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### काष्ठ उत्पादों के निर्माण और निर्यात में चीन को पछाड़ सकता है भारत

**सहारनपुर।** काष्ठ उत्पादों के निर्माण के लिए विख्यात सहारनपुर के निर्यातकों का मानना है कि पुरातन काष्ठ कला के मनमोहक उत्पादों के निर्माण और निर्यात के मामलों में भारत चीन को पछाड़ने की कुव्वत रखता है। जिले के एक निर्यातक असलम सैफी ने बातचीत में यह दावा करते हुए कहा कि चीन दो वजह से काष्ठ उत्पादों के निर्यात में दुनिया में अपना रुतबा रखता है। पहला यह कि उसके उत्पाद सस्ते होते हैं क्योंकि उन पर लागत कम आती है। दूसरा वहां श्रम सस्ता है और करों और लालफीताशाही का शिकंजा नहीं है। ऐसे में विश्व बाजार में चीन को चुनौती देना बेहद मुश्किल हो रहा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3838 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.23 सेंट लुढ़ककर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं



हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रह:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा उत्तर प्रदेश

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया इतिहास रचा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर में प्रदेश को 44,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली तापीय विद्युत परियोजनाओं की सौगात दी।

इन परियोजनाओं से प्रदेश में न सिर्फ 24.89 प्रतिशत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि इससे औद्योगिक, कृषि और सामाजिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश की उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी, जो प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में अहम योगदान देगा। उत्तर प्रदेश अब ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक राज्य के रूप में उभर रहा है। इन तापीय परियोजनाओं के शुभारंभ से प्रदेश को बड़े लाभ होंगे। सबसे महत्वपूर्ण लाभ बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को लेकर होगा। 2017 तक उत्तर प्रदेश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 15,916 मेगावाट थी। योगी सरकार ने इसे बढ़ाकर 24,868 मेगावॉट तक पहुंचा दिया है और इस वर्ष के अंत तक यह क्षमता 27,184 मेगावॉट हो जाएगी। सभी नई परियोजनाओं में सुपरक्रिटिकल तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे कम कोयले में ज्यादा बिजली बनती है। इससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है और पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नई परियोजनाओं से उत्पादित बिजली का 75.11 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में और 24.89 प्रतिशत असम को भेजा जाएगा। इससे प्रदेश को राजस्व प्राप्त होगा और ऊर्जा वितरण में संतुलन बनेगा। इसका लाभ हर वर्ग को मिलेगा। बिजली आपूर्ति की मजबूती से कृषि कार्यों, घरेलू उपभोक्ताओं और औद्योगिक इकाइयों को सीधा लाभ मिलेगा। सिंचाई सस्ती होगी, फैक्ट्रियों का उत्पादन बढ़ेगा और घरों में निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी।

**जीआरडी कॉलेज के अन्तरया 2025**

# जीआरडी कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया आज से होगा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजधानी के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव अन्तरया-2025, 31 मई एवं 1 जून को धूम धाम से आयोजित होगा।

वार्षिक उत्सव की पूर्व संध्या पर प्रेस से रूबरू होकर संस्थान से वाइस चेयरमैन इंदरजीत ने कहा कि वार्षिक उत्सव के दौरान जहां एक ओर सैकड़ों छात्र छात्राएं अपने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स प्रदर्शित करेंगे वही शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कर्तिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले लगभग 600 छात्र-छात्राएं सम्मानित किए जाएंगे। वही फेमस बॉलीवुड सिंगर आकांक्षा शर्मा एवं डी. जे. हैरी अपनी लाइव परफॉरमेंस से युवा वर्ग थिरकने को मजबूर कर देंगे। उन्होंने सफल छात्रों से अपने अर्जित



■ उत्सव में छात्र-छात्राओं के तकनीकी मॉडल्स होंगे प्रदर्शित, मेधावी छात्र को सम्मान एवं बॉलीवुड सिंगर

ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए करने को प्रेरित किया।

वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान के महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने कहा कि आज का युवा वर्ग उत्साह एवं मेधा से परिपूर्ण है और इस तरह के आयोजन उनके लिए सफलता की नई राहें खोलते हैं एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देते है! उन्होंने बताया कि संस्थान के छात्र-छात्राएं एक तरफ जहां विश्व. विद्यालय की मेरिट लिस्ट में इस वर्ष सबसे अधिक 5 मैडल प्राप्त किए वही देश-विदेश की नामी गिरामी सैकड़ों बहुराष्ट्रीय कम्पनीज की भी पहली पसंद बन रहे है। निजी क्षेत्र में बंपर सफलता के साथ-साथ जीआरडी के छात्र-छात्राएं अब सरक. ारी नौकरियों में भी झंडे गाड़ रहे है। इस वर्ष भी संस्थान के सिविल इंजी. नियरिंग के 26 छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड में बतौर सरकारी अभियंता की नियुक्ति पाकर जीआरडी का परचम लहरा दिया है!

सस्थान के पर्यासो को सरकार से भी निरंतर प्रोहत्सान मिल रहा है एवं शासन ने नवाचार एवं उद्योगों की आधुनिकतम आवस्यकताओ पर आधारित कई नए कोर्स इस वर्ष प्रारम्भ करने के लिए अनुमति दी है। दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में शिक्षा एवं इंडस्ट्री के कई जाने माने विशेषज्ञ प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर सस्थान के वाईस चेयरमैन सरदार इंद. रजीत सिंह ओबेराय, सरदार प्रबजी ओबेराय, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैस्तमैथुन पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## उत्तराखंड का बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड

# परिजनों ने मांगी 'मौत के बदले मौत'



### ■ इसे इंसाफ नहीं कह सकते: वीरेंद्र सिंह भंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार/देहरादून।** उत्तराखण्ड के पौडी जिले में स्थित कोटद्वार की उस अदालत में सन्नाटा पसरा था, जब न्यायाधीश ने तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई, मगर यह सन्नाटा उस तूफान के सामने कुछ भी नहीं था जो अंकिता भंडारी के माता-पिता के दिल में उठ रहा था। आंखों में आंसू और जुबां पर एक ही सवाल, 'क्या यही है इंसाफ?' सुनवाई के बाद कोर्ट के बाहर अंकिता की मां बिलख पड़ीं। आंखों में आंसू और दिल में सवाल। जिसने हमारी बेटी को मार डाला, वो उम्रकैद में जिए? हमारी बेटी तो अब कभी लौटकर नहीं आएगी। पिता की खामोशी उस गहराई से भरी थी जो शब्दों से परे है। अदालत से बाहर निकलते हुए उन्होंने सिर्फ इतना कहा, हम हाईकोर्ट जाएंगे। हमें फांसी चाहिए, मौत के बदले मौत।

अंकिता की मां, जो कभी अपनी बेटी के लिए रोज पूजा करती थीं, आज फूट-फूटकर रो रही थीं। उनका कहना था, 'उस रात हमारी बच्ची चीख रही होगी, मदद के लिए पुकार रही होगी। लेकिन अब उसकी आवाज कभी नहीं लौटेगी। जिसने उसे छीन लिया, वो क्यों जिंदा रहें?'

अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी, एक सीधा-सादा आम आदमी, खामोश खड़े थे। उनकी आंखें बहुत कुछ कह रही थीं, 'शायद यह कि उन्होंने अपनी बेटी को पढ़ाया-लिखाया, उसे आत्मनिर्भर बनाया, लेकिन दरिंदगी ने उसका भविष्य छीन लिया। उनका सीधा सा सवाल था, 'जब उसने जान ले ली, तो उसे भी जीने का हक क्यों मिले?'।

### परिवार और समाज की प्रतिक्रिया

अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया, मगर उन्होंने फांसी की सजा की मांग की थी। उन्होंने कहा, "मेरी बेटी को इंसाफ मिला, लेकिन हत्यारों को फांसी होनी चाहिए थी।" महिला संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस फैसले को महिला सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा, "यह फैसला उन सभी बेटियों के लिए है, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए घर से निकलती हैं।"






बेटी अंकिता के साथ हुए अमानवीय कृत्य पर न्यायालय का फैसला न्याय व्यवस्था में आमजन के विश्वास को और मजबूत करता है। इस निर्णय के बाद एक संदेश स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कानून का राज स्थापित है और बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हमने पहले ही दिन स्पष्ट कर दिया था कि इस मामले में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी, न जांच में, न न्याय में, न ही कार्यवाही में। हमारी जिम्मेदारी थी कि समाज को यह संदेश जाए कि अपराधी चाहे जो भी हो वह कानून से ऊपर नहीं.... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड।**

### अब ऊँची अदालत की ओर उम्मीद

परिवार ने साफ कहा है कि वे हाईकोर्ट में अपील करेंगे। अगर सुप्रीम कोर्ट तक जाने पड़े तो वहा भी चुनौती देंगे। उनका कहना है कि 'जब तक दोषियों को फांसी नहीं मिलती, हमारी आत्मा को शांति नहीं मिलेगी।' उनके लिए यह सिर्फ कानून की लड़ाई नहीं है, यह उस आत्मा की शांति की लड़ाई है जो नाइंसाफी में चली गई। इस पूरे मामले ने न केवल उत्तराखंड, बल्कि पूरे देश को झकझोर दिया।

### एक बेटी, जो अब बस यादों में जिंदा है

अंकिता, जो एक रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम कर रही थी, उसकी हत्या सितंबर 2022 में पुलकित आर्य द्वारा की गई थी। पोस्टमार्टम और जांच में सामने आया था कि उस पर न केवल मानसिक दबाव डाला जा रहा था, बल्कि घटना से पहले उसे जबरन रिसॉर्ट के 'गेस्ट' से मिलने के लिए मजबूर किया जा रहा था।

### पूरे देश की निगाहें कोटद्वार पर टिकी थीं

**कोटद्वार/देहरादून।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, कोटद्वार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी पुलकित आर्य और उसके सहयोगियों सौरभ भास्कर व अंकित गुप्ता को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही तीनों पर 50,000 का अर्थदंड लगाया गया और अंकिता के परिजनों को 4 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश भी दिया गया। अभियोजन पक्ष ने 47 गवाहों और 500 पेज की चार्जशीट के आधार पर मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसने दोषियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: धामी**

### सुरक्षा व्यवस्था और जनाक्रोश

इस फैसले को लेकर उत्तराखंड और पूरे देश की निगाहें कोटद्वार पर टिकी थीं। कोर्ट के फैसले से पहले व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे, शहर में धारा 144 लागू की गई थी, कोर्ट परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी को भी नही आने दिया गया। प्रशासन ने पौड़ी, देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, और उत्तरकाशी से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया। साथ ही डेढ़ कंपनी पीएसी और चार मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। इसके अलावा कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था और किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं थी।

### जाने कब क्या हुआ

18 सितंबर 2022:- अंकिता भण्डारी लापता हुई
19 सितंबर 2022:- मुकदमा दर्ज
22 सितंबर 2022:- शव बरामद
22 सितंबर 2022:- तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, हत्या और साक्ष्य छुपाने की धाराएं जोड़ी गईं।
24 सितंबर 2022:- मामले की जांच के लिए एसआईटी (विशेष जांच दल) गठित की गई।
16 दिसंबर 2022:- एसआईटी ने 500 पेज की चार्जशीट दाखिल की, जिसमें अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धाराएं भी शामिल थीं।
30 जनवरी 2023:- मुकदमे की सुनवाई शुरू हुई, जो करीब दो साल आठ महीने तक चली।
19 मई 2025:- दोनों पक्षों की बहस पूरी हुई।
30 मई 2025रू कोर्ट ने तीनों आरोपियों को धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य मिटाना), और 354 (छेड़छाड़) में दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

कोर्ट का फैसला
30 मई 2025 को कोटद्वार की एडीजे कोर्ट ने पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर, और अंकित गुप्ता को निम्नलिखित धाराओं के तहत दोषी करार दिया
आईपीसी: धारा 302 हत्या
आईपीसी: धारा 201 साक्ष्य छुपाना
आईपीसी: धारा 354 ए छेड़छाड़ और लज्जा भंग
अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम अनैतिक गतिविधियों में संलिप्तता

## नौवीं की दो छात्राओं की गंगा में डूबने से मौत



### ■ ट्यूशन जाने के दौरान गंगा में नहाने में उतरी थीं तीन छात्रा ■ एक छात्रा को स्थानीय लोगों ने बचाया, दो गहरे पानी में डूबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऋषिकेश।** नौवीं की तीन छात्रा आईडीपीएल में गंगा में नहाने के लिए उतर गई। अचानक गहराई में तीनों डूबने लगी, तो एक छात्रा को स्थानीय लोगों ने बामुश्किल बचा लिया, लेकिन दो छात्राओं को वह नहीं बचा पाए। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ ने डूबी दोनों छात्राओं की तलाश को गंगा में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया, जिसमें गोताखोरों ने घंटेभर की मशक्कत के बाद छात्राओं के शवों को गंगा से बरामद कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे 10 वर्षीय अंजिल साथी नौवीं कक्षा 14 साल की छात्रा अंजिल और 13 वर्ष की नेहा घर से ट्यूशन के लिए निकली थी। आईडीपीएल में परिजनों के साथ किराए के कमरों में रहने वाली तीनों छात्रा आईडीपीएल में श्मसान घाट के नजदीक गंगा में नहाने के लिए उतर गई। अचानक वह गंगा में तेज गहराई वाले क्षेत्र में पहुंची, तो मदद को पुकार लगाई, जिसमें नजदीक मौजूद लोगों ने 10 साल की अंजलि को बामुश्किल बचा लिया, लेकिन वह 14 साल की अंजलि व नेहा को बचाने में नाकाम रहे।

तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिसकर्मी और एसडीआरएफ के मौके पर पहुंचे। गोताखोरों ने उनकी तलाश को गंगा में अभियान चलाया। घंटेभर में गोताखोरों ने दोनों छात्राओं के शव गंगा से बरामद कर लिए। आईडीपीएल चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि छात्राएं मूलरूप से नेपाल के निवासी हैं। वह माता-पिता के साथ आईडीपीएल में किराये के मकान में रहती थीं। उनके पिता पेशे से श्रमिक हैं। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया गया है।

## साथ-साथ चलेगी तीनों की सभी सजाएं

### परिवार को 4 लाख का मिलेगा मुआवजा, टिहरी जेल से कोटद्वार जेल लाया गया पुलकित आर्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** उत्तराखंड केबहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय का इंतजार कर रहे हजारों लाखों लोगों के लिए शुक्रवार को दोपहर बाद फैसला सामने आ गया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। कोर्ट ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी कोर्ट ने सुनाया।

तीनों की सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357क के तहत कुल 4 लाख रुपए प्रतिकर मृतक अंकिता के परिजनों को देना है। वहीं, मुख्य आरोपी पुलकित आर्या को इससे पहले शुक्रवार को सुबह टिहरी जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच कोटद्वार लाया गया। कोर्ट परिसर और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो। पौड़ी गढ़वाल के एसएसपी लोकेश्वर सिंह खुद सुरक्षा पर नजर रखे हुए थे। बताते चले कि मुख्य दोषी पुलकित आर्या के पिता विनोद आर्या त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार में राज्य मंत्री रहे हैं। वहीं, भाई अंकित आर्या को तीरथ सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा मिला था। ये प्रकरण सामने आने के बाद दोनों को तमाम पदों से हटाते हुए पार्टी से बाहर कर दिया गया था।

### मुख्य अभियुक्त पुलकित आर्य को मिली यह सजा

अभियुक्त पुलकित आर्य को धारा 302 आईपीसी में कठोर आजीवन कारावास व 50,000 रुपए जुर्माना, धारा 201 आईपीसी में 5 वर्ष कठोर कारावास व 10,000 रुपए जुर्माना, धारा 354क आईपीसी में 2 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 जुर्माना व धारा 5(1)घ आईटीपीए एक्ट में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 2,000 जुर्माने की सजा सुनाई गई है। कुल 72 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### अभियुक्त सौरभ भास्कर व अभियुक्त अंकित गुप्ता को सजा

अभियुक्त सौरभ भास्कर व अभियुक्त अंकित गुप्ता को धारा 302 आईपीसी में आजीवन कठोर कारावास व 50,000 रुपए जुर्माना, धारा 201 आईपीसी में 5 वर्ष कठोर कारावास व 10,000 जुर्माना व 5(1)घ आईटीपीए एक्ट में 5 वर्ष का कठोर कारावास व 2,000 जुर्माना की सजा सुनाई है. दोनों को कुल 62 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### राज्य सरकार की तरफ से उठाए गये कदम

अंकिता की हत्या के बाद आरोपियों को 24 घंटे के अंदर जेल भेजा गया और अभी तक वह सलाखों के पीछे हैं। अंकिता भंडारी हत्या मामले में जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया। अंकिता हत्याकांड के आरोपियों पर गैंगस्टर अधिनियम के तहत भी केस दर्ज हुआ। धामी सरकार ने अंकिता भंडारी के परिवार को 25 लाख की आर्थिक मदद दी। अंकिता हत्याकांड मामले में 500 पन्नों की चार्जशीट तैयार हुई।97 गवाहों के बयान भी शामिल किए। अंकिता के परिजनों की मांग पर 3 बार सरकारी वकील बदले गए। दिवंगत बेटी अंकिता के भाई और उसके पिता को सरकारी नौकरी दी गई। कोर्ट में सरकारी वकील की सख्त पैरवी की वजह से आरोपियों की तरफ से दी गई जमानत अर्जी हर बार खारिज हुई।

## अंकिता हत्याकांड में कोर्ट का निर्णय न्याय की जीत:चौहान



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने अंकिता भंडारी हत्याकांड मे दोषियों को मिली सजा को सुखद और न्याय की जीत बताया। वहीं उन्होंने विपक्षी कांग्रेस की प्रतिक्रिया को दुर्भाग्यपूर्ण और राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि जांच एजेंसियों पर लगातार सवाल उठाने वालों को अदालत के फैसले का सम्मान करना चाहिए। चौहान ने कहा कि कोर्ट से तथ्यों के आधार पर फैसला दिया है और मामले मे कांग्रेस सहित अन्य विपक्षियों की मंशा शुरू से ही दुष्प्रचार और राजनीति जगजाहिर रही है। वह अंकिता मामले मे लचर पैरवी का आरोप लगाते रहे, लेकिन उनकी मंशा और आशंका निरर्थक ही साबित हुई और आखिरकार न्याय मिला। अंकिता के नाम पर तमाम राजनैतिक यात्रा निकालने वालों की मंशा भी पूरी नही हुई, क्योंकि उनका उद्देश्य अंकिता को न्याय नही, बल्कि राजनीतिक तुष्टि के लिए थी।

## वो लड़की, जो मुस्कराहटों में सपने बोती थी, नहर में बहा दी गई...

### जहां देखा आत्मनिर्भर बनने का सपना, वहीं वनंतरा रिसॉर्ट बना आखिरी मंजिल



### ■ फैसला आया, मगर अभी भी वीवीआईपी के नाम नहीं हुआ खुलासा ■ 97 गवाह, 500 पन्नों की चार्जशीट, दो साल आठ महीने तक चली सुनवाई

**मौहम्मद शाह नजर**

**देहरादून।** उत्तराखंड की सुरम्य वादियों में बसा एक छोटा-सा कस्बा, श्रीकोट। यहीं की 19 वर्षीय अंकिता भंडारी, अपने परिवार की उम्मीद और आत्मनिर्भरता का प्रतीक थी। वह वनंतरा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट का काम करती थी। लेकिन उसे क्या पता था कि जिस जगह से वो आत्मनिर्भर बनने का सपना देख रही है, वही उसकी आखिरी मंजिल बन जाएगी।

18 सितंबर 2022 को अंकिता लापता हो गई। परिवार ने मदद की गुहार लगाई। खुलासा हुआ कि रिसॉर्ट का मालिक पुलकित आर्य, जो एक पूर्व भाजपा नेता का बेटा है और उसके दो साथी, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता, अंकिता पर 'वीआईपी मेहमानों' को अवैध सेवाएं देने का दबाव बना रहे थे। जब उसने इनकार किया, तो उसे चीला नहर में धक्का दे दिया गया। और फिर अंकिता के लिये वनंतरा रिसॉर्ट आखिरी मंजिल बन कर रह गया।

अंकिता का जाना केवल एक लड़की की हत्या नहीं है, बल्कि यह उन तमाम लड़कियों के सपनों की हत्या है, जो ईमानदारी से जीना चाहती हैं। समाज को अब पूछना होगा। क्या हमारे सिस्टम में एक आम लड़की की जिंदगी की कोई कीमत नहीं?। अंकिता की कहानी हमें झकझोरती है, कानून की सुस्ती, व्यवस्था की सीमाएं, और सत्ता की छाया में पलते अपराध। यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती। यह एक शुरुआत है, उस बदलाव की, जिसमें हर अंकिता को न्याय मिले, समय पर मिले, और पूर्ण मिले।

### जनआंदोलन, विरोध, कैंडल मार्च और सड़कों पर इंसाफ की उठी आवाज

घटना के बाद पूरे उत्तराखंड में जनाक्रोश उमड़ा। सामाजिक संगठनों, सियासी दलों, महिला अधिकार कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों ने प्रदर्शन किए। 'जस्टिस फॉर अंकिता' देशव्यापी मुहिम बन गई। देहरादून, ऋषिकेश, दिल्ली और मुंबई तक लोगों ने कैंडल मार्च निकाले। उत्तराखण्ड विधानसभा में भी यह मुद्दा गर्माया।

### फांसी की सजा देती कोर्ट तभी मिलता अंकिता को न्याय: जोशी

**देहरादून।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव महेश जोशी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड के तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा का फैसला स्वागतयोग्य है। मगर ये नाकाफी है जिस तरह से जघन्य हत्या की गई उससे मानवता तो शर्मसार हुई ही देवभूमि भी कलंकित हुई। ऐसे में कोर्ट को अपने निर्णय में पुनर्विचार करना चाहिए। न्यायालय के निर्णय से बेटी अंकिता को न्याय तो मिला है लेकिन फांसी की सजा मिलने से ही बेटी अंकिता की आत्मा को शांति मिलेगी। उन्होंने कहा कि निर्णय प्रदेश की जनता की जीत है और उनके माता पिता को राहत मिली है।

### अंकिता हत्याकांड: किसने क्या कहा.....

### राज्यसभा सांसद बंसल ने किया अंकित भंडारी मामले में आए फैसले का स्वागत



**देहरादून।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल ने अंकिता हत्याकांड पर आये न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। पार्टी मुख्यालय में मीडिया को दी अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि, लगभग 3 साल पहले उत्तराखंड की बेटी के साथ हुए जघन्य अपराध के दोषियों को अदालत ने विभिन्न धाराओं में आजीवन कारावास से लेकर सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। जांच एजेंसियों के जुटाए सबूतों के आधार पर पूर्ण न्यायिक प्रक्रिया के पालन करते हुए यह निर्णय आया है। इसको भारतीय न्याय प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में स्वीकार करना चाहिए। फिर भी यदि किसी को कोई आपत्ति या सुधार की गुंजाइश नजर आती है तो वह ऊपरी न्यायालयों में अपील कर सकता है। वहीं आग्रह किया कि सभी राजनैतिक दल को इस मुद्दे पर गैरजिम्मेदाराना बयानबाजियों से बचना चाहिए।

### अंकिता के दोषियों को सजा देव भूमि वासियों को संतोष देने वाला निर्णय: भट्ट



**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने दुखद अंकिता भंडारी प्रकरण में आए न्यायालय के निर्णय को देवभूमिवासियों को संतोष देने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों के अकाट्य सबूतों और मजबूत पैरवी के चलते हम दिवंगत बेटी को न्याय दिलाने में सफल हुए हैं। अब राजनैतिक एवं सामाजिक पक्षों को भी, मुद्दे की संवेदनशीलता और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। विभिन्न माध्यमों पर मीडिया से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि अंकिता की निर्मम हत्या से उसके परिजनों के जीवन की कमी कोई दूर नहीं कर सकता है। लेकिन कोटद्वार अदालत का इस घटना के तीनों दोषियों को कठोरतम सजा के रूप में तमाम उम्र जेल में रखने का आदेश, उनकी पीड़ा को कुछ कम करने का काम अवश्य सफल होगा। न्यायिक प्रक्रिया के पूर्णत: पालन करने से आए इस निर्णय में थोड़ा समय अवश्य लगा, लेकिन फिर भी रिकॉर्ड पौने तीन साल के बाद आया यह निर्णय दुखी प्रदेशवासियों को संतुष्टि देने वाला है।



**देहरादून।** अंकिता-हत्याकांड का फैसला अनंतोगत्वा आ गया है। तीनों दोषियों को आजीवन कारावास हुई है। हम उम्मीद कर रहे थे कि इनको फांसी की सजा हो यह सबसे बड़े अपराधी हैंध। यह राज्य सरकार के अभियोजन पक्ष की कमी है कि उन्होंने उस वीआईपी को बचाने में सफलता पा ली जो वीआईपी इस हत्याकांड का एक बड़ा गुनहगार है... **हरीश रावत, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड।**

### अंकिता हत्याकांड: यह अधूरा न्याय: करन



**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्यायालय की और से तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और निश्चित रूप से अंकिता को आंशिक न्याय दिलाता है। माहरा ने यह भी स्पष्ट किया कि अब भी कई गंभीर सवाल अनुत्तरित हैं, जिनका उत्तर धामी सरकार को देना होगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने दोषियों को सजा दी है, लेकिन यह पूर्ण न्याय नहीं है। आज भी यह स्पष्ट नहीं है कि किन वीआईपी व्यक्तियों को बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रयास किए। जांच के दौरान साक्ष्य नष्ट किए जाने की मंशा से वनंतारा रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने का आदेश किसके निर्देश पर दिया गया? प्रारंभिक जांच में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बरती गई लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है? और रिसॉर्ट में आग लगाकर सबूत नष्ट करने वालों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है? माहरा ने कहा कि जब तक इन सवालों के जवाब नहीं मिलते, तब तक यह मामला अधूरा रहेगा। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जनता के बीच लगातार उठाती रहेगी और सरकार से जवाबदेही की माँग करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई केवल दोषियों को सजा दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण न्याय और सच्चाई सामने लाने तक जारी रहेगी।

### पहाड़ की बेटी को मिला अधूरा न्याय: प्रतिमा सिंह

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने कहा कि पहाड़ की उस बेटी को अधूरा न्याय न्याय मिला जिसके सपने चूर-चूर कर उसको मौत के घाट उतार दिया गया था। आज उन दरिंदगों को सजा मिली है। पहाड़ का हर वो व्यक्ति जिसने हमारी बेटी की न्याय की लड़ाई लड़ी उसके दिल को कुछ हद तक सुकून मिला होगा, ये एक नजीर की तरह पेश होगा उन लोगों के लिए जो इस तरह का घिनौना कृत्य करने के बारे में सोच भी रहे होंगे। आज पूरा प्रदेश दुखी भी है और खुश भी। दुखी इसलिए कि उन्होंने अपनी एक होनहार बेटी को खो दिया जो अपने माता पिता के सपनों को पूरा करने के लिए ऋषिकेश आयी थी, कोर्ट से हमे फाँसी की उम्मीद थी पर कोर्ट ने अपने समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया पर कई सवाल आज भी सामने हैं।

### अंकिता मामले में कोर्ट का निर्णय जनता की जीत : खजान दास

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता खजान दास ने अंकिता हत्या कांड मे गुनाहगारों मिली सजा जन भावनाओं के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह केवल एक सजा नहीं, बल्कि उस सख्त और जवाबदेह शासन की घोषणा है



जिसकी कमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों में है। खजान दास ने कहा कि इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने न केवल संवेदनशीलता दिखाई, बल्कि विलंब के बजाय निर्णय की गति को चुना। घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपियों को जेल भेजना, एसआईटी का गठन कर जांच को तेज और पारदर्शी बनाया। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि जब सरकार गंभीर होती है, तो न्याय की प्रक्रिया न रुकती है, न झुकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के राज में न कोई अपराधी बच सकता है, न ही कोई पीड़ित अकेला महसूस करेगा। उत्तराखंड की जनता आज भरोसे से कह सकती है कि उनकी सरकार उनके साथ है। इस फैसले से यह भी साबित हुआ कि धामी सरकार के राज में बेटियों की गरिमा और न्याय व्यवस्था दोनों सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने साबित किया है कि वे न तो दबाव में झुकते हैं और न ही संवेदनाओं को अनसुना करते हैं।

### फांसी की सजा के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए: धस्माना



**देहरादून।** उत्तराखंड के इतिहास में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के सबसे जघन्य अपराध अंकिता भंडारी हत्याकांड में शुक्रवार को सत्र न्यायालय की और से तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड के फैसले का स्वागत करते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दोषियों को फांसी की सजा के लिए अभियोजन पक्ष को उच्च न्यायालय जाने के लिए प्रदेश सरकार की और से निर्देशित किए जाने की मांग की है। शुक्रवार को न्यायालय का फैसला आने के बाद पार्ट मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड ने पूरे राज्य के लोगों को उद्वेलित किया हुआ है और लोग दोषियों को फांसी से कम सजा पर राजी नहीं हैं।

# विद्युत संकट से नाराज लोगों ने सब स्टेशन का किया घेराव

■ तीन दिन से अंधेरे में डूबे मोहल्ले, बारिश में भी बिजली के लिए उठी आवाज ■ विद्युत आपूर्ति ठप होने से उग्र हुआ जनाक्रोश, चिमटा-मंजीरे बजाकर ऊर्जा निगम के खिलाफ प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देवप्रयाग क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधा ने लोगों की परेशानी इस कदर बढ़ा दी कि गुस्साए स्थानीय निवासियों ने देर रात बागी सब स्टेशन का घेराव कर दिया। बारिश के बीच महिलाएं, बच्चे और पुरुष चिमटे-मंजीरे बजाकर ऊर्जा निगम को शनींद से जगानेश् पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए बिजली बहाल करने की मांग की। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण बना रहा और पुलिस बल को भी मौके पर तैनात किया गया।

प्रदर्शनकारी परिवार गोविंदपुरम और पेट्रोल पंप क्षेत्र के रहने वाले हैं, जो ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां बीते तीन दिनों से बिजली की आपूर्ति या तो पूरी तरह बंद रही है या कुछ घंटे ही मिल रही है। स्थिति इतनी खराब है कि रात 9 बजे के बाद पूरे क्षेत्र में घना अंधेरा छा जाता है, जिससे न केवल घरों में रहने वाले लोग परेशान हैं, बल्कि सड़क किनारे की स्ट्रीट लाइट बंद होने से यात्रियों को भी भारी असुविधा हो रही है। गुरुवार रात करीब 11 बजे स्थानीय महिलाएं, बच्चे और पुरुष डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय कर बागी सब स्टेशन पहुंचे। लगातार बारिश के बीच उन्होंने करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद किसी अधिकारी ने समस्या पर ध्यान नहीं दिया, जिससे उनका रोष और भी बढ़ गया। वार्ड-1 के सभासद राहुल कोटियाल ने अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपते हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता 500 केवी तक बढ़ाने की मांग की, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति स्थायी रूप से सुचारु हो सके।

स्थानीय व्यवसायियों को भी इस संकट का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यहां बेकरी संचालित करने वाले धूम सिंह ने बताया कि बार-बार बिजली गुल होने से उनका करीब 36 हजार रुपये का नुकसान हो चुका है। वहीं, पेट्रोल पंप संचालकों को जेनरेटर के सहारे यात्रियों को ईंधन भरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त लागत और परेशानी दोनों बढ़ रही हैं। महिलाओं ने बताया कि बिजली न होने से छोटे बच्चे पूरी रात सो नहीं पाते और अब वे बीमार पड़ने लगे हैं। उमस, गर्मी और गुलदार के खतरे के बीच लोग रातभर जागने को मजबूर हैं, जिससे मानसिक और शारीरिक तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष केके कोटियाल, शुभांगी देवी, कमला कैन्तुरा, सुषमा नेगी, माला राणा, ममता देवी, मीनाक्षी, बालक वंश कैन्तुरा, पूर्व प्रधान उम्मेद सिंह रावत, अर्जुन सिंह, सुमित चौहान, शिवओम जोशी, पवन पंवार, अनिल त्रिपाठी समेत दर्जनों लोग शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# जौल गांव में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर की मांग

■ विधायक किशोर उपाध्याय ने उच्च शिक्षा मंत्री को भेजा प्रस्ताव ■ श्रीदेव सुमन को सच्ची श्रद्धांजलि होगी जौल में विवि का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का स्थायी परिसर टिहरी जनपद के जौल गांव में स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि जौल गांव में लगभग 500 नाली भूमि उपलब्ध है, जो विश्वविद्यालय परिसर की स्थापना के लिए उपयुक्त है। विधायक का कहना है कि इस पहल से अमर बलिदानी श्रीदेव सुमन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती है, साथ ही टिहरी क्षेत्र को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा मिल सकती है।

डॉ. रावत को भेजे पत्र में किशोर उपाध्याय ने याद दिलाया कि वर्ष 2010-11 में उन्होंने श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 15 दिन का उपवास रखकर आंदोलन किया था, जिससे विश्वविद्यालय अस्तित्व में आया। उन्होंने लिखा कि बिना स्थायी परिसर के विश्वविद्यालय की उपस्थिति केवल औपचारिकता भर लगती है, जो इसके महत्व को कम कर रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अब कुछ विषयों का संचालन प्रारंभ हुआ है और मुख्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास निर्माण कार्य भी चल रहे हैं। लेकिन, अब तक स्थायी परिसर का निर्माण न हो पाने के कारण इसकी सार्थकता अधूरी रह गई है। ऐसे में जौल गांव में उपलब्ध भूमि पर विश्व. विद्यालय का स्थायी परिसर स्थापित कर इसे पूरी तरह से क्रियाशील और स्वायत्त बनाया जा सकता है। विधायक ने यह भी बताया कि जौल गांव के ग्रामीण इस प्रस्ताव पर पूरी सहमति व्यक्त कर चुके हैं और परिसर निर्माण के लिए तैयार हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस मांग को सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर, श्रीदेव सुमन की स्मृति को जीवंत रखने और क्षेत्र में उच्च शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाए।

# अंकिता हत्याकांड में फैसला जनआक्रोश की न्यायिक जीत: नेगी

■ देवभूमि के सम्मान की बहाली, बेटी अंकिता को मिला न्याय ■ फैसले से पीड़ित परिवार को मिली राहत, समाज को मिला भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड के तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के न्यायालय के फैसले को प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने न्याय और जनभावनाओं की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि जिस क्रूरता और अमानवीयता के साथ इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया, उसने न केवल मानवता को शर्मसार किया बल्कि देवभूमि की पवित्रता पर भी गहरा आघात पहुंचाया था। इस सजा के माध्यम से न्यायपालिका ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि बेटियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



विधायक नेगी ने कहा कि अदालत का यह निर्णय न केवल अंकिता को न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह समूचे प्रदेश की जनता की भावनाओं का सम्मान भी है। इस फैसले से अंकिता की आत्मा को शांति मिलेगी और उसके माता-पिता को थोड़ी राहत महसूस होगी, जिन्होंने बेटी की क्रूर हत्या के बाद लंबे समय तक न्याय के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय समाज के उन वर्गों के लिए एक चेतावनी है, जो सत्ता और प्रभाव के बल पर कानून को ठेंगा दिखाने का दुस्साहस करते हैं। यह एक उम्मीद है उन सभी के लिए, जो न्याय की प्रतीक्षा में हैं। उन्होंने इस निर्णय को उत्तराखंड की जनता की नैतिक जीत बताया और कहा कि इससे न्याय प्रणाली पर लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

## पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने किया न्यायालय के फैसले का स्वागत

**कोटद्वार।** अंकिता भंडारी केस में अदालत द्वारा दिए गए निर्णय का पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने सरकार को भी सवालों के घेरे में खड़ा किया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि स्व. अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने में जहां राज्य सरकार पूरी तरह असफल रही, वहीं न्यायालय ने एक निष्पक्ष, साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय देकर उसके माता-पिता के लंबे संघर्ष को न्याय में परिणत किया है। यह फैसला उस हर पीड़ित नागरिक के लिए आशा की किरण है जो व्यवस्था से न्याय की अपेक्षा रखता है। कहा कि सरकार से न्याय की गुहार लगाते हुए अंकिता भंडारी के माता-पिता ने अनगिनत बार अधिकारियों, शासन का दरवाजा खटखटाया किंतु दुर्भाग्यवश, शासन-प्रशासन ने उनकी पीड़ा को लंबे समय तक अनसुना किया। यदि राज्य सरकार ने संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई होती, तो शायद न्याय की राह इतनी लंबी न होती। न्यायालय का यह निर्णय न केवल अंकिता के माता-पिता की जीत है, बल्कि यह पूरे उत्तराखंड की मातृशक्ति और नारी गरिमा की रक्षा का प्रतीक बन गया है। इस फैसले ने यह सिद्ध कर दिया कि सत्य को चाहे जितना दबाया जाए, वह अंततः न्याय की रोशनी में प्रकट होकर अपनी जगह बना ही लेता है।

## मानकों को ताक पर रखकर भारी पॉकलैंड का किया जा रहा प्रयोग

**थराली।** पिंडर नदी में जमा उपखनिज को को चैनेलाइजेशन के तहत नदी के दोनो छोरो पर लगाने के बाद खनिज विभाग ने किनारे पर जमा इस उपखनिज के उठान के पट्टे आवंटित किए, लेकिन पट्टाधारकों द्वारा इस उपखनिज के उठान के लिए मानकों को ताक पर रखते हुए भारी मशीन पॉकलैंड मशीन को प्रयोग में लाया जा रहा है ,जबकि जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों का मानना है कि भारी मशीन की अनुमति किसी भी पट्टाधारक को नहीं दी गयी है ऐसे में सवाल उठता है कि जब भारी मशीन के प्रयोग की अनुमति ही नहीं है तो फिर भारी मशीनों से पिंडर नदी का सीना आखिर क्यों और किसकी अनुमति से छलनी किया जा रहा है सवाल बनता है कि अब पट्टाधारकों को न तो खनिज विभाग और न ही जिला प्रशासन ने भारी मशीन के प्रयोग की अनुमति दी है।

## एक नजर .......

### पैण्डुला गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने से ग्रामीण परेशान

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम पंचायत पैण्डुला के अमरोली, लूसी, पिपोला, पंकोला गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने से ग्रामीण परेशान है। पानी न आने के कारण ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान पैण्डुला सुनय कुकशाल, राहुल कुमार, भरोसी लाल, मुनेंद्र भंडारी ने कहा कि पैण्डुला, लूसी, अमरोली, पंकोला, पिपोला में लम्बे समय से पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो रही है। पानी न आने के कारण ग्रामीणों को एक किमी दूर अमरोली धारा से पानी ढोना पड़ रहा है। कहा कि पेयजल आपूर्ति न होने की शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन को की जा चुकी है, बावजूद भी सम्बंधित विभाग के अधिकारी समस्या का निस्तारण नहीं कर रहें है। इधर, जल संस्थान देवप्रयाग के अधिशासी अभियंता नरेश पाल ने बताया कि ग्रामीणों के ओंर से कोई भी पेयजल सम्बंधित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही पेयजल सम्बंधित समस्या का निस्तारण किया जायेगा।

### ग्रामीणों की सुविधा के लिए पहलगांव में लगा आधार कार्ड कैंप



**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के कड़ाकोट पट्टी के दुरस्त गांव पहलगांव के कृषि केंद्र में शुक्रवार को आधार कार्ड कैंप आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने आधार कार्ड में हुई त्रुटियों को सही करवाया। शुक्रवार को जिलाधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित के दिशा-निर्देशन में 6 जून तक आधार कैंप आयोजित किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कपरोली निवासी नरेंद्र संजय सिंह ने बताया कि गांवों के आस-पास के क्षेत्र में कहीं भी आधार केंद्र न होने के कारण ग्रामीणों को कीर्तिपगर और श्रीनगर का सफर तय करना पड़ता था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए उन्होने जिलाधिकारी टिहरी से पहलगांव में आधार कार्ड कैंप लगवाने की मांग की थी। बताया कि जिलाधिकारी टिहरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पहलगांव में आधार कार्ड कैंप लगवाया। बताया कि कैंप लगने से कड़ाकोट पट्टी के खोला, कमाद, कपरोली, धारी ढूंढसिर, कोटि, थापली, धारकोट, सरकेना आदी गांवों को आधार कार्ड कैंप का फायदा मिलेगा। उन्होने आधार कार्ड कैंप लगाने पर जिलाधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रेनबो स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप का समापन

**श्रीनगर।** रेनबो पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। छात्रों को रचनात्मक, शिक्षाप्रद और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से सार्थक बनाने के उद्देश्य से लगे समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान छात्रों ने कला एवं शिल्प, नृत्य, संगीत, योग, खेलकूद, विज्ञान भ्रमण,फायर लेस कुकिंग, पूल पार्टी, क्राफ्ट, कंप्यूटर प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गये। योग और ध्यान सत्रों के माध्यम से छात्रों को मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने के गुर सिखाए गए। वहीं दूसरी ओर खेलकूद और आउटडोर गतिविधियों भी करवाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर रेखा उनियाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

### अतुल राजेन्द्र कांबले को गिरधारीलाल आर्य स्मृति उत्तराखंड सम्मान से किया गया सम्मानित

**कोटद्वार।** आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में उरुलीकांचन पुणे स्थित साम्ययोग आश्रम के ट्रस्टी अतुल राजेन्द्र कांबले को सामाजिक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने पर गिरधारीलाल आर्य स्मृति उत्तराखंड सम्मान -2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आरंभ करते हुए ट्रस्ट संस्थापक अध्यक्ष डा. सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में भूदान आंदोलन के प्रणेता रहे स्व. स्वामी योगानंद महाराज ने पुणे में साम्ययोग आश्रम की स्थापना की थी। वर्तमान में आश्रम का संचालन करते हुए ट्रस्टी अतुल राजेंद्र कांबले समाज सेवा में भी अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं, इसलिए ट्रस्ट की ओर से उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में शूरवीर खेतवाल, डॉ. मंजू रावत शाह, दीपक कुकरेती, यशपाल बिष्ट, किशन सिंह नेगी और बृजेन्द्र नेगी सहित ट्रस्ट से जुड़े अन्य लोग शामिल रहे।

संघ शिक्षा वर्ग में राष्ट्र गौरव, संस्कृति और सेवा भावना का समावेश

### संविधान से लेकर संतों तक, प्रदर्शनी में दिखा भारतीय ज्ञान का वैभव

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 15 दिवसीय प्रांतीय स्तरीय संघ शिक्षा वर्ग शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में प्रारंभ हुआ। इस वर्ग में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से आए लगभग 300 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संस्कृति, राष्ट्र गौरव और संघ के मूल्यों पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुई, जिसमें संविधान, वेद, ग्रंथ, पुराण, निशद और पंच परिवर्तन जैसे विषयों के साथ-साथ महान संतों, समाज सुधारकों और राष्ट्रभक्तों के जीवन से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, सह प्रांत कार्यवाह अनुज, वर्ग कार्यवाह रविंद्र, वर्ग पालक राकेश बडोनी, बौद्धिक प्रमुख हरीश, बौद्धिक पालक धनंजय तथा विभाग प्रचारक पारस द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उपस्थित स्वयंसेवकों को महापुरुषों के जीवन व योगदान की विस्तृत जानकारी दी। प्रदर्शनी में महर्षि वाल्मीकि, परशुराम, महाराणा प्रताप, संत रविदास, राजा सूरजमल, महाराजा अग्रसेन, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, राजा मिहिर भोज, डॉ. नित्यानंद, मथुरा दत्त पांडेय, रमेश चंद्र गार्ग्य, महावीर रावत, रोशन लाल जैसे महान व्यक्तित्वों के जीवनवृत्त को प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर गोपेश्वर में संगोष्ठी आयोजित

■ पत्रकारिता में योगदान के लिए पत्रकारों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिला सूचना विभाग और जिला प्रेस क्लब की ओर से हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शुक्रवार को संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में उत्तराखंड की हिन्दी पत्रकारिता में महिलाओं की भूमिका और चुनौतियां विषय में चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने किया। इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

जिला प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पत्रकारिता समाज और लोकतंत्र की कसौटी का कार्य करती है। ऐसे में पत्रकार की समाज के प्रति जवाबदेही और जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने पत्रका. रिता के छात्रों को पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के लिए तथ्यों की जानकारी के लिए अध्ययनशील रहने की बात कही। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट ने पत्रकारिता के सिद्धांत और पत्रकारिता में तथ्यों की आवश्यकता को लेकर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता ओम प्रकाश भट्ट और डा. डीएस नेगी ने पत्रकारिता की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता में जहां सुरक्षित भविष्य की चिंता बड़ी चुनौती है। वहीं उत्तराखण्ड की पत्रका. रिता में महिला पत्रकार के रुप में रोल मॉडल की कमी के चलते महिलाएं इस क्षेत्र में अभी सीमित संख्या में ही कार्य कर रही है। समीर बहुगुणा ने तथ्यात्मक पत्रकारिता को सुरक्षित करने के लिए अध्ययन और विषय की जांच को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान प्रेस क्लब के महामंत्री दिनेश जोशी, शेखर रावत, विमल लिंगवाल, लक्ष्मण नेगी, लक्ष्मी प्रसाद कुमेड़ी, अनिल राणा ने भी पत्रकारिता में महिलाओं की स्थिति और चुनौतियों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान पत्रकार सुभाष पिमोली और लक्ष्मी भंडारी को स्वर्गीय विशम्भर दत्त खंडूरी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष देवेंद्र रावत को बीना स्मृति सम्मान और क्रांति भट्ट को चतुर्थ पण्डित स्वर्गीय श्री योगेश्वर प्रसाद मैठाणी सम्मान से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी अनुज कुमार, जितेंद्र कुमार, मोनिका नेगी, शिवानी बिष्ट आदि मौजूद थे।

# एनबीडब्ल्यू वारंटी महिपाल सिंह नेगी को कोटी कॉलोनी से दबोचा

■ न्यायालय से जारी वारंट पर नई टिहरी पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** कोतवाली नई टिहरी पुलिस ने न्यायालय से जारी फौजदारी वाद के एक महत्वपूर्ण मामले में वांछित चल रहे एनबीडब्ल्यू वारंटी महिपाल सिंह नेगी उर्फ गोविन्द सिंह नेगी (57 वर्ष) पुत्र कमल सिंह नेगी निवासी ग्राम बागी टोड़ी, भागीरथीपुरम, टिहरी गढ़वाल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को कोटी कॉलोनी खांडखाला क्षेत्र में दबिश देकर गिरफ्तार किया।

पुलिस की यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में की गई, जिसमें काफी समय से फरार चल रहे वारंटी की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक कमल कुमार, पदम सिंह और सुरेंद्र सिंह सहित पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही। टीम ने संयोजन और सतर्कता के साथ वारंटी को पकड़ने में सफलता हासिल की, जो कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## छात्रों से सुनने एवं बोलने की क्षमता संवर्धन पर की गई चर्चा

**लैंसडौन।** जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत राइंका मठाली में जारी समर कैंप में शक्रवार को छात्रों को सुनने एवं बोलने की क्षमताओं के संवर्धन पर जानकारी दी गई। कैंप का शुभारंभ संस्कृत वंदना एवं प्रतिज्ञा के साथ किया गया। तत्पश्चात आक. ाशवाणी नजीबाबाद की उद्घोषिका रेनू कोटनाला ने छात्रों को सुनने एवं बोलने की क्षमता संवर्धन पर विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। मौके पर उन्होंने बच्चों द्वारा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से सम्बन्धित सवालों का समाधान भी किय। वहीं संस्कृत भाषा में वीर कप्फू चौहान लघु नाटिका के मंचन के साथ ही अंग्रेजी भाषा के अन्तर्गत स्मृति पर आधारित घटना का अभ्यास करवाया गया।

# तीन दिवसीय चिकित्सा व काउंसलिंग सत्र का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडौन।** आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में एमएच लैंसडौन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चिकित्सा एवं काउंसलिंग शिविर का समापन हुआ। इस चिकित्सा शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान जनरल हेल्थ चेकअप, नेत्र परीक्षण, दंत चिकित्सा, रक्तचाप, मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। कमांडिंग ऑफिसर ने मुख्य अतिथि को पूरे तीन दिन की आख्या प्रस्तुत की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने कमांडिंग ऑफिसर एवं उनकी पूरी टीम की सराहना की और कहा कि इस तरीके के मेडिकल कैंप बच्चों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके शैक्षणिक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होते हैं। कहा कि इस प्रकार के शिविर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। मेजर बिनी व मेजर अर्शप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को बुलींग विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कर्नल कुलदीप सिरोही, सेना मेडल ने स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला और भविष्य में ऐसे शि. विरों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने स्कूल मैनेजमेंट एवं लेफ्टिनेंट कर्नल हरनीत कौर ढींढसा, सीओ, एमएच लैंसडौन एवं उनकी पूरी टीम का इस शिविर के सफल आयोजन के लिए आभार प्रकट किया।

# आगामी पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा शुरू

■ पोर्टल पर अब देख सकेंगे पंचायत मतदाता सूची में अपना नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल के मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) वरूणा अग्रवाल ने जानकारी दी है कि त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी सामान्य निर्वाचन को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए एक विशेष ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। आयोग के मतदाता सूची पोर्टल पर अब पंचायत क्षेत्र के मतदाता अपने नाम को आसानी से खोज सकते हैं। इसके लिए पोर्टल पर श्पंचायत मतदाता खोजेंश् विकल्प पर क्लिक करना होगा, जिससे मतदाता अपने नाम की पुष्टि कर सकते हैं।

वरूणा अग्रवाल ने बताया कि आयोग द्वारा गत दिनों घर-घर जाकर मतदाता सूची का विस्तृत पुनरीक्षण कराया गया था, जिसके आधार पर दिनांक 17 जनवरी, 2025 को अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली तैयार की गई है। इस अंतिम सूची में सम्मिलित मतदाताओं के नाम अब पोर्टल पर सुलभ रूप से उपलब्ध हैं और कोई भी मतदाता अपने विवरण वहां से देख सकता है। उन्होंने आगे बताया कि कुछ मतदाताओं के नाम तकनीकी या अन्य कारणों से इस अंतिम नामावली में सम्मिलित नहीं हो पाए थे।

ऐसे पात्र मतदाताओं को एक और अवसर प्रदान किया जा रहा है। आयोग द्वारा 01 मार्च से 22 मार्च, 2025 तक राज्य भर की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामवार बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर अनुमोदन के बाद छूटे हुए नामों को भी पोर्टल पर जोड़ा जाएगा, जिससे वे आगामी पंचायत चुनाव में मतदान करने से वंचित न रह जाएं। वरूणा अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि राज्य निर्वाचन आयोग की यह पहल इस दिशा में है कि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न हो।

# उलार रचनात्मक समर कैंप का हर्षोल्लास के साथ समापन

■ वुडस्टाक स्कूल के लिए चयनित छात्रा आराना को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह खिर्सू में चल रहे चार दिवसीय उलार रचनात्मक समर कैंप का समापन शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। शिविर के अंतिम दिन विविध रचनात्मक, शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों के साथ प्रतिभागी बच्चों ने अपने अनुभवों को साझा किया।

इस शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों से आए 50 बच्चों ने भाग लिया। इनमें कई ऐसे बच्चे भी शामिल हुए, जो पूर्व में श्रीनगर और कीर्तिनगर के शिविरों का हिस्सा रह चुके हैं। आयोजित शिविर में संयुक्त उप जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. रचित गर्ग, डा. मारिषा पंवार, डा. दिगपाल दत्त, डा. मोहित कुमार एवं डा. सचिन चौबे ने छात्रों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर श्रीनगर गढ़वाल की आठवीं कक्षा की छात्रा आरना भट्ट को सम्मानित किया गया, जिन्हें मसूरी स्थित प्रतिष्ठित वुडस्टाक स्कूल में पढ़ाई के लिए 32 लाख वार्षिक की पूर्ण छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है। शिक्षक महेश गिरी ने बताया कि यह छात्रवृत्ति अमेरिका स्थित टिम्बरलाइन फाउंडेशन द्वारा दी गई है।

# रेला तक चलने वाले इस अभियान में हर बूथ पर होगा हरियाली का विस्तार

■ मतदाता, पर्यावरण और सहभागिता "एक साथ जुड़ेंगे इस अनूठे अभियान में"

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर आगामी 5 जून से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष पौधारोपण अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है। इस अभियान को लेकर गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप टिहरी गढ़वाल वरूणा अग्रवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान के क्रियान्वयन को लेकर व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड के दिशा-निर्देशों के तहत जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी मतदान केंद्रों पर यह पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 5 जून, पर्यावरण दिवस से प्रारंभ होकर हरेला पर्व तक जारी रहेगा। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं ईवीएम वेयरहाउस सहित सभी संबंधित कार्यालयों में अधिकारियों की निगरानी में पौधारोपण किया जाएगा, जबकि मतदान केंद्रों पर बीएलओ और उनके पर्यवेक्षक इस कार्य का संचालन करेंगे। पौधारोपण अभियान को प्रभावी और व्यापक बनाने के लिए जिला स्तर पर प्रभागीय वनाधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी को प्रत्येक मतदान स्थल पर पौधों की आपूर्ति सुनिश्चित करने, बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करने, आम नागरिकों एवं मतदाताओं को इस अभियान में भाग लेने हेतु प्रेरित करने, कार्यक्रम स्थल पर मतदाता शपथ दिलवाने एवं संपूर्ण कार्यक्रम की वीडियो और तस्वीरें जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सीडीओ ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पौधारोपण कार्यक्रमों में 30-30 प्रतिशत नए मतदाता, बुजुर्ग मतदाता एवं महिला मतदाता और 10 प्रतिशत अन्य वर्गों के मतदाता अवश्य शामिल हों। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक पौधे के साथ लगाव का भाव विकसित करने के उद्देश्य से जो भी व्यक्ति पौधा लगाएगा, वह उसकी देखरेख एवं संरक्षण की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेगा और इसके लिए शपथ पत्र भरेगा। मतदेय स्थलों पर रोपे गए पौधों की निगरानी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य अथवा प्रधानाध्यापक के जिम्मे होगी। सुनिश्चित किया गया कि पौधों को समय-समय पर पानी, जैविक खाद दी जाएगी और लगभग डेढ़ महीने के अंत. राल पर उनके आसपास की निराई-गुड़ाई की जाएगी, ताकि पौधे सुरक्षित और जीवित रह सकें। बैठक में डीडीओ मो. असलम, एडीईओ निर्वाचन विजय तिवारी, तहसीलदार टिहरी मो. शदाब, ईओ नगरपालिका परिषद नई टिहरी संजय कुमार शारीरिक रूप से तथा अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

# मानसून सत्र को लेकर राज्य आपदा प्रबंधन हुआ अलर्ट

■ अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा बोले बरसात से पहले सभी तैयारियां कर ली जाएगी पूर्ण



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने शुक्रवार को देहरादून राजपुर रोड़ स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में चारधाम यात्रा एवं आगामी मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने आपदा प्रबंधन के तहत जनहित से जुड़े सभी कार्यो को मानसून से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उपाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि आपदा राहत एवं बचाव कार्यो में सभी विभाग टीम भावना एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करें और आपदा प्रबंधन के तहत जनहित से जुड़े कार्यो को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समयबद्वता के साथ पूरा किया जाए। कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुसार आपसी समन्वय एवं सहयोग से ही हम आपदा की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाएंगे।उपाध्यक्ष ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून से पहले नदी, नहर और बरसाते नालों को चौनलाइज करने का काम हर हाल में पूरा करें। ताकि पानी का प्रवाह स्मूथ बना रहे और बरसात में किसी प्रकार का नुकसान न हो। एनएच, पीएमजीएसवाई एवं लोक निर्माण विभाग को निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करने, सड़कों को गढ्डामुक्त बनाने, सड़क किनारे नालियां, स्कवर की साफ-सफाई कराने और सड़कों की मौजूदा स्थिति का स्वयं आंकलन करने के निर्देश दिए। कहा कि सड़कों के किनारे पडे मलबे का त्वरित निस्तारण करें। मानसून सत्र के लिए जेसीबी ऑपरेटर, जेई, एई सबके संपर्क नंबर अपडेट रखें। मानसून के दौरान कोई भी अधिकारी अपना फोन बंद न रखे।इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर किए जा रहे कार्यो की प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, एसडीएम हरिगिरी सिंह, एसडीएम प्रत्यूष सिंह, एसडीएम अपूर्णा ढौडियाल, एसडीएम विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, सीवीओ डॉ विद्यासागर कापडी, सीईओ वीके ढौंडियाल, डीडीएमओ ऋषभ कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे।

## छावनी बाजार सहित 100 से अधिक गांवों में दिनभर ठप रही बिजली आपूर्ति

**चकराता।** छावनी बाजार स्थित ऊर्जा निगम उपखंड कार्यालय के अंतर्गत आने वाले सौ से अधिक गांवों में शुक्रवार को बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुई विद्युत आपूर्ति की समस्या के कारण छावनी बाजार, मोहनखत, सैली, बनगांव, उपलगांव, जाड़ी और कमांडण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं होने के कारण लोगों को न केवल रोजमर्रा के कार्यों में परेशानी आई, बल्कि गर्मी के चलते बच्चों और बुजुर्गों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। व्यवसायिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं, जिससे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। इस संबंध में विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ढकरानी पावर हाउस में तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने बताया कि फॉल्ट को ठीक करने का कार्य जारी है और संभावना है कि शाम छह बजे तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# कबूतर बाजी के जाल में फंसे दर्जनों लोग, करोड़ों का लगा चुना

■ क्षेत्राधिकारी सदर के दरबार में पहुंचे पीड़ित ■ आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही को लेकर की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून ।** विदेश में बड़ी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी के विरुद्ध शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी सदर के कार्यालय में दर्जन लोगों ने आकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। बताया गया है कि कबूतर बाजी के इस खेल में लोगों से आरोपी ने करोड़ों रुपए की वसूली की है। जिसे लेकर लोगों में घुसा उत्पन्न था।

सूत्रों के अनुसार क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी के दरबार में आकर पीड़ितों ने बताया कि ऋषिकेश कोतवाली क्षेत्र के श्यामपुर निवासी सोमेंद्र चौहान वीरमो इंटरनेशनल कंपनी के नाम से लोगों को विदेश में बड़ी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करता आ रहा है। इस दौरान आरोपी ने हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड सहित कई राज्यों के लोगों से लाखों रुपए की विदेश में बड़ी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। आरोप है कि रसिया सहित कई देशों में लोगों को भेजा गया और 5 लाख रुपये की प्रत्येक व्यक्ति से वसूली गई। विदेश में गए लोग परेशान हालत में वापस लौटे तो उन्होंने आरोपी से अपने रूपयो की मांग की। जिसके चलते आरोपी ने उन्हें रुपए देने से मना कर दिया और उल्टा उन्हें धमकाने लगा। यही से कबूतर बाजी का खेल का खुलासा हुआ।एक पीड़ित ने कुछ दिन पूर्व आरोपी के विरुद्ध एक मुकदमा भी दर्ज हुआ था। क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़ितों द्वारा दी गई शिकायती पत्र के आधार पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी ओर आरोपित बनाए गए कबूतर बाजी के मास्टरमाइंड सोमेंद्र चौहान का कहना है कि उन्होंने जिन लोगों से पैसे लिए हैं उनके पैसे वापस किए जाएंगे। राजधानी देहरादून के अलग-अलग हिस्सों में कबूतर बाजी के खेल में लगे दर्जनों लोग विदेश में नौकरी दिलाने के लिए लोगों को उल्लू बनाकर उनसे रुपए उतारने की फिराक में जुटे रहते हैं।

## कांडोई धार में अयोजित की जायेंगी खेलकूद प्रतियोगिता

**सहिया ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** खत अठगांव-चन्दोऊ की बैठक खत के केन्द्र बिन्दु काण्डोई धार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खत के सदर स्याणा राजेन्द्र सिंह तोमर ने की। बैठक में खत के सभी 10 गांवों चन्दोऊ, खोई, सुपोऊ, केशऊ, सैंज, देलऊ, टैपोऊ, टिमरा, आरा, मरलोऊ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि खत के केन्द्र बिन्दु कांडोई धार में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने के लिए खत द्वारा पर्वतीय प्रगति मण्डल खत अठगांव समिति का गठन किया गया। जिसमें दीवान सिंह तोमार चन्दोऊ को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में खत के विकास कार्यों, स्वास्थ, शिक्षा, पेजजल एवं अन्य निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा की गई। खत अठगांव के केन्द्र बिन्दु कांडोई धार में इस वर्ष प्रथम बार खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, टिहरी की सांसद मालाराज्य लक्ष्मी शाह, विधायक प्रीतम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामशरण नौटियाल, जिला पंचायत प्रशासक मधु चौहान आदि जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जायेगा।

# उत्तराखंड ने हाई लेवल मीटिंग में पेश की स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियाँ

■ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की आयोजित वर्चुअल बैठक में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ रावत



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में प्रतिभाग किया। इस बैठक में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में टीबी और खसरा-रूबेला उन्मूलन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त निधियों के उपयोग की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. रावत ने केंद्रीय मंत्री को राज्य में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों और प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में 100 दिवसीय तीव्र टीबी उन्मूलन अभियान को जनभागीदारी के साथ लागू किया गया है, विशेषकर आदिवासी और उच्च-प्रभावित क्षेत्रों में लक्ष्य आधारित कार्यवाही की जा रही है। डॉ. रावत ने राज्य में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन

के अंतर्गत चल रही योजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के उन्नयन, रोग निगरानी प्रणाली के विस्तार और स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डॉ रावत ने खसरा और रूबेला उन्मूलन की दिशा में की गई प्रगति पर भी प्रकाश डाला।

नियमित टीकाकरण अभियानों, बेहतर केस ट्रैकिंग, और विभिन्न विभागों के समन्वय से उत्तराखंड इस राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। कोरोना संक्रमण की संभावित चुनौतियों को देखते हुए डॉ. रावत ने राज्य की तैयारियों की भी जानकारी दी, जिसमें ऑक्सीजन आपूर्ति प्रणाली की मजबूती, आवश्यक दवाओं का भंडारण और स्वास्थ्यकर्मियों का नियमित प्रशिक्षण शामिल है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, डॉ सुनिता टम्टा, महानिदेशक स्वास्थ्य, डॉ मनु जैन आदि उपस्थित थे।

### नड्डा ने की टीबी मुक्त भारत अभियान में किए गए प्रयासों की सराहना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यों द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान में किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जनभागीदारी, नियमित राज्य स्तरीय समीक्षा, अभियान की पुनः रणनीति, अधिक एनएएटी जांच और पोषण योजनाओं के व्यापक क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीबी की दर को प्रति लाख जनसंख्या पर 47 से नीचे और मृत्यु दर को 3 से नीचे लाने के लिए प्रारंभिक और समग्र परीक्षण आवश्यक है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की और स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर प्रगति बनाए रखने का आह्वान किया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर 'एक संवाद: वीर सैनिकों के साथ'

■ दून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हुए शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर 'एक संवाद: वीर सैनिकों के साथ' कार्यक्रम का देहरादून के गढ़ी कैंट क्षेत्र में आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सेवानिवृत्त सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए एक सेंटर बनाया जायेगा। सैनिक कल्याण विभाग द्वारा इसके लिए कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी शामिल हुए।

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमला कर देश और दुनिया को झकझोर कर रख दिया था। 7 मई को हमारी सेनाओं ने 9 बड़े आतंकी अड्डों को तबाह किया, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इस अवसर पर सचिव सैनिक कल्याण दीपेन्द्र चौधरी, स्टेशन कमांडर आर.एस.थापा, निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर (से.नि.) अमृत लाल, उपनल के एमडी ब्रिगेडियर (से.नि.) जे.एन.एस.बिष्ट सहित रक्षा सेनाओं के सेवानिवृत्त अधिकारी ले.जनरल ए.के.सिंह, रियर एडमिरल ओ.पी.एस.राणा, एयर मार्शल डी.एस.रावत, ले.जनरल टी.पी.एस.रावत, रियर एडमिरल अनुराग थपलियाल, मेजर जनरल ओ.पी. सोनी, मेजर जनरल डी.अग्निहोत्री, मेजर जनरल पी.एस.राणा, मेजर जनरल नीरज वर्मा, मेजर जनरल आनंद सिंह रावत, मेजर जनरल एम.एस.असवाल, मेजर जनरल के.डी. सिंह, ब्रिगेडियर के.जी.बहल और

### वीरों की भूमि, राष्ट्रभक्तों की भूमि: गणेश जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड वीरों की भूमि है, राष्ट्र भक्तों की भूमि है। उन्होंने कहा कि देश को रक्षा के लिए हर पांचवा सैनिक उत्तराखंड से होता है। प्रथम विश्व युद्ध से लेकर आज तक राज्य के हजारों रणबांकुरे भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रत्येक युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद अब भारत को डरा नहीं सकता अब भारत आतंक के गढ़ में घुसकर उसका खात्मा करना जानता है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा गुरू तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस

**देहरादून ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में गुरू तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस धूमधाम से मनाए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया है। ज्ञातव्य है कि 22 मई को मुख्यमंत्री द्वारा ऋषिकेश में श्री हेमकुंड साहिब की पवित्र यात्रा के कपाट खुलने के अवसर पर इसकी घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन करने के पश्चात गुरू तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जायेगा।

# सीएम की घोषणाओं वाले काम को दें प्राथमिकता: वर्धन

■ मुख्य सचिव ने सीएम घोषणाओं की अफसरों के साथ की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव ने सीएम घोषणाओं को पूर्ण किए जाने में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित एवं राज्य हित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने योजनाओं को पोर्टल पर लगातार अद्यतन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को घोषणाओं की प्रगति की अद्यतन सूचना मुख्यमंत्री घोषणा सेल को समय-समय पर उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने शासन को टीएसी एवं ईएफसी आदि के लिए भेजे गए प्रस्तावों को एक माह में निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। शहरी विकास, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग एवं सिंचाई विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सीएम घोषणाओं पर विभागों की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की। इस अवसर पर सचिव नितेश कुमार झा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, एस.एन. पाण्डेय एवं महानिदेशक शिक्षा अभिषेक रोहेला आदि उपस्थित थे।

## दून शहर में नए पार्किंग स्थल चिन्हित के मुख्य सचिव के निर्देश

■ देहरादून शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चिंतित हुआ शासन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** दून शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब शासन सरकार को भी चिंतित करने लगी है। यातायात व्यवस्था को लेकर एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण सहित सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून शहर की यातायात संकुलन की समस्या को दूर करने हेतु यातायात प्रबंधन योजना को सभी सम्बन्धित विभाग आपसी तालमेल से धरातल पर उतारें।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी देहरादून को शहर के यातायात संकुलन को कम करने के लिए चिन्हित चौराहों में सुधार पर शीघ्र कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, अपर सचिव रीना जोशी, पूजा गरब्याल, नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून नमामि बंसल एवं उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से बृजेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं, मुख्य सचिव ने एमडीडीए को आढ़त बाजार को शिफ्ट किए जाने को कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# चकराता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिफ्ट करने की योजना का विरोध

■ जन प्रतिनिधियों ने इस कदम को बताया जनविरोधी, उग्र आंदोलन की चेतावनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** छावनी बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चकराता से ग्वासा पुल के पास शिफ्ट करने की योजना का स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध किया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि अस्पताल को चकराता से स्थानांतरित किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि यह अस्पताल पिछले कई वर्षों से चकराता बाजार में संचालित हो रहा है और जौनसार-बावर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए यह एकमात्र सुलभ स्वास्थ्य केंद्र है। छावनी परिषद द्वारा हाल ही में अस्पताल की भूमि खाली करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी किया गया, जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्रामसभा मोहना में वैकल्पिक भूमि का निरीक्षण किया गया। डिप्टी सीएमओ डॉ. दिनेश चौहान द्वारा निरीक्षण की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद इस प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान, छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना, पूर्व सदस्य कमल रावत, आनंद राणा, तीर्थ कुकरेजा, संजय जैन सहित कई स्थानीय व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस कदम को जनविरोधी बताया। उनका कहना है कि चकराता भौगोलिक रूप से पूरे क्षेत्र का केंद्र बिंदु है।

व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि यदि अस्पताल को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी, तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे और बाजार बंद कर देंगे। इस संबंध में संपर्क करने पर डॉ. दिनेश चौहान ने बताया कि छावनी परिषद के नोटिस के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर ही अन्य विकल्पों की तलाश की जा रही है। छावनी परिषद चकराता के सीईओ आर.एन. मंडल ने बताया कि एक डेढ़ साल पहले नोटिस दिया था। सीएचसी को हाईवे पर सरकारी भूमि पर आस पास में शिफ्ट कर दिया जाता है तो इससे मौजूदा कैंट बोर्ड की जमीन परिषद को वापस मिलती, जिसे पार्किंग के उपयोग लाया जा सकता है।

## कोरोनेशन व पर्यटन स्थल गुच्चुपानी में हिलांस आउटलेट का सीएम करेंगे लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर महिला समूह के संकल्प को हिलांस आउटलेट के माध्यम से महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने तथा राज्य की महिला समूहों के उत्पादों को विपणन की सुविधा, जन सामान्य को पयर्टन एवं सार्वजनिक स्थ्लों में आधुनिक आउटलेट,कैफे,रेस्टोरेंट, कैंटीन निर्माण कार्य पूर्ण हुआ।जिसके फलस्वरूप कोरोनेशन एवं पर्यटन स्थल गुच्चुपानी में महिला समूहों द्वारा संचालित आधुनिक आउटलेट धरातल पर नजर आने लगी है।जिसका मुख्यमंत्री जी द्वारा शीघ्र लोकर्पाण किया जाएगा।

जनपद में स्वयं सहायता समूहों का आजीविका बढाने तथा राज्य के स्थानीय उत्पादों को विपणन हेतु प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशन में आधुनिक आउटलेट/कैफे/रेस्टोरेंट खोले जाने की योजना के अन्तर्गत शुरूआती चरण में 4 स्थानों कचहरी परिसर, सुद्धोवाला (पंचायतघर के निकट), कोरोनेशन हास्पिटल, गुच्चुपानी में आधुनिक आउटलेट/कैफे/रेस्टोरेंट, खोले गए हैं। इन आउटलेट के खुलने से जहां जनमानस को जहां पौष्टिक भोजन एवं आर्गेनिक उत्पाद मिलेंगे, वहीं महिला स्वंय सहायता समूहों को रोजगार के साथ ही उनके उत्पादों को विपणन की सुविधा के लिये उचित प्लेटफार्म मिलेगा।

# हर वर्ष नियमित रूप से आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सुपरवाइजर के 50 फीसदी पदों पर मिलेगी पदोन्नति:रेखा आर्या



■ आंगनबाड़ी कार्यकत्री से काम कराएंगे तो देना होगा टीए डीए ■ आंगनबाड़ी के रिटायरमेंट वाले दिन ही मिलेगा कल्याण कोष का पैसा ■ बिना विभागीय अधिकारी की अनुमति दूसरे विभाग नहीं ले सकेंगे काम ■ मोबाइल रिचार्ज का बकाया तुरंत जारी करने के निर्देश

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** दूसरे विभागों को अब अगर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से कोई काम लेना है तो उन्हें आने-जाने का किराया भत्ता और खाने का भत्ता देना होगा। शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आंगनबाड़ी संगठनों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिए।

प्रदेश के 6 आंगनबाड़ी संगठनों के साथ यह बैठक विधानसभा स्थित सभागार में आयोजित की गई थी। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि दूसरे विभागों द्वारा बताए गए काम के कारण हमारे अपने काम प्रभावित होते हैं और हमें ऐसे काम करने के लिए कोई किराया या खाना भी नहीं दिया जाता। इस पर विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कोई विभाग अपना काम कराता है तो उन्हें टीए और डीए देना होगा। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग से इसकी पूर्व अनुमति भी लेनी होगी। मंत्री ने अधिकारियों को इस बारे में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मानदेय बढ़ाने की मांग पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विभाग के अधिकारी सभी हिमालयी राज्यों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिए जा रहे मानदेय का अध्ययन करें और यह सुनिश्चित करें कि उत्तराखंड में अन्य हिमालयी राज्यों के मुकाबले मानदेय तुलनात्मक रूप से ज्यादा दिया जा सके। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सुपरवाइजर के 50 फीसदी पदों पर पदोन्नति के जरिए की जाने वाली भर्ती को हर साल नियमित रूप से करने के निर्देश दिए।

बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठनों की एक शिकायत यह भी थी कि रिटायरमेंट के समय उन्हें मिलने वाला कल्याण कोष का पैसा देरी से मिलता है। इस पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिटायरमेंट के 2 महीने पहले ही कागजी कार्रवाई पूरी कर ली जाए जिससे भविष्य में उन्हें रिटायरमेंट के दिन ही कल्याण कोष की धनराशि दी जा सके। कैबिनेट मंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिलने वाला मोबाइल रिचार्ज का पिछले 1 साल का बकाया धन तुरंत जारी करने के निर्देश जारी किए हैं।

इसके अतिरिक्त बैठक में संगठनों के सामने विभाग की प्रस्तावित योजना का खाका भी रखा गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सरकार के अंशदान के जरिए उन्हें रिटायरमेंट के समय एक लाख रुपए से अधिक की धनराशि दिए जाने का व्यवस्था की गई है। कैबिनेट मंत्री ने संगठनों से कहा कि अगर वह इस पर सहमति देंगे तो आगे कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निदेशक प्रशांत आर्य, सीपीओ मोहित चौधरी, आरती बालोदी, अंजना गुप्ता, राजीव नयन व आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

## झमाझम बारिश से चकराता में लौटी जनवरी जैसी ठंड

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** शुक्रवार सुबह से ही चकराता छावनी क्षेत्र में झमाझम बारिश ने लोगों को फिर से सर्दी का एहसास करा दिया। अचानक बदले मौसम ने गर्मी भरे दिनों को ठिठुरन में बदल दिया और पूरा क्षेत्र मानो जनवरी की ठंड में लिपटा नजर आया। बारिश के चलते छावनी बाजार में लोग गरम जैकेट, स्वेटर और ऊनी कपड़ों में नजर आए। कई स्थानों पर लोग बूटा (भुना हुआ मक्का) खाते हुए अलाव तापते दिखाई दिए।

बारिश और ठंड के कारण बाजार में रौनक भी नदारद रही। छावनी बाजार के दुकानदार ग्राहकों की बाट जोहते रहे, लेकिन अधिकतर दुकानें वीरान सी नजर आईं। व्यापारियों ने बताया कि मई-जून के महीनों में आमतौर पर पर्यटकों की अच्छी-खासी भीड़ होती है, लेकिन इस बार मौसम की मार और लगातार बदलते हालातों के चलते सैलानी भी कम ही दिख रहे हैं।

होटल, रेस्टोरेंट और रिजॉर्ट संचालकों की चिंता भी बढ़ गई है। होटल स्वामी देवेंद्र चौहान, शूरवीर चौहान, रविंद्र चौहान, अनिल चौहान, हरचरण सिंह आदि ने बताया कि हम पूरे साल गर्मियों के सीजन का इंतजार करते हैं, लेकिन इस बार तो स्थिति पूरी तरह उलट है। ना पर्यटक हैं और ना ही कारोबार चल रहा है।

## अंकिता का फैसला देर से आया लेकिन सही आया: जैन

**विकासनगर।** बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोर्ट से आया फैसले को कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष विपुल जैन ने न्याय पालिका के दिए निर्णय को देर से आया ही सही परन्तु न्याय की जीत बताया है। विपुल ने कहा कि पूरा प्रदेश उक्त महिला उत्पीड़न प्रकरण में टकटकी लगा कर फैसले का इंतजार कर रहा था, चार्जशीट दाखिल किये जाने पर, दोषी जन को फांसी की सजा की उम्मीद आमजन को थी। फैसले के खिलाफ किसी भी उच्च न्यायालय में दोषियों द्वारा अपील की कोशिश के खिलाफ केविएट की मांग प्रदेश सरकार से कांग्रेस पार्टी करेगी, ताकि पीड़ित के परिवार को समय पर मानसिक एवं आर्थिक सपोर्ट मिल सके।

## प्रेस क्लब में किया हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन

# ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के ऊपर किया बारूद का काम : त्रिवेंद्र सिंह रावत

**ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया में भारत की पराक्रमी छवि बनायी : राय**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पहलगाम में आतंकी घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में पराक्रमी भारत की छवि बनाई है और पाकिस्तान को माकूल जवाब देकर दुनिया में उसके दोगले चरित्र को उजागर किया। प्रेस क्लब द्वारा आयोजित हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह में मुख्य वक्ता पद्म भूषण देश के वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मीडिया की भूमिका को सकारात्मक बताया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सिंदूर ने पाकिस्तान के ऊपर बारूद का काम किया है और जिस तरह से भारत ने पाकिस्तान को जवाब दिया है।

हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह के दौरान मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार पद्म भूषण राम बहादुर राय ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए मीडिया की भूमिका को सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले और ऑपरेशन के बाद भारतीय मीडिया खासकर प्रिंट मीडिया ने बहुत बढ़िया कवरेज की है और बहुत सजग रही और मीडिया ने सकारात्मक भूमिका निभाते हुए न केवल भारतीय जनमानस को आश्वस्त किया और उन्हें प्रेरित भी किया कि वह सेना और सरकार पर भरोसा बनाए रखे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश को दुनिया भर में पराक्रमी भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना अन्य घटनाओं से कई मायनों में अलग रही है। उन्होंने कहा कि पाक समर्थित आतंकियों ने पहलगाम घटना भारत के सहअस्तित्व, सद्भाव, सहिष्णुता और लोकतंत्र की भावना पर हमला था और उन्होंने इस घटना से यह संदेश देने की कोशिश की कि हिन्दू मुस्लिम और ईसाई एक साथ नहीं रह सकते।

उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना में आतंक का नया स्वरूप दिखाई दिया। जबकि आतंकियों ने तीसरा संदेश यह देने की कोशिश की कि यह देश की धार्मिक स्वतंत्रता पर बड़ा हमला है और जिस सिद्धांत पर देश का विभाजन हुआ था वह बनावटी था। उनका संदेश साफ है कि दो देश दो कौम है। आतंकियों का तीसरा मकसद काश्मीर में पर्यटन और तीर्थाटन को पटरी से उतरने की कोशिश थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम की घटना के वक्त अगर कोई दूसरी सरकार होती तो पहलगाम की घटना के बाद जो कड़े फैसले लिए गए वह नहीं हो पाते और पूर्ववर्ती सरकारों की तरह हम न तो हमला करते बल्कि दुनिया से हस्तक्षेप करने को कहते।



पूर्व मुख्यमंत्री हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जब जब भी नारी के सम्मान पर आघात हुआ है तब तब देश ने एकजुट होकर कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अपरेशन सिंदूर में सिंदूर ने बारूद का काम किया है और पाकिस्तान को उसकी हरकत का माकूल जवाब दिया गया। अब भविष्य में पाकिस्तान अगर फिर से इस तरह का दुस्साहस करेगा तो इससे भी भी खतरनाक परिणाम भुगतेगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की अंतरात्मा से जुड़ा और भारत ने एकजुट होकर बता दिया कि महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वाले का नाश कर दिया जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में मीडिया की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों ने सही खबरों को समाज तक पहुंचा कर उनके भीतर देशभक्ति का जज्बा भर दिया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सिंदूर का एक नया रूप शौर्य, पराक्रम, पुरुषार्थ और प्रचंडता के रूप में दुनिया के सामने आया है और संयम, संस्कृत साहसी भारत का प्रतीक बना। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में चार दिन में ही पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए जो देश की सेना के अदम्य साहस और देश के नेतृत्व की प्रखरता और प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि इन चार दिनों में देश की एकता, अखंडता और वैचारिक समानता दिखाई दी। उन्होंने देशवासियों से कहा कि जल्द ही पीओके भारत का हिस्सा होगा। उन्होंने पाकिस्तान की परमाणु बम की गीदड़ भभकी पर चुटकी लेते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया के सामने आ गई कि जिन परमाणु बमों की पाक धमकी देता है वह तो उसके है ही नहीं और उनका नियंत्रण तो विदेशी ताकतों के हाथों में है। हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह में हरिद्वार के तीन विश्वविद्यालयों, संस्कृत विश्वविद्यालय, देव संस्कृति विश्वविद्यालय और गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के हिंदी पत्रकारिता संकाय के टॉपर छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। प्रेस क्लब के दो पूर्व दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार मधुकांत प्रेमी स्मृति सम्मान उनके पुत्र पत्रकार अवनीश प्रेमी के साथ अतिथियों ने वरिष्ठ पत्रकार कौशल सिखौला को प्रदान किया। जबकि वरिष्ठ पत्रकार प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर पीएस चौहान स्मृति सम्मान उनकी पत्नी महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान के साथ अतिथियों ने युवा पत्रकार संदीप रावत को प्रदान किया गया। वरिष्ठ पत्रकार आदेश त्यागी के संयोजन में आयोजित समारोह का संचालन डा.रजनीकांत शुक्ला ने किया। प्रैस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महामंत्री दीपक मिश्रा ने सभी अतिथीयों का शॉल ओढ़ाकर, गंगाजली, रूद्राक्ष की माला व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष कांशीराम सैनी, सांस्कृतिक सचिव आशु शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत शुक्ला, सुनीलदत्त पांडे, संजय आर्य, संजय रावल, श्रवण झा, रामचंद्र कन्नौजिया अमित शर्मा, मनोज खन्ना, बालकृष्ण शास्त्री, राहुल वर्मा, सुनील पाल, संदीप शर्मा, परविंदर सिंह, संदीप रावत, शिवा अग्रवाल, कौशल सिखौला, अविक्षित रमन, बालकृष्ण शास्त्री, श्रवण झा, अनिरूद्ध भाटी, रतनमणी डोभाल, सूर्यकांत बेलवाल, रोहित सिखोला, एसएस जायसवाल, ललितेंद्र नाथ, कुलभूषण शर्मा, आशीष मिश्रा, सुदेश आर्या, कुमकुम शर्मा, प्रतिभा वर्मा, राधिका नागरथ, रमेश खन्ना, गोपाल रावत, गुलशन नैय्यर, दीपक नौटियाल, शिवकुमार शर्मा, राधेश्याम विद्याकुल, राजेंद्रनाथ गोस्वामी, सुरेंद्र शर्मा, कुशलपाल सिंह चौहान, डी. एस. वर्मा सहित प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार व अतिथी मौजूद रहे।

## गांजे के साथ महिला गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर स्मैक, चरस, गांजा आदि मादक पदार्थो की बिक्री और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने चैकिंग के दौरान महिला को गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को गिरफ्तार की गयी लालजीवाला झुग्गी झोंपड़ी निवासी आरोपी महिला के कब्जे से 1.6 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को पूछताछ में महिला ने बताया कि यात्रा सीजन में गांजा बेचकर पैसे कमाना चाहती थी। पुलिस टीम में एसआई चरण सिंह, महिला हेडकांस्टेबील शारदा, कांस्टेबल कमल मेहरा, संदीप रावत शामिल रहे।

## लंबित मांगों को लेकर निगम कर्मचारी नेताओं ने सौंपा नगर आयुक्त को ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम के कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर उत्तराखंड निकाय कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त से मिलकर ज्ञापन दिया और कर्मचारियों समस्याओं के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। मोर्चे के मुख्य संयोजक सुरेंद्र तेश्वर, संयोजक राजेंद्र श्रमिक, मुकुल जोशी, टंकार कौशल, आत्माराम बेनीवाल ने बताया कि मृतक आश्रित को नियुक्ति दिए जाने, कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने, कर्मचारियों के रुके हुए सभी देयों का शीघ्र भुगतान करने, पीएफ अग्रिम लेने की समय सीमा निर्धारित करने, वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जाने, मोहल्ला स्वच्छता समिति से हटाए गए कर्मचारियों को बहाल किए जाने, कर्मचारियों को अच्छे कपड़े की वर्दी वितरित करने, अवकाश अवधि में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन के साथ भुगतान करने, नगर निगम में संचालित कोऑपरेटिव सोसाइटियों मं बिचोलियों की भूमिका खत्म कर सीधे बैंक से ऋण उपलब्ध कराए जाने आदि मांगों के संबंध में नगर आयुक्त को अवगत कराया है। जिस पर नगर आयुक्त ने स्थानीय स्तर की समस्याओ के समाधान के लिए अपर नगर आयुक्त को आदेशित किया एवं प्रदेश स्तर की समस्याओं को अपने स्तर से शहरी विकास विभाग निदेशायल को प्रेषित करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रवीण तेश्वर, नानकचंद पीवाल, सलेकचंद, कुलदीप कांगड़ा, मनोज छाछर, प्रवीण कुमार, आनंद कांगड़ा, आदेश यादव, सन्नी कुमार, राहुल, अरुण, उमेश, शुभम, सुधाकर, अजय कुमार लाहोट, काका हवलदार, कपिल कुमार, लोकेश चौटाला, दीपक चावरिया, किशोर गौड़, दीपक तेश्वर, बलराम चौटाला, रोहित कुमार घाघट, सतीश बरवा, सनी टॉक, अजीत कुमार, संजय कुमार, आलोक कुमार, सागर, अतुल, सोनू, संदीप, विजय, आकाश, तरुण जिप्सम, सुजीत, रब्बानी, केशव, सनी, संजय आदि कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल रहे।



## कबाड़ के गोदाम में लगी आग, लाखों का माल स्वाहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रोशनाबाद।** सिडकुल थाना क्षेत्र के सलेमपुर के दादूपुर गोविंदपुर में शुक्रवार सुबह एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सुबह अचानक गोदाम से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी भयंकर थी कि आसपास के घरों को भी खतरा पैदा हो गया। एहतियातन कुछ घरों को खाली कराया गया। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। गोदाम में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील स्क्रैप सामग्री रखी हुई थी, जिससे आग तेजी से फैली। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## खोखले हो चुके वृक्षों को कटवाने और नए पौधे लगाने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर के पदाधिकारियों ने डीएफओ को ज्ञापन देकर बाजारों में खड़े पुराने और खोखले हो चुके वृक्षों की जांच करवाकर कटवाने और उनके स्थान पर नए पौधे लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यापार मंडल के महामंत्री विक्की तनेजा ने बताया कि भगत सिंह चौक से ज्वालापुर फाटक तक कई सालो से खड़े वृक्षों की जडे दीमक ने खोखली कर दी है। खोखले हो चुक पेड़ सडक और बिजली की तारों पर झुक गए हैं। जिस कारण हर समय दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। व्यापार मंडल की और से कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सड़क पर कई स्कूल भी स्थित हैं। ऐसे में खतरे और दुर्घटना का सबब बने खोखले वृक्षों की जांच कराकर उन्हें कटवाया जाए और उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं। जिससे पर्यावरण का संतुलन भी बना रहे और समय रहते दुर्घटना को होने से रोका जा सके। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि पाहवा, उपाध्यक्ष निर्दोष अरोड़ा, सचिव मुकेश सैनी, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित पाहवा, शहर युवा व्यापार मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष तुषार गाबा आदि शामिल रहे।

## जिला मुक्केबाजी टीम का चयन एक जून को

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देहरादून में 7 जून से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग मुक्केबाजी प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग ने बताया कि 1 जून से रोशनाबाद स्टेडियम में जनपद की टीम का चयन किया जाएगा। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खेलों को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर हैं। प्रतिभाओं को प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलता है। राज्य में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता को लेकर बालक बालिकाओं में उत्साह का माहौल है। निश्चित रूप से 1 जून को होने वाले चयन में बड़ी संख्या में प्रतिभागी पहुंचेंगे। मुक्केबाजी संघ खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कर रहा है। बालक बालिकाओं को मुक्केबाजी खेल में हिस्सा लेना चाहिए। बालिकाओं के लिए यह खेल आत्मसुरक्षा का भी काम करता है। खेलों से ही शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

## भेल उपनगरी के पीठ बाजारों को आदर्श वाणिज्यिक क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहा भेल प्रशासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल उपनगरी में लगने वाले साप्ताहिक पीठ बाजारों के बेहतर प्रबंधन एवं सुचारू व्यवस्थाओं के लिए भेल नगर प्रशासन विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। भेल हरिद्वार इकाई के महाप्रबंधक एवं प्रमुख रंजन कुमार के दिशा निर्देशन में किए जा रहे विकास कार्यों का उद्देश्य पीठ बाजारों को एक आदर्श वाणिज्यिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना है। भेल नगर प्रशासक एवं सम्पदा अधिकारी संजय पंवार ने बताया कि सेक्टर-1 व सेक्टर-4 स्थित पीठ बाजार में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए 150 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट्स लगायी गई हैं। जिन प्लेटफार्म्स पर दुकानें लगायी जाती हैं। उनकी मरम्मत करायी गई है। बाजारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर प्रशासन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सुरक्षा गार्ड्स की तैनाती की गई है। पीठ बाजारों में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुए पुरूष एवं महिला शौचालयों का निर्माण किया गया है। साथ ही बाजार के अगले दिन पूरे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सेक्टर-4 पीठ बाजार में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए एक नाले का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त बाजार क्षेत्र के चारों ओर आरसीसी पोल की चहारदीवारी बनायी गई है। संजय पंवार ने बताया कि पीठ बाजार में अनाधिकृत वेंडर्स के प्रवेश को रोकने के लिए उन्हें जागरूक कर उनके पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिससे पंजीकृत वेंडर्स की संख्या 400 से बढ़कर 900 से ज्यादा हो गई है। इनमें समाज के सभी वर्गों के लोगों को शामिल किया गया है। वेंडर्स से प्राप्त रखरखाव शुल्क का प्रयोग, बाजार क्षेत्र को विकसित करने में किया जा रहा है। पीठ बाजारों को और विकसित स्वरूप प्रदान करने के लिए भविष्य में भी प्रयास जारी रहेंगे।



## हरिद्वार में स्थापित होगी हिंगलाज माता की मूर्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखिल भारतीय मारवाड़ी खत्री समाज सेवा समिति द्वारा हिल बाईपास रोड़ खड़खड़ी स्थित हिंगलाज भवन में आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम में श्री हिंगलाज माता, मां गंगा, राधा-कृष्ण, गौरी शंकर एवं श्री हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्री अखिल भारतीय मारवाड़ी खत्री समाज सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीशचंद्र भूत ने जानकारी दी कि मूर्ति स्थापना का मुख्य कार्यक्रम शनिवार को विधि विधान पूर्वक सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा आईजी अनंत कुमार टकवाले एवं राजस्थान के पोखरण क्षेत्र के विधायक और संत श्री प्रताप पुरी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतीक धार्मिक महोत्सव में देश भर से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। प्रबंधक देव भूषण पांडेय ने बताया कि हरिद्वार में पहली बार माता हिंगलाज की प्रतिमा स्थापना भक्तों के लिए ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण है। जो उनकी आस्था को और भी दृढ़ करेगा।

## प्रेस क्लब बहादराबाद ने मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** प्रेस क्लब बहादराबाद द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता बीबी चंदेला व संचालन संजय लाम्बा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब बहादराबाद के अध्यक्ष सनत शर्मा ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस आज के दिन प्रकाशित सबसे पहले हिंदी समाचार पत्र उदित मार्तण्ड को याद कर मनाया जाता है। यह समाचार पत्र देश का सबसे पहला हिंदी में छापने वाला समाचार पत्र था। अखबार कोलकाता से अंग्रेजों के समय में प्रकाशित हुआ था और उसमें बड़ा कठिन था यद्यपि समाचार पत्र को डाक द्वारा भेजने में मिलने वाली छूट को अंग्रेजो द्वारा न दिए जाने के कारण उसको जनता तक पहुंचना मुश्किल हो गया था तथा आर्थिक स्थिति के कारण ज्यादा समय तक ही है अखबार नहीं चल पाया। परंतु यह अखबार हिंदी के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ जिस कारण 200 वर्ष बाद भी आज विधिवत रूप से उसकी याद में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है।



इस अवसर पर दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार जयपाल सिंह निर्भय को भी याद किया गया तथा उनके कार्यों को भी याद किया गया। उस समय के पत्रकार कैसे कार्य करते थे वह भी बैठक में चर्चा हुई प्रेस क्लब बहादराबाद के सभी सदस्यों में इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर जयपाल सिंह निर्भय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारत भूषण चंदेला, महिपाल शर्मा, अध्यक्ष सनत शर्मा, संजय लांबा, हितेश चौहान, हनी कथूरिया, आशीष शर्मा, विवेक शर्मा, डा. अर्जुन नागयान, सुखदेव सिंह निर्भय, सचिव परमेन्द्र नारायण आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## मनसा देवी रोपवे का संचालन नियमानुसार किए जाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राज्य निर्माण आंदोलनकारियों व अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मनसा देवी रोपवे का संचालन नियमानुसार किए जाने सहित कई मांगों को लेकर नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन किया और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मनसा देवी रोपवे संचालन के लिए टेंडर कराने और टेंडर प्रक्रिया में अन्य कंपनियों को भी शामिल करने, पांच वर्ष तक के बच्चों का टिकट फ्री करने, प्रत्येक टिकट पर 20 रूपए निगम को प्राप्त हो, रोपवे परिसर में संचालित हो रही व्यवसायिक गतिवधियों को बंद कराने, रोपवे संचालन कर रही उषा ब्रेकों पर बकाया राशि वसूलने, अवैध पार्किंग बंद कराने, कंपनी द्वारा हरिद्वार से अन्य राज्यों में रोपवे टिकटों की बिक्री बंद कराने आदि मांगे शामिल की गयी है। धरना प्रदर्शन के दौरान मांगे पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी गयी। राज्य आंदोलनकारी धर्मपाल भारती की अध्यक्षता में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए हिंदू रक्षक दल के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि रोपवे का संचालन नियमानुसार किया जाए। राज्य आंदोलनकारी सुरेंद्र सैनी ने कहा कि रोपवे संचालन में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगायी जाए। भैरव सेना के अध्यक्ष मोहित चौहान, श्री अखंड परशुराम अखाड़ के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, आशु चंचल, मोनिका, वीरभद्र, बलवीर, राजेश, त्रिलोकी शंकर, उदय, नीरज शर्मा, रिंकू, इंडस्ट्रियल एसोसियन हरिद्वार के महामंत्री विनीत धीमान आदि ने भी धरने को संबोधित किया।



## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर जिला प्रेस क्लब ने की पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग

### पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर मजबूत कानून बनाए सरकार : वालिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जिला प्रेस क्लब हरिद्वार की ओर से पुराना रानीपुर मोड़ स्थित रेस्टोरेंट में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान केंद्र व उत्तराखंड सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने तथा जिला प्रेस क्लब को स्थाई कार्यालय उपलब्ध कराए जाने की मांग भी की गयी। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देश के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाए रखने के लिए और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग की। राकेश वालिया ने कहा कि पत्रकारों के साथ अभद्रता, मारपीट और शोषण की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। पत्रकार सुरक्षा कानून न होने के कारण पीड़ित पत्रकारों को न्याय नहीं मिल पाता है और वह समस्याओं से जूझते रहते हैं। जिसके चलते पत्रकारों को समाचार संकलन में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए केंद्र व राज्य सरकार के स्तर पर एक मजबूत पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाना बेहद जरूरी है। राकेश वालिया ने कहा कि जिला प्रेस क्लब संगठन के कार्यों और प्रेस वार्ताओं के आयोजन के लिए एक स्थाई कार्यालय उपलब्ध कराया जाए। ताकि संगठन पत्रकार हितों के संरक्षण के साथ अपने सामाजिक दायित्व को पूरा किया जा सके। महामंत्री अनिल बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी में पत्रकारिता जगत में होने वाली नई तब्दीलियों और नई टेक्नोलॉजी को लेकर भी चर्चा और विचार विमर्श किया गया। साथ ही पत्रकारिता की आड़ में अपने गोरखधंधे संचालित करने वाले असामाजिक तत्वों पर नकेल कसना भी अति आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की जांच होनी चाहिए जो अपने काले कारनामों को छुपाने के लिए पत्रकारिता का नकाब पहनकर अपने कार्यों को संचालित कर रहे हैं और पत्रकारिता की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। गोष्ठी में मुख्य रूप से केशव चौहान, सद्दाम हुसैन, नौशाद अली, मनोज कश्यप, सनोज कश्यप, अशोक पांडे, राजू, गणेश भट्ट, मुमताज आलम खान, मोहम्मद नदीम, विजय प्रजापति, सागर कुमार, दीपक झा, कमल शर्मा, नरेश मित्तल, सरविंदर कुमार, अवधेश भूमि, रितेश तिवारी, राकेश कुमार वर्मा, रोहित आदि सहित जिला प्रेस क्लब से जुड़े कई पत्रकार मौजूद रहे।



## ब्राह्मण समाज ने की भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ब्राह्मण त्यागी भूमिहार समाज की ओर से ग्राम सढोली झबरेडा में पंडित नवीन शर्मा के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन कर भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में हरिद्वार, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर जिले के सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। पूर्व कैबनेट मंत्री एवं विधायक मदन कौशिक तथा ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के महामंत्री पंडित पदमप्रकाश शर्मा के सानिध्य तथा श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, राकेश शर्मा, प्रवीण गौतम, अरविन्द शर्मा, नरेश शर्मा, संजय शर्मा, अभिषेक शर्मा, संदीप शर्मा, मांगेराम त्यागी सहित ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। हरिद्वार विधायक मदन कौशिक एवं पंडित पदमप्रकाश शर्मा ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए उनके प्रेरक व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आवाहन किया।

# एडिशनल न्यायधीश बने सुभाष उपाध्याय

## हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी. नरेन्द्र ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष उपाध्याय ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के एडिशनल न्यायधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी.नरेंद्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दूसरी ओर अब उत्तराखंड हाईकोर्ट में अब कुल जजों की संख्या 10 हो गई है। मुख्य न्यायधीश कोर्ट में हुए शपथ ग्रहण समारोह के शुरू में रजिस्ट्रार जनरल कहकशा खान ने राष्ट्रपति की ओर से जारी नियुक्ति पत्र की अधिसूचना पढ़ी, जिसके बाद सुभाष उपाध्याय ने विधिवत एडिशनल जज के पद की शपथ ली । शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह रावत, शासकीय अधिवक्ता अमित भट्ट, हाईकोर्ट बार





एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत, वीबीएस नेगी, डा. महेंद्र सिंह पाल, बीडी उपाध्याय, जेपी उपाध्याय, टीए खान, पुष्पा भट्ट, पुष्पा जोशी, जानकी सूर्या, डीसीएस रावत, बीडी कांडपाल, सेवानिवृत्त न्यायधीश सर्वेश गुप्ता, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पन्त, प्रमुख सचिव संसदीय के धनन्जय चतुर्वेदी, राज्यपाल के विधि सलाहकार सालसा जे सदस्य सचिव प्रदीप मणि, उजाला के निद.ेशक श्री गोयल, जिला जज नैनीताल सुबीर कुमार, आईजी कुमाऊँ रिधिम अग्रवाल, एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा, अपर जिलाधिकारी विवेक राय तथा एसडीएम नवाजिस खलिक समेत बार काउंसिलिंग आफ इंडिया के डीके शर्मा, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मेहताए वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल अध्यक्ष डा. महेंद्र सिंह पाल, अवतार सिंह रावत, बीसी कांडपाल, पूर्व महाधिवक्ता वीबीएस नेगी, अधिवक्ता वाशवेंद्र मौलेखी, आशा भट्ट, अनिल बिष्ट, मेनुका त्रिपाठी, शैलेन्द्र चौहान, राजीव बिष्ट, डीके जोशी, ललित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सैयद नदीम मून, डीएस रावत, नवीन बिष्ट, विश्वकेतु वैध, सुमित बजाज, चंद्रशेखर, सोहेल सिद्दीकी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता तथा हाईकोर्ट के न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे । इसके अलावा न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की धर्मपत्नी तथा पुत्र सहित अन्य पारिवारिक जन उपस्थित थे ।

## सहकारिता सचिव दिलीप जावलकर ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सहकारिता सचिव दिलीप जावलकर ने उत्तराखंड राज्य सहक.ारी बैंक मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में बैंक की ऋण वितरण प्रणाली में गिरावट पर नारा.जगी जताई और परफॉर्मेंस सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंक अधिका.रियों को जमा, ऋण वितरण और एनपीए वसूली के लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऋण वितरण में वृद्धि, बैंकिंग सॉफ्टवेयर का उन्नयन, रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी, और शाखा प्रबंधकों की मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। एमपीएसीएस निरीक्षण के अंतर्गत कंप्यूटरीकरण में तेजी, जन औषधि केंद्रों के प्रचार, लाभांश वितरण, वृक्षारोपण अभियान और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के आयोजन को और समावेशी बनाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक प्रदीप मेहरोत्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सब–जूनियर एवं जूनियर महिला हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता चयन ट्रायल 7 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित 15वीं सब–जूनियर महिला हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी 3 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक रांची (झारखंड) में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी हॉकी उत्तराखण्ड के सचिव नरेंद्र सिंह बफिला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में वहीं खिलाड़ी भाग लेने की पात्र होंगी जिनकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2009 या उसके बाद की हो। इसी प्रकार, 15वीं जूनियर महिला हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 1 अगस्त से 12 अगस्त 2025 के मध्य काकीनाड़ा (आंध्र प्रदेश) में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी की जन्मतिथि 1 जनवरी 2006 या उसके बाद की अनिवार्य है। इन दोनों प्रतियोगिताओं के लिए उत्तराखंड महिला हॉकी टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 7 जून 2025 को हल्द्वानी स्थित मिनी स्टेडियम में प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को हाईस्कूल की अंकतालिका या प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज की दो फोटो लाना अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने कहा ट्रायल में सभी योग्य खिलाड़ी भाग लें और आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित रहें।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर गोष्ठी आज

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह गोष्ठी 31 मई को अपराह्न 3 बजे से गणपति बैंक्वेट हॉल, जगदम्बा नगर, हल्द्वानी में आयोजित होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने बताया कि गोष्ठी में रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, सेवा, सुशासन, धार्मिक–सांस्कृतिक योगदान पर वक्ता विस्तार से विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. नीतू डबास, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, भाजपा महिला मोर्चा एवं प्राध्यापक, दिल्ली विश्वविद्यालय, बलराज पासी, पूर्व सांसद नैनीताल–ऊधमसिंह नगर लोकसभा एवं अध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य बीज व जैविक उत्पादन प्रमाणन एजेंसी, किरन पांडे, विभाग बौद्धिक प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति मौजूद रहेंगे।

## कहासुनी के बाद युवकों में दे दनादन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बीते गुरुवार रात एक टैक्सी चालक और स्थानीय युवकों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हुई। मामला कोतवाली तक पहुंच गया। बता दें कि स्नोव्यू क्षेत्र का एक स्थानीय युवक दोपहर में कार से घर जा रहा था। इसी दौरान उसके आगे चल रही एक टैक्सी बार–बार सड़क पर रुक रही थी। संकरी सड़क होने के कारण युवक ने टैक्सी चालक से रास्ता देने का अनुरोध किया। मामूली बात पर दोनों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। झगड़े में दोनों को चोटें आईं। सूचना पर दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस ने मामले में पूछताछ शुरू की। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वीआईपी की भूमिका उजागर किए बिना न्याय अधूराः पांडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा (माले) नैनीताल के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि अदालत द्वारा तीनों आरोपियों को कठोर आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के बावजूद यह मामला पूर्ण न्याय से कोसों दूर है, क्योंकि अब तक घटना में कथित रूप से शामिल वीआईपी का नाम उजागर नहीं किया गया है। डा. पाण्डेय ने कहा कि जब तक उस प्रभावशाली व्यक्ति की पहचान सामने नहीं आती और उसे न्याय के कठघरे में खड़ा कर सजा नहीं दी जाती, तब तक यह अधूरा न्याय माना जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जानबूझकर उस वीआईपी को बचा रही है, जिसकी भूमिका को लेकर जनता लंबे समय से सवाल उठा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह फैसला उत्तराखंड की जनता के संघर्ष और जनआंदोलनों के दबाव में आया है, अन्यथा राज्य की भाजपा सरकार ने तो अपराधियों को बचाने और सबूत मिटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। डा. पाण्डेय ने प्रदेश में बढ़ती महिला हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर भी चिंता जाहिर की और कहा कि राज्य सरकार खासकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पूरी तरह उदासीन हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिला उत्पीड़न के मामलों का इस्तेमाल धार्मिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है, जिससे असली मुद्दे पीछे छूट रहे हैं।

# बेसहारा बच्चों को मिलेगा कानूनी अधिकार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक

### राष्ट्रीय अभियान 'साथी' के ओरिएंटेशन सेशन के तहत बैठक

सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर नैनीताल में राष्ट्रीय अभियान साथी के



आरिएंटेशन सैशन के तहत विभिन्न विभाग के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सचिव द्वारा बताया गया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 39 (ई) और (एफ) को बनाए रखने और समान न्याय प्रदान करने के उपबंधों की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपने अधिदेश के तहत साथी नामक एक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की है जो बेसहारा बच्चों को कानूनी पहचान प्रदान करने और सामाजिक कल्याण तक पहुँच को सुगम बनाने के लिए है। सड़कों पर या देखभाल गृहों में रहने वाले ऐसे कई बच्चे जिनके पास आधार कार्ड नहीं है जो सरकारी लाभए शिक्षाए स्वास्थ्य सेवा और विभिन्न बाल कल्याण कानूनों से वंचित हैं उनका आधार कार्ड बनवा कर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना इस अभियान का उद्देश्य है। साथी का उद्देश्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में एक मिशन मोड दृष्टिकोण में सर्वेक्षण तथा आधार पंजीकरण और कानूनी सहायता के माध्यम से इस अंतर को कम करना है जिसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जो परिवार के समर्थन तथा संरक्षकता या आश्रय व सुरक्षा और देखभाल के स्थिर स्रोत से वंचित हैं अर्थात सड़कों परए झुग्गियों में या रेलवे स्टेशनों पर रहने वाले बच्चेए बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले, नहीं रहने वाले अनाथए परित्यक्त बच्चे या तस्करी के शिक.ार, भीख मांगने, बाल श्रम से बचाए गए बच्चे, अनौपचारिक आश्रयों या अपंजीकृत बाल देखभाल गृहों में रहने वाले बच्चेए लापता बच्चे जो बरामद हुए हैं और जिन्हें परिवार को नहीं सौंपा गया। सड़कों, देखभाल गृहों व आश्रय गृहों, अनाथालयों, बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले बच्चों की मैपिंग एवं सर्वे कर आधार पंजीकरण सुविधा उपलब्ध कराना है। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिक.ारी एयूआइडीएआइ के प्रतिनिधि, जिले के प्रत्येक तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, किशोर इकाई से पुलिस अधिकारी तथा अनाथालय या बाल देखभाल संस्था के प्रतिनिधि व पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वालंटियर उपस्थित रहे।

# मीट व्यापारियों पर भीड़ के हमले की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जमीयत उलेमा ए हिंद उत्तराखंड ने अलीगढ़ के हरदुआगंज क्षेत्र के अलहदादपुर गांव में मांस

### जमीयत उलेमा ए हिंद ने अलीगढ़ हिंसा पर राष्ट्रपति को ज्ञापन

व्यापार से जुड़े चार मुस्लिम युवकों अकील, अरबाज, कदीम और अकील पर कथित गोमांस के शक में भीड़ द्वारा किए गए कातिलाना हमले के विरोध में अब्दुल कादिर फार्मर ने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में घटना



को अमानवीय, शर्मनाक और संविधान विरोधी बताते हुए कहा गया कि आरोपितों पर बिना किसी जांच व प्रमाण के भीड़ ने हमला किया, वाहन जला दिए और अपशब्दों के साथ अपमानित किया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस मामले में मॉब लिंि.चंग रोधी कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाए, घायलों के इलाज, सुरक्षा और मुआवजे की व्यवस्था हो तथा पुलिस प्रशासन की भूमिका की जांच कर दोषियों को दंडित किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि घटना के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही और पीड़ितों के पास रजिस्टर्ड फैक्ट्री से खरीदा गया गैर–प्रतिबंधित पशु मांस होने के बावजूद भीड़ ने उन्हें नहीं बख्शा। इसके साथ ही ज्ञापन में आगामी ईद–उल–अज़हा (7–9 जून) के मद्देनज़र देशभर में गैर–प्रति.बंधित पशुओं के व्यापार में अवरोध न हो और गौ रक्षा के नाम पर चौथ वसूली करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही, देशभर में गोवध अधिनियम को स्पष्ट रूप से लागू करने और गौशालाओं में गायों की उचित देखभाल पर भी ज़ोर दिया गया है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से अपील की गई है कि अमन, भाईचारा और कानून व्यवस्था की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और इस प्रकार की घटनाओं के लिए जिम्मेदार प्रशास.निक अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए। प्रदर्शन में मोहम्मद शाहिद, एहतेशाम, मोहम्मद सज्जाद, हसमत, मोहम्मद लाइक, मोहम्मद गुफरान, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद नबी, लुकमान, अनस कुरैशी, सोएब, नदीम, वसीम, इरफान, यमीन, सलमान, शानू, शरीक, शामी, अब्दुल मजीद, वकील अहमद, मोहम्मद इमरान, तालिब खान, मुशर्रफ हुसैन, सैफ, इमरान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# यूओयू में पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं मीडिया स्टडीज विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व कुलगीत से हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. डा. राकेश चंद्र रयाल ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और उदंत मार्तंड के प्रकाशन पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता के रूप में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. गोविंद पांडे ने डिजिटल युग की पत्रका.रिता की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा, पत्रकारिता जनहित में बहती नदी है। उन्होंने पत्रकारिता शिक्षा के मानकीकरण, डिजिटल मीडिया की गेटकीपिंग, और फेक न्यूज पर प्राथमिक स्तर से जागरूकता लाने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रयाग पांडे और गिरीश जोशी को उनके लंबे योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रयाग पांडे ने कहा कि पत्रकारिता केवल तकनीक से नहीं, संवेदना और ईमानदारी से मजबूत होती है। मुख्य अतिथि प्रो. दुर्गेश पंत ने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के प्रभाव और भविष्य की पत्रकारिता पर इसके असर पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी अध्यक्ष प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे ने भाषायी पत्रकारिता को मजबूत आधार देने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर राजेंद्र क्वीरा ने किया और कुलसचिव खेमराज भट्ट ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर विवि के प्रो. मंजरी अग्रवाल, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. जितेंद्र पांडे, प्रो. मदन मोहन जोशी, डा. शशांक शुक्ला, डा. घनश्याम जोशी सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी और छात्र मौजूद रहे।



# सिंथिया में भारतीय भाषा शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के दिशानिर्देशों के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय भारतीय




भाषा शिविर का समापन शुक्रवार को सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को एक नई भारतीय भाषा से परिचित कराना और भारत की सांस्कृतिक, भौगोलिक तथा खान–पान की विविधता को समझने के लिए प्रेरित करना था। स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रविंद्र रौतेला ने बताया कि शिविर में छात्रों को भाषा के सामान्य अभिवादन, वर्तनी, संवाद अभ्यास, बस चालक से बातचीत, लोकसंस्कृति से भाषा के विकास, पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी, भारतीय सेना और स्थानीय इतिहास से जुड़े वीरों की कहानियों से परिचित कराया गया। समापन अवसर पर छात्रों ने शिविर में सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन अभिभावकों के सामने किया। इस दौरान अभिभावकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए ऐसे शि.विरों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। समारोह में सुरेश चंद्र मिश्र, महेश चंद्र जोशी, प्रदीप मित्रा, पुष्कर सिंह राजपूत, मोहन चंद्र जोशी, मंजू जोशी, शीला बिष्ट, त्रिभुवन जोशी, एसएस कपकोटी, बीसी सती, कोमल बिष्ट, नीमा पांडे, उदिता पांडे, दीपक जोशी, लीला रावत, भूमिका तिवारी, सीमा परिहार, आईडी जोशी, ईशा जंगपांगी, तनूजा भट्ट, हेमा तिवारी, ऋचा कर्नाटक, मीनाक्षी पुंडीर सहित अनेक अभिभावक एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# एचसीसी और एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर–16 बालक जिला क्रिकेट लीग

### कोल्ट्स और कुमाऊं का मुकाबला टाई

में शुक्रवार को तीन मुकाबले खेले गए। जीएनजी क्रिकेट एरेना, एमएस ग्राउंड और कॉर्बेट ग्राउंड पर हुए मुक.ाबलों में दो टीमों ने जीत दर्ज की, जबकि एक मैच टाई रहा। पहला मैच जीएनजी क्रिकेट एरेना में हल्द्वानी कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और कुमाऊं क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कुमाऊं क्रिकेट ने पहले बल्लेबाजी की और पीयूष जोशी के नाबाद 119 रनों की बदौलत 50 ओवरों में 220 रन बनाए।



कोल्ट्स के कार्तिक जोशी ने 4 और तनिष्क बिष्ट ने 2 विकेट लिए। जवाब में उतरी कोल्ट्स की टीम वैभव मेहरा 96 रन की शानदार पारी के बावजूद 220 रन ही बना सकी और मुकाबला टाई हो गया। कुमाऊं के आदर्श कुमार ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ–द मैच पीयूष जोशी रहे। दूसरा मुकाबला एमएस क्रिकेट ग्राउंड गोलापार में एचसीसी और हिमालय क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमालय की टीम सिर्फ 49 रन पर ढेर हो गई। संदीप पंडित ने सर्वाधिक 12 रन बनाए। एचसीसी के गेंदबाज अंकुश शर्मा ने 4, जबकि विनय जोशी और लक्ष्य ने 2–2 विकेट लिए। एचसीसी ने लक्ष्य को 12 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। तीसरा मैच कॉर्बेट ग्राउंड में एकलव्य क्रिकेट अकादमी और डीके स्पोर्ट्स के बीच खेला गया, जिसे बारिश के कारण 25 ओवर प्रति पारी का कर दिया गया। एकलव्य ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 105 रन बनाए, जिसमें ऋषित ने 40 रनों की पारी खेली। डीके स्पोर्ट्स के राकेश बिष्ट ने 3 और विश्वजीत व लव ने 2–2 विकेट झटके। जवाब में उतरी डीके की टीम 25 ओवर में 101 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या, हिमांशु चतुर्वेदी, नरु कन्याल, विनय जोशी, सूरज चौहान, मानस पंत और स्कोरर हरप्रीत सिंह, नीरज पनेरु और निकित जोशी की भूमिका सराहनीय रही। इधर कोषाध्यक्ष कमल पपने ने जानकारी दी कि कल पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरेना में एसआरएस और हिमालयन क्रिकेट अकादमी के बीच जबकि दूसरा मुकाबला एमएस ग्राउंड में जीएनजी और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान 5 से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनपद नैनीताल में आगामी 5 जून से 16 जुलाई तक पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान की तैयारियों को लेकर जनपद की मुख्य विकास अधिक.ारी अनामिका सिंह की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।



मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सिंह ने कहा कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस को मतदाता जागरूकता से जोड़ते हुए वृहद वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही निर्वाचन आयोग के समन्वयक अधिकारी ने जानकारी दी कि यह अभियान पर्यावरण दिवस (5 जून) से प्रारंभ होकर हरेला पर्व (16 जुलाई) तक हर एक बूंद एवं प्रत्येक वोट अमूल्य है की थीम पर चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र सहित पंचायत भवन व आंगनवाड़ी केंद्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थानीय व फलदार पौधे लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को स्वच्छता एवं जनभागीदारी के उत्सव के रूप में मनाया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। इस दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि पौधों की उपलब्धता तथा गड्ढा खुदाई तथा रोपण की संपूर्ण प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण हो। उन्होंने हर घर जल योजना के अंतर्गत प्रमाणीकरण से संबंधित जानकारी एकत्र कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी घरों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त जल आपूर्ति हो रही है या नहींए इसकी पुष्टि की जाए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## पत्रकारिता दिवस पर मीडिया सेंटर में गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर मीडिया सेंटर में मीडिया कर्मियों ने गोष्ठी का आयोजन कर पत्रकारिता और पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार और सुझाव रखे। वक्ताओं ने कहा कि आज पत्रकारिता के तमाम माधयम हमारे सामने हैं। हमें मीडिया की विश्वसनीयता बनाए रखनी होगी। सत्य और पुष्टि के साथ खबरें समाज के सामने रखी जाएं। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार दया जोशी, दिनेश पांडे, राहुल दरम्वाल, योगेश शर्मा, सरताज आलम, ऋषि कपूर, संजय प्रसाद, संजय पाठक, शाहवेज़ खान, रक्षित टंडन, वंदना समेत दर्जनों पत्रकार थे।

# विद्युत विभाग ने ईओ को जारी किया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अनुबन्ध पत्र के अनुसार स्ट्रीट लाईट संयोजनों के विद्युत बिलों का भुगतान करने के लिए अधिशासी अभियन्ता एसके सहगल ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है 21 मार्च को कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत चल रहे 17 स्ट्रीट लाइट के लम्बित विद्युत बिलों के भुगतान के लिए उप जिलाधिकारी नैनीताल के समक्ष उनके कार्यालय में उपजिला.धिकारी की मध्यस्थता में पालिका की सहमति के पश्चात एक संयुक्त विभागीय अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर हुए थे जिसके अनुसार लम्बित विद्युत बिलों को किस्तवार तथा वर्तमान विद्युत बिलों को प्रतिमाह जमा करने के लिए सहमति बनी थी लेकिन पालिका द्वारा अब तक लम्बित बिलों की किस्त तथा वर्तमान विद्युत बिलों की धनराशि का भुगतान नही किया गया है। कहा है कि माह 4 के विद्युत बिलों की धनराशि रूपया 39182280.00 का भुगतान शीघ्र जमा करें अन्यथा अनुबन्ध पत्र के अनुसार स्ट्रीट लाईट के विद्युत बिलों का भुगतान नहीं होने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 सेक्शन 56 (1) के अन्तर्गत विद्युत संयोजनों को 8 जून को विच्छेदित कर दिया जायेगा जिससे शहर में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए पालिका स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## 13 लोगों का चालान

**नैनीताल।** अवैध रूप से फेरी लगाकर सामान बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत शुक्रवार को 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। बता दें कि पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि मल्लीताल क्षेत्र में पंत पार्क समेत माल रोड, मां नयना देवी मंदिर और डीएसए मैदान जैसे स्थानों पर बिना अनुमति के लोग फेरी लगाकर व्यापार कर रहे हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की अलग.अलग टीमों ने अभियान चलाकर इन क्षेत्रों से कई फेरी वालों को पकड़ा और उन्हें उनके सामान सहित कोतवाली लाया गया। पूछताछ में पाया कि ये लोग बिना किसी वैध अनुमति फेरी लगाकर व्यापार कर रहे थे। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि अवैध रूप से फेरी वाले 13 लोगों का चालान किया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल–9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अधिकारियों ने तुड़वाया घटिया निर्माण

## सुयाल नदी पर चल रहे एंकरिंग कार्य पर उठे सवाल, एनएच के अधिकारियों ने की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सुयाल नदी तल से दीवार निर्माण व एंकरिंग कार्य की गुणवत्ता पर लोगों ने सवाल उठाए है। शिकायत के बाद एनएच के अधिका. रियों ने मौके का निरीक्षण कर घटिया निर्माण कार्य को तुड़वाया। साथ ही कार्यदायी संस्था को सख्त चेतावनी दी है।

दरअसल, क्वारब की दरकती पहाड़ी के स्थाई समाधान को लेकर इन कार्य शुरू हो गया है। पहाड़ी के ट्रीटमेंट को लेकर पहले चरण में सुयाल नदी की ओर से 17.14 करोड़ की लागत से सुरक्षा दीवार और एंकरिंग का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में अनियमितता की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। सुयाल नदी के तल पर बिना मजबूत नींव तैयार किए बोल्डरों पर ही जाल बांधा जा रहा था।

उन्होंने काम रुकवा दिया। लोगों ने कहा कि आपदा की दृष्टि से पूरा क्षेत्र संवेदनशील है। एक बरसात में ही यह पूरी सुरक्षा दीवार ढह जाएगी। निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर लोगों ने वीडियो बनाकर इसकी शिकायत एनएच खंड के अधिकारियों से की गई। साथ ही तत्काल कार्य ठीक नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। निर्माण कार्य में अनियमितता की सूचना मिलने पर एनएच खंड के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटिया निर्माण कार्य को तुड़वाया और मानकों के अनुसार कार्य करने की हिदायत दी। एसई एनएच वृत्त लोनि. वि अनिल पांगती ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यदायी संस्था को भी चेतावनी दे दी है। अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

## रानीधारा में कार के ऊपर भराकर गिरा पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्माड़ा।** नगर के रानीधारा मोहल्ले में शुक्रवार सुबह एक विशालकाय चीड़ का पेड़ भरभराकर बीच सड़क में गिर गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पेड़ गिरने से सड़क किनारे खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और आवासीय भवन को आंशिक नुकसान पहुंचा है। जानकारी अनुसार नगर के रानीधारा में शुक्रवार को एक चीड़ का पेड़ भरभराकर सड़क में गिर गया। यहां से स्थानीय लोगों के साथ स्कूलों के लिए बच्चे आवाजाही करते हैं। जबकि यहां कई जगहों पर पेड़ खतरे का सबब बने हुए हैं। स्थानीय निवासी रॉबिन मनोज भंडारी ने बताया कि पेड़ की चपेट में आने से उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। जबकि एक आवासीय भवन को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने प्रशासन से खतरा बने पेड़ों को निस्तारित करने की मांग की है, जिससे भविष्य में बड़ी घटना से बचा जा सके। इधर, सूचना के बाद मौके पर पहुंची आपदा की टीम ने सड़क में गिरे पेड़ का निस्तारण किया।



## शटरिंग के गोदाम में लगी आग से भारी नुकसान

**काशीपुर।** एक शटरिंग के गोदाम में आग लग गयी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग और आसपास की फैक्ट्रियों के अग्निशमन वाहनों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। करीब 10 वाहनों ने पांच घंटे में आग काबू की। आग लगने से लाखों रूपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। माना जा रहा है कि शॉटसर्किट से आग लगी होगी। कुंडा थाना क्षेत्रांतर्गत जसपुर रोड स्थित रजा कॉलोनी में आसिफ रजा का शटरिंग का गोदाम है। बृहस्पतिवार सायं लगभग सात बजे शटरिंग के सामान के गोदाम में शॉट शर्किट के चलते आग गई। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग भीषण होने के चलते आसपास की फैक्ट्रियों की दमकल गाड़ियों को भी बुला लिया गया। जिसके बाद लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गोदाम के मालिक आसिफ रजा ने बताया कि उनका यह गोदाम 5500 वर्ग फीट में फैला हुआ है। जिसके अंदर शटरिंग का सामान रखा जाता है।

## मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के मशरूम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में चार दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज हुआ। 27 से 30 मई तक चले इस कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त निदेशक डा. एसके मिश्रा ने किया। समापन अवसर पर डा. एएस नैन (निदेशक शोध), डा. सुभाष चंद्रा (अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय), डा. केपी सिंह (विभागाध्यक्ष, प्लांट पैथोलॉजी) और डा. पीके सिंह सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। उन्होंने मशरूम उत्पादन के व्यावहारिक ज्ञान पर जोर देते हुए प्रतिभागियों को इसे व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। 45 प्रतिभागियों में से कई ने अपने अनुभव साझा किए। गोरखपुर के प्रत्युष सिंह ने प्रशिक्षण की व्यावहारिकता की सराहना की, जबकि दीप्ति जांगपांगी ने इसे प्रेरणादायक बताया। दिल्ली के हर्ष बट्टा ने स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला और नैनीताल के विशाल नेगी ने स्पॉन की उपलब्धता को चुनौती बताया, जिस पर डा. नैन ने स्वयं स्पॉन उत्पादन का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अंत में डा. मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## परीक्षाओं की तिथि घोषित

**काशीपुर।** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी शर्मा ने बताया कि एमए द्वितीय सेमेस्टर भूगोल की लिखित परीक्षा तीन जून व मौखिक परीक्षा चार जून की सुबह साढ़े नौ बजे से होगी। वहीं चतुर्थ सेमेस्टर की लिखित परीक्षा नौ जून की दोपहर एक बजे और मौखिक परीक्षा 10 जून को 11 बजे से होगी।

## दो लोगों को मारपीट कर घायल किया

**काशीपुर।** पुरानी रंजिश में समझौता होने के बाद भी तीन युवकों ने दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

पैगा चौकी पुलिस को दी तहरीर में फसियापुरा निवासी ताहिर हुसैन पुत्र शकील अहमद ने बताया कि बीती 27 मई की रात्रि करीब 9.30 बजे वह व उसका मित्र विशाल कुमार बांसखेड़ा खुर्द में रात्रि में चल रहा क्रिकेट मैच देखने के लिए आये थे, तभी फ्लाईओवर के पास बाजपुर की ओर से आई काले रंग की महिन्द्रा कार संख्या यूके04 एजे 8800 आकर रुकी जिसमें सवार विपिन कुमार, सतीश कुमार निवासीगण बरखेड़ा पाण्डे व सोनू कुमार निवासी गड़ीनेगी ने लाठी डंडो व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों के द्वारा उसे व उसके मित्र को बचाने पर उक्त लोकर अपनी कार लेकर फरार हो गये। उसने बताया कि उक्त लोग उससे रंजिश रखते हैं जिसका समझौती बीती 28 अक्टूबर 2024 को हो गया था।

## कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक 1430/ कर०अन०/ आवा०अना०सम्पत्तिकर0 / न0नि0 / 2025-26 दिनांक: 30.05.2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत के समस्त आवासीय / अनावासीय भू-भवन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि मा० बोर्ड द्वारा दिनांक 25.04.2025 में अपने बोर्ड प्रस्ताव संख्या 2 ( 1 ) में प्रस्ताव पारित किया गया है, कि सम्पत्तिकर का बिल प्राप्त होने के चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 नवम्बर के पश्चात जमा कराने पर 10 प्रतिशत पैनल्टी का प्राविधान किया गया है।

अत: आप 10 प्रतिशत पैनल्टी से बचाव हेतु अपना आवासीय / अनावासीय सम्पत्तिकर 30 नवम्बर 2025 से पूर्व अपने आवासीय / अनावासीय भू-भवन का सम्पत्तिकर नगर निगम कार्यालय के कर- अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित कर देवें ।

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

### कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्तियों के लिए)

(सिक्योरिटी इंटरेस्ट इंफोर्समेंट नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार

**जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के तहत, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी अधोहस्ताक्षरी है। ब्याज अधिनियम, 2002 और सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए नीचे उल्लिखित एक मांग नोटिस उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर जारी किया।**

**उधारकर्ता, राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद्वारा उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 (4) उक्त अधिनियम के उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित।**

उधारकर्ता, विशेष रूप से, और आम जनता को एतद्वारा सावधान किया जाता है कि वे लेन-देन न करें, संपत्ति के साथ और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन टाटा **कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, नीचे उल्लिखित राशि के साथ उस पर ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि नीचे उल्लिखित तारीख से।**

**सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।**

| ऋण खाता संख्या | दायित्व (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | राशि और मांग सूचना की तिथि | कब्ज़े की तारीख |
|---|---|---|---|
| TCHHL0374000100072633 | श्री नीरज अग्रवाल (उधारकर्ता) तथा श्रीमति वनजाक्षी कल्लपी (सह-उधारकर्ता) | रू. 1,17,55,118/- (रूपये एक करोड़ सत्रह लाख पचपन हज़ार एक सौ अठारह मात्र) 06.10.2023 तक | 27-05-2025 |

**सुरक्षित परिसंपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:** सभी टुकड़े और पार्सल पर आवासीय संपत्ति 3डी, तीसरी मंजिल पर, क्षेत्रफल 92.93 वर्ग मीटर पर प्लॉट नंबर 01, एरिया 200 वर्ग मीटर, पुनर्वास स्थल निर्मल ब्लॉक पार्ट-बी, पार्ट-1 पशुलोक तहसील **ऋषिकेश जिला देहरादून. प्लॉट नंबर 1 की सीमाएं:- पूर्व:** प्लॉट नंबर 28 (साइड 10 मीटर), **पश्चिम:** सड़क 16' चौड़ी (साइड 10 मीटर), **उत्तर:** प्लॉट नंबर 140 (साइड 20 मीटर), और **दक्षिण:** प्लॉट नंबर 2 (साइड 20 मीटर)

**दिनांक: 31/05/2025** **एसडी / - अधिकृत अधिकारी**
**स्थान:- ऋषिकेश, उत्तराखण्ड** **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

## सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र राघव मुटनेजा एवं उसकी पत्नी सारवी गुप्ता हमारे कहने सुनने में नहीं है समस्त कार्य अपनी मर्जी से करते हैं। हम इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में अपने किसी भी कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**चरणजीत,** 21 आदर्श नगर ऋषिकेश जिला देहरादून।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पासपोर्ट में पिता का नाम देविंदर सिंह (DEVINDER SINGH) और माता का नाम मीरा देवी रावत (MEERA DEVI RAWAT) अंकित है, जो कि गलत है। पिता का सही नाम देवेंद्र सिंह रावत (DEVENDRA SINGH RAWAT) और माता का सही नाम मीरा रावत (MEERA RAWAT) है। पिता को देवेंद्र सिंह रावत (DEVENDRA SINGH RAWAT) और माता को मीरा रावत (MEERA RAWAT) के नाम से ही पढ़ा, लिखा व जाना-पहचाना जाए।

**सौरभ रावत** पुत्र देवेंद्र सिंह रावत (DEVENDRA SINGH RAWAT) निवासी- तुलसी विहार कॉलोनी, श्यामपुर, ऋषिकेश, देहरादून।

## उत्तर रेलवे

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे
रोजगार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 03/2025/सी.क्यू.
आरआरसी वेबसाइट: www.rrcnr.org
(सांकेतिक सूचना)

**वर्ष 2025-26 के लिए सांस्कृतिक कोटे में भर्ती**

उत्तर रेलवे में वर्ष 2025-26 हेतु सांस्कृतिक कोटे में 7वें सीपीसी के पे मैट्रिक्स लेवल 2 में 02 रिक्तियों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। यदि पात्र है तो, प्रत्येक स्तर के लिए परीक्षा शुल्क सहित आवेदन भरना होगा।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| आरआरसी वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 28/05/2025 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय | 30/05/2025 को 00:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 30/06/2025 को 00:00 बजे |
| ऑनलाइन लिखित परीक्षा की संभावित तिथि | जुलाई 2025 |

कृते अध्यक्ष/आरआरसी

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 1595/2025

## यूजेवीएन लिमिटेड

UJVNL मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-376 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक- 30/05/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (आई०सी० एण्ड सी०एम०), गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं० 01/EE(IC&CM)/2025-26:** यूजेवीएन लिमिटेड के विभिन्न विद्युत गृहों एवं साइटों पर पड़े निष्प्रयोज्य वाहनों के मूल्यांकन का कार्य।
**अनुमानित लागत:** रू1,50,000.00 मात्र (कर अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 30.05.2025, 16:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 14.06.2025, 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेत कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण

पत्रांक : 129/ सिं.उ.ख.गै./ निविदा/गैरसैंण: दिनांक : 30/05/2025

**निविदा सूचना संख्या:- 03/स0अ0-तृतीय/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तराखंड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक- 16/06/2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | जॉबो की संख्या | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | गैरसैंण विकास परिषद मद के अन्तर्गत कार्यो का विवरण। | | | | | |
| 1 | सिमाण नहर पुर्नगठन कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 900.00 मी0 तक) | 30000.00 | 1 | 6 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 2 | सिमाण नहर पुर्नगठन कार्य। (रींच 900.00 मी0 से 1800.00 मी0 तक) | 30000.00 | 1 | 6 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 3 | ग्वाड तल्ला बाढ सुरक्षा कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 25.00 मी0 तक) | 15000.00 | 1 | 4 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 4 | ग्वाड तल्ला बाढ सुरक्षा कार्य। (रींच 25.00 मी0 से 50.00 मी0 तक) | 15000.00 | 1 | 4 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 5 | ब्यास गदेरा बाढ सुरक्षा कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 25.00 मी0 तक) | 15000.00 | 1 | 4 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 6 | ब्यास गदेरा बाढ सुरक्षा कार्य। (रींच 25.00 मी0 से 50.00 मी0 तक) | 15000.00 | 1 | 4 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 7 | बनौला सेरा शाखा गूल मरम्मत कार्य। (रींच 0.00 मी0 से 400.00 मी0 तक) | 15000.00 | 1 | 4 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 8 | बनौला सेरा शाखा गूल मरम्मत कार्य। (रींच 400.00 मी0 से 800.00 मी0 तक) | 15000.00 | 1 | 4 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 9 | गैरसैंण में स्थान मैहलचौरी हनुमान तोक में सौन्दर्यीकरण कार्य। | 30000.00 | 1 | 6 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |
| 10 | बडेथ गांव में पैदल पुलिया का निर्माण कार्य। | 30000.00 | 1 | 6 माह | 500+18 प्रतिशत जी0एस0टी0 चालान | डी एवं उच्चतर |

**-शर्तें-**

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्तो का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**सहायक अभियन्ता**
**सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर टिहरी गढ़वाल

पत्रांक : 198/निविदा/निर्माण/न0पा0प0न0नगर/2025-26/नरेन्द्र नगर दिनांक 28 मई, 2025

**।। निविदा सूचना ।।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष-2025-26 में पालिका निधि/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराएं जाने वाले 05 (पांच) अतिआवश्यक निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु दिनांक, 13 जून 2025 अपरॉहन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनांक 12 जून 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।

| क0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत/ निधि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+18 % GST | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0-03 बाजार लाईन के अन्तर्गत ओल्ड कलक्ट्रेट को जाने वाले मार्ग पर बनी नाली के ऊपर जाले का कार्य। | 6.69 लाख पालिका निधि | 13500 | 1000.00 | 15 दिन | 3 माह |
| 2:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड संख्या- 03 बाजार लाईन के अन्तर्गत पालिका अतिथि गृह में मरम्मत एवं रंग-रोगनका इत्यादि का निर्माण कार्य। | 4.94 लाख पालिका निधि | 10000 | 500.00 | 15 दिन | 3 माह |
| 3:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड संख्या- 06 बखरियाणा के अन्तर्गत आर्मी गेट से बखरियाणा को जाने वाले पैदल मार्ग का कार्य। | 23.93 लाख राज्य वित्त आयोग | 48000 | 2000.00 | 15 दिन | 4 माह |
| 4:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0-06 बखरियाणा में किशोरी लाल के आवासीय भवन के पीछे जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा दीवार का निर्माण का कार्य। | 4.07 लाख पालिका निधि | 8500 | 500 | 15 दिन | 03 माह |
| 5:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0-06 बखरियाणा में दिनेश के आवासीय भवन के आगे सुरक्षा दीवार का निर्माण का कार्य। | 3.18 लाख पालिका निधि | 6500 | 500 | 15 दिन | 03 माह |

**नोटः-** निमार्ण कार्यो से सम्वन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद्
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।

(देवन्द्र सिंह नेगी)
पशासक
नगर पालिका परिषद्
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मसूरी।

दूरभाष नं. -0135-2632251 फैक्स सं. 0135-2632039 E-mail:- nppmussoorie@gmail.com

**पत्रांक: 666/अधि0अधि0/2025-26** **निविदा सूचना** **दिनांक : 30-05-2025**

नगर पालिका परिषद मसूरी के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु दिनाक 17/6/25 सांय 300 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16/6/25 की दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित शुल्क पर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि एफ०डी०आर0 / सी०डी०आर० जो कि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मसूरी के नाम प्लेज्ड हो संलग्न करनी आवश्यक है। निविदा दिनांक 17/6/25--को साय 400 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। नगर पालिका परिषद मसूरी के पास किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त एवं स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र राशि जी.एस.टी. अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड न० 6 मैसानिक लॉज डिमरी निवास की बिल्डिंग में टीन की छत, पत्तनाला, पानी की टंकी का कार्य | 11,05,312.00 | 22500-00 | 1500-00 | 1 माह | 1 माह |

नोट - 1. निविदा प्रपत्र क्रय करने से पूर्व 2 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करने पर ही निविदा जारी किये जायेगे।
2. व्यापार कर अतिरिक्त।
3. काली सूची में दर्ज न होने का शपथ पत्र धनराशि रु० 10.00 का जनरल स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है।
4. धनराशि रु० 100-00 का स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैधता हेतु रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, मसूरी।**




### एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# अविनाश साबले ने रचा इतिहास

## 36 साल बाद 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड दिलाया, 18 साल की पूजा ने भी जीता सोना

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8.20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया।

वहीं, 18 साल की पूजा ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने 1.89 मीटर की छलांग लगाई। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस प्रतियोगिता में अविनाश से पहले भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इसके अलावा, पूजा से पहले बाबी एलायसियस ने 2000 में गोल्ड जीता था। साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था। ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था। भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग काम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पाइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रान्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4ग400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था। नेशनल रिकॉर्ड होल्डर गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में गोल्ड जीता। यह इस एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का पहला गोल्ड था। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर में 4 मिनट 10 सेकेंड का समय लेकर एक और सिल्वर मेडल जीता। वहीं दिल्ली की लिली दास इस रेस में चौथे स्थान पर रही। चीन की ली चुनहुई ने स्वर्ण पदक जीता।



## आईपीएल के फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे कोहली-डिविलियर्स

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल 2025 में रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के फाइनल में पहुंचने से एबी डिविलियर्स बेहद खुश हैं। उन्होंने विराट कोहली और इस टीम की जमकर तारीफ की है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को क्वालिफायर एक में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना है कि टीम मैन कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए आरसीबी को दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुक.ाबले में धमाल मचाएगा। डिविलियर्स ने कहा, श्इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनका बाडी लैंग्वेज सकारात्मक दिख रहा था। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह इस मैच में रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा। आरसीबी 2008 में आठ फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरुआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा कि मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। आरसीबी अब कहां है? एक और फाइनल में (2025)। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है।

### खेल विशेष

## आरसीए ने जिला क्रिकेट संघ को असम्बद्ध घोषित किया

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने अनुशासनहीनता के आरोप में जिला क्रिकेट संघ बीकानेर (डीसीए) को राजस्थान क्रिकेट संघ से असम्बद्ध घोषित कर दिया है। आरसीए के संयोजक जयदीप बिहाणी ने शुक्रवार को बताया कि डीसीए, बीकानेर के खिलाफ चुनाव और वित्तीय अनियमितता की शिकायतें थीं। इस मामले में आरसीए ने राजस्थान क्रीड़ा अधि.नियम के तहत डीसीए, बीकानेर से जानकारी मांगी गई थी, लेकिन डीसीए बीकानेर ने इस पर किसी तरह का जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर को कई पत्र भेजे गए, लेकिन उसने असहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए किसी पत्र का जवाब नहीं दिया। साथ ही डीसीए ने आरसीए की तदर्थ समिति की शक्तियों को मानने से ही इन्कार कर दिया, जबकि तदर्थ समिति को राजस्थान क्रीड़ा अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार की जांच के लिये शक्तियां प्राप्त हैं। श्री बिहाणी ने बताया कि गत 10 मई को डीसीए बीकानेर को पत्र भेजकर सात दिन में जवाब देने को कहा गया, जिसकी अनदेखी करने पर 19 और 27 मई को फिर पत्र भेजकर चेतावनी दी गयी। अटठाइस मई तक जवाब नहीं मिला, तो 29 मई को डीसीए बीक.ानेर को आरसीए से असम्बद्ध करने का निर्णय किया गया और इस सम्बन्ध में डीसीए बीकानेर के रतनसिंह शेखावत को पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि डीसीए, बीकानेर को आरसीए से असम्बद्ध करके इस मामले को लोकपाल, राजस्थान क्रिकेट संघ को प्रेषित किया गया है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली से हारी

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को 2-2 से बराबरी के बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यहां खेले गए चार देशों के टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में भारत के लिए सुखवीर कौर ने (35वें) और कनिका सिवाच ने (47वें) मिनट में गोल किए। वहीं चिली की ओर से जैसिंटा सोलारी ने (27वें) और कैप्टन लॉरा मुलर ने (42वें) मिनट में गोल किए। चिली ने दूसरे क्वार्टर में जैसिंटा सोलारी के 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर द्वारा किए गए गोल से बढ़त बनाई। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सुखवीर कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चिली ने 42वें मिनट में कप्तान लौरा मुलर के मैदानी गोल से फिर बढ़त हासिल की लेकिन भारत ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत जोरदार तरीके से की और कनिका सिवाच ने 47वें मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया। नियमित समय पर स्कोर 2-2 से बराबर रहने पर मैच शूटआउट हुआ। जहां चिली ने 3-1 से जीत दर्ज की। चिली के लिए जोसेफिना कॉन्स्टैंजा गुटिरेज़, इसाबेल लियोनोर मेसेन और त्रिनिदाद एंटोनिया बैरियोस ने गोल किए, जबकि शूटआउट में भारत के लिए सोनम एकमात्र स्कोरर रहीं।

## पुणे, कोलकाता, जयपुर ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन पुणे जगुआर, कोलकाता थंडरब्लेड्स और जयपुर पैट्रियट्स ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की है। जगुआर के अथर्व नवरंग ने लड़कों के एकल मुकाबले में प्रतीक तुलसानी के खिलाफ पहला मैच 2-1 (11-8, 11-10, 9-11) से जीतकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद यू मुंबा ने मिश्रित युगल मुकाबला में 2-1 से जीत दर्ज करके वापसी की। प्रतीक और अनन्या मुरलीधरन की जोड़ी ने अथर्व और तुष्टि सूद (11-6, 8-10, 11-6) को हराया। लड़कियों के एकल वर्ग के रोमांचक मुकाबले में जगुआर की तुष्टि ने अनन्या के खिलाफ एक रोमांचक मैच में 2-1 (11-10, 7-11, 11-10) से जीत हासिल की और अपनी टीम को नाटकीय जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में, कोलकाता ने अहमदाबाद एसजी पर 5-4 से जीत दर्ज की। कोल.काता के रित्विक गुप्ता ने लड़कों के एकल वर्ग के मुकाबले में अभिक कश्यप को 3-0 (11-9, 11-6, 11-3) से हराया। मिश्रित युगल मुकाबले में अहमदाबाद विजयी हुआ, जब अभिक और मौबोनी ने रित्विक और स्वरा के खिलाफ 2-1 (11-7, 11-6, 10-11) से जीत हासिल की। लड़कियों के एकल वर्ग में मौबोनी ने स्वरा को 2-1 (11-9, 8-11, 11-5) से हराया। दिन के तीसरे मुकाबले में जयपुर ने दबंग दिल्ली को 6-3 से हराया। लड़कों के एकल मुकाबले में पैट्रियट्स के त्रिशाल को आकाश के खिलाफ 1-2 (9-11, 11-9, 7-11) से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन जयपुर की टीम ने मिश्रित युगल मैच में 2-1 (11-4, 11-9, 8-11) की जीत के साथ शानदार वापसी की।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करेंगे अर्शदीप: रिकी पोंटिंग




**■ चयनकर्ताओं ने बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करके सही फैसला लिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम में जगह दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईपीएल में पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि अर्शदीप इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करने में सफल रहेंगे। अर्शदीप को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गई है। अब तक वह भारत के लिए सीमित ओवर प्रारूप में ही खेलते दिखे हैं और माना जा रहा है कि अर्शदीप को इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल होने का मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स में अर्शदीप के प्रदर्शन को करीब से देखने के बाद पोंटिंग को लगता है कि चयनकर्ताओं ने जसप्रीत बुम.राह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के तेज गेंदबाजी आक्रमण में बाएं हाथ के इस गेंदबाज को शामिल करके सही फैसला लिया है। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि अर्शदीप खेलेगा। वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में खेलेगा। मुझे लगता है कि बुमराह और सिराज से साथ इंग्लैंड में बाएं हाथ के विकल्प का होना शानदार होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखें तो अर्शदीप जिस तरह से गेंदबाजी करते हैं, वह किसी भी अन्य गेंदबाज की तरह ही सीम को बेहतर तरीके इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने उसे टीम में चुना है। मुझे लगता है कि वह इंग्लैंड पहला टेस्ट खेल सकता है और वह किसी को निराश नहीं करेगा।

### पीएम ने की वैभव सूर्यवंशी की हौसलाअफजाई

**पटना, वार्ता।** बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के युवा स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनकी हौसलाअफजाई की। पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अढे पर हुई इस मुलाकात के दौरान वैभव के साथ के माता-पिता भी थे। श्री मोदी ने स्वयं वैभव तथा उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की हैं। श्री मोदी ने वैभव और उनके परिवार के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि पटना हवाई अढे पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है।

## डी गुकेश ने कारूआना को हराया




**■ अर्जन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा**

**नोर्वे, वार्ता।** विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारूआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत दर्ज की। वहीं अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। चौथे चक्र में गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फैबियानो कारूआना को हराया। गुकेश के शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन के आगे कारूआना अपनी बढ़त को नहीं भुना पाये। इसके बाद गुकेश ने 'आर्मागेडन' में मुकाबला आसानी से जीत लिया। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुकेश और एरिगैसी 4-5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर- वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को हराया। विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में




**■ भारतीय जोड़ी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया**

**सिंगापुर, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को मलेशिया की गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की जोड़ी को हराकर सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां 39 मिनट तक चले पुरुष युगल मुकाबले में सात्विक और चिराग की जोड़ी दुनिया की नम्बर वन मलेशियाई जोड़ी गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन को सीधे सेटों में 21-17, 21-15 से हराया। गेम की शुरुआत से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 7-7 से बराबरी पर था। इसके बाद सात्विक-चिराग ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाते हुए मैच पर अपनी पकड़ बनानी शुरु की अब स्कोर 12-8 से अपने पक्ष में कर लिया। इस बीच मलेशियाई जोड़ी ने भी कुछ अंक बटोरे और स्कोर के अंतर को कम करते हुए इसे 16-15 कर दिया। इसके बाद भारतीय जोघी ने बिना कोई गलती किए पहले गेम को 21-17 से जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और स्कोर 5-5 से बराबरी पर चल रहा था। सात्विक और चिराग फिर अच्छे खेला प्रदर्शन करते हुए मिड गेम ब्रेक तक 11-7 की अहम बढ़त बनाई इसके बाद सात्विक और चिराग शेट्टी ने इस गेम को 21-15 से जीतकर मैच जीत लिया। सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल में मुकाबला दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से होगा।

## मुंबई ने गुजरात को 229 रनों का लक्ष्य दिया

**■ प्रसिद्ध, किशोर को दो-दो विकेट, हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली**




**मुल्लांपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर मैच में रोहित शर्मा की अर्धशतकीय पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस के सामने 229 रन का लक्ष्य रखा है। न्यू चंडीगढ़ में खेले जा रहे एलिमिनेटर मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। उनके लिए हिटमैन ने सर्वाधिक 81 रनों की पारी खेली। वहीं, गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने दो-दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज को एक सफलता मिली। रो.हित शर्मा और जानी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने मुंबई को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने इस मैच में डेब्यू करने वाले बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रो.हत को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला। दोनों ने 34 गेंदों में 59 रन जोड़े। इस दौरान सूर्यकुमार ने 20 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे कर लिए। वह आईपीएल में 300 छक्के का आंकड़ा छूने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गए। अब उनके नाम 302' छक्के दर्ज हो गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है। हिटमैन ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 43 रन जोड़े। पूर्व कप्तान 50 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के की मदद से 81 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, तिलक 11 गेंदों में 25 और नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांडया नौ गेंदों में तीन छक्के की मदद से 22 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि सैंटनर बिना खाता खोले नाबाद रहे। नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक का साथ देने मिचेल सेंटनर आए हैं। तिलक वर्मा 11 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराया। अब हार्दिक पांडया का साथ देने नमन धीर आए हैं। रोहित शर्मा 81 रन बनाकर आउट हो गए।

## इंग्लैंड ने विंडीज को रिकॉर्ड 238 रनों से हराया

**■ जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद ने तीन-तीन विकेट लिए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** जेकब बेथेल (82), बेन डकेट (60), कप्तान हैरी ब्रूक (57) और जो रूट (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद जेमी ओवर्टन और साकिब महमूद (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 238 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड की पुरुष एकदिवसीय में रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैच में 82 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के जैकब बेथेल को 'प्थ्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। एजबेस्टन स्टेडियम में गुरुवार रात खेले मुक.ाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जेमी स्मिथ और बेन डकेट सलामी जोड़ी ने अच्छु शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने जेमी स्मिथ (37) को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद इंग्लैंड का जो भी बल्लेबाज क्रीज पर उतरा उसने तेजी के साथ रन बटोरे।

बेथेल ने 82 रन की पारी खेली और एक विकेट भी लिया। बेन डकेट (60), जो रूट (57), कप्तान हैरी ब्रूक (58) ने शानदार अर्द्धशतकीय पारियां खेली। इंग्लैंड की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 400 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विंडीज की ओर से जायडेन सील्स ने सबसे ज्यादा चार विकेट चटकाए।

### जीआईसी रुड़की में प्रतिभा सम्मान व लोकार्पण समारोह संपन्न

# राज्य के छात्र सभी परीक्षाओं में कर रहे हैं शानदार प्रदर्शनः धन सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पीएम श्री एवं अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान एवं लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं विद्यालय माध्यमिक शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत एवं मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप बत्रा ने उपस्थित होकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर के किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथि ने विभिन्न योजनाओं लोकार्पण कर के किया।

जानकारी के अनुसार पीएम श्री एवं अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान एवं लोकार्पण समारोह संपन्न



हुआ।समारोह के प्रारंभ में छात्राओं द्वारा मनमोहक सेस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित

**❖ शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित**

जन समूह का मनमोहन लिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में लगातार शिक्षा के स्तर में सुधार आया है काफी ग्राफ बड़ा है राज्य के छात्र-छात्राएं सभी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं वही राज्य के छात्रों ने खेलों में भी शानदार प्रदर्शन किए हैं और राज्य सरकार भी खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए लगातार काम कर रही है । प्रतिभावान खिलाड़ियों व छात्राओं को लगातार सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की जा रही है खिलाड़ियों को भी राज्य सरकार आगे बढ़ने का पूरा मौका दे रही है। मंच पर आकांक्षा राठौर मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी रुड़की, दुर्गेश नंदिनी प्रभारी प्रधानाचार्य पीएम श्री एवं अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की,म खंड शिक्षा अधिकारी नारसन मिराज अहमद, खंड शिक्षा अधिकारी, अभिषेक शुक्ला भगवानपुर, विनोद कुमार, जिला खेल समन्वयक गजेंद्र सिंह, ने उपस्थित होकर मंच साझा किया। सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में समीर अहमद, कुमारी इकरा, दिव्यांशु जुड़वाल, उदय शुक्ला, ताबिश चांद एवं पलक सैनी। खेल के क्षेत्र में कुश्ती में नीरज अनिष्का लोहान, शुभ हूण, निशा भारद्वाज, आर्य ज्वाला, ऋषभ कश्यप, पवन, अजीम, आदित्य, देव एवं वैशाली। अंडर 14 क्रिकेट बालक में आशु प्रजापति, कबड्डी अंडर 14 बालक वर्ग में प्रियांशु, शिवम, उमर अली, कबड्डी अंडर 17 में बालिका वर्ग में खुशी ,आयुषी कबड्डी अंडर 17 बालक वर्ग में वंश पोर, सुहेब कबड्डी अंडर 19 बालिका वर्ग में साक्षी, करिश्मा। कबड्डी अंडर-19 बालक वर्ग में हार्दिक, अर्पित, रोशन,हॉकी बालिका वर्ग में मानसी कटारिया एवं गुंजन सम्मानित हुए। समारोह का संचालन संतोष चमोला ने किया। समारोह के दौरान देवेंद्र पाल, ललित मोहन जोशी, मांगेराम मौर्य, प्रीति सैनी, प्रदीप कुकरेती, मनजीत राणा, पवन राना, सुरेश चंद्र, पंकज बिजवान, दीपा कौशिक, राहुल शर्मा, आलोक द्विवेदी, संदीप सैनी, अअवनीश शर्मा, कुलदीप सिंह राणा आदि ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया। अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदिनी ने सभी का आभार प्रकट किया।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय-2 में समर कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पीएम श्री केवि 2 में शुक्रवार को समर कैंप का शुभारंभ हुआ। 30 मई से 2 जून तक भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित किए जा रहा है। इस कैंपों में बच्चों को भाषा के साथ-साथ पारंपरिक लोक नृत्य, वेशभूषा, वाद्य यंत्र प्रदर्शन और पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार पीएम श्री केवि 2 में शुक्रवार को समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस समर कैंप के उद्घटन समारोह में 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कैंप में गायनए नृत्य श्रवण कौशल विकासए रोल प्ले भारतीय मसालों की जानकारी और स्थानीय ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित



गतिविधियाँ आयोजित की जाऐंगी। इसका उद्देश्य बच्चों के सामाजिकए तकनीकी और रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना है। समर कैंप उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नेत्र सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्हें नई चीजों के सीखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना के विकास लिए यह कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक हिन्दी आलोक गुप्ता प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक संस्कृत पुरुषोत्तम शर्माए प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक गणित हरभगवान प्रथमिक शिक्षिका कंचन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# डा. अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में नहीं बनेगी गौशाला

## नगर पालिका परिषद ने बोर्ड में किया पहला प्रस्ताव कैंसिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका क्षेत्र मैं सनविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में अब नहीं बनेगी गौशाला प्रस्ताव बदला। लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने बताया एक महीने से भी ज्यादा

**❖अब वार्ड 6 खाता संख्या 73 में होगा गोशाला का निर्माण**
**❖लक्सर विधायक हाजी शहजाद ने धरने पर बैठे लोगों का फूलमाला डालकर किया स्वागत**

हो गया हैं। पूर्व चेयरमैन के द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के मूर्ति के बराबर में गौशाला का प्रस्ताव दिया गया था जो सर्व समाज के लोगों को मंजूर नहीं हुआ उन्होंने कहा आज नगर पालिका परिषद लक्सर के बोर्ड जिसमें सभी सभासाद अध्यक्ष के द्वारा सर्वसम्मती से प्रस्ताव पास कर दिया गया। अब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में गौशाला का निर्माण नहीं होगा। गौशाला का निर्माण वार्ड नंबर छ खाता संख्या 73 में किया जाएगा



उन्होंने मिष्ठान खिलाकर धरने पर बैठे हुए सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया और धरना समाप्त करने की घोषणा की है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सजीव ऊर्फ नीटू ने कहा की आज नगर पालिका परिषद बोर्ड की मीटिंग हुई थी मीटिंग में सभी सभासाद मौजूद रहे और सभी ने सर्व सम्मति से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में गौशाला का प्रस्ताव कैंसिल कर वार्ड नंबर छह खाता संख्या 73 में प्रस्ताव मंजूर किया। अब नगर पालिका क्षेत्र लकसर में गौशाला का निर्माण जोर शोर से किया जाएगा। लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद भी डॉक्टर बाबा अंबेडकर की मूर्ति के बराबर में गौशाला न बनाने को लेकर शासन प्रशासन से वार्ता कर रहे थे। उनका कहना था की गौशाला बाबा अंबेडकर की मूर्ति के बराबर मैंने बनाकर अलग बनाई जाए तभी संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सम्मान रहेगा । और अब नगर पालिका बोर्ड बैठक ने भी पहले अध्यक्ष के दौर में पास हुए प्रस्ताव को कैंसिल कर दिया और इसके लिए दलित समाज भी लगातार धरना व विरोध प्रदर्शन कर रहा था। एक महीने से भी ज्यादा से चल रहा धरना समाप्त करते वक्त जो मुख्य रूप से शामिल रहे उनमे नाथीराम प्रदेश महासचिव सुधीर प्रधान पाल सिंह पदम सिंह एडवोकेट इष्तकार अहमद सलीम अहमद फुरकान अहमद मोनू अंसारी रियाजुल हसन मोहसिन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगनहर पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं को शतप्रतिशत तामील करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें थाना हाजा से उप निरीक्षक प्रवीण बिष्ट, उप निरीक्षक अंकुर शर्मा रुड़की) हेड कांस्टेबल अश्विनी हेड कांस्टेबल लखपत सिंह चौहान कांस्टेबल भूपेंद्र तेवतिया कांस्टेबल अजय काला कांस्टेबल महिपाल के अंदर क्षेत्र छठॅ तामील में रवाना थे। दिनांक 30/05/25 को अभियुक्त पवन सैनी पुत्र श्री श्याम लाल सैनी निवासी मकान नंबर 1217 शिवम विहार रुड़की कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार के मस्कन पर दबिश दी गई तो अभियुक्त पवन कुमार सैनी अपने मस्कन पर मौजूद मिला जिनका नाम पता तस्दीक कर न्यायालय जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास नंबर 2 सुंदर नगर मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र अंतर्गत धारा 138 एन आई एक्ट का दिखाकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# कलियर पुलिस ने सामान सहित दो चोर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** निर्माणधीन नेशनल हाइवे पर से लोहे की एंगल चोरी करने वाले दो चोरो के खिलाफ मूकदमा दर्ज किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एचएमएम इन्फ्रा लिमिटेड के साईड इंजीनियर कृष्णनंदन ने तहरीर देकर बताया कि कलियर के पास नेशन हाइवे बृज का कार्य चल रहा है। जहां काफी समय से कार्य स्थल पर लोहे के एंगल चोरी हो रहे थे। 29 मई को कार्य स्थल मेहवड क्रासिंग से करीब 500 मिटर की दूरी पर कार्य चल रहा हैं। जहां पर कंपनी का गार्ड मुकेश कुमार ड्यूटी पर था। इस दौरान दो चोर जंगल से लोहे की एंगल चोरी करने के लिए आए।जिन्हें गार्ड ओर काम कर रही लेवर की मदद से दोनो चोरो को एंगल के साथ पकड़ लिया। ओर दोनो चोरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कंपनी के साईड इंजीनियर कृष्णनंदन की तहरीर पर सुहैल निवासी बिजनोर, मूनतसीर निवासी सीतामढ़ी बिहार के खिलाफ मूकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# राजहंस कला मंदिर ने मनाया 70वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजहंस कला मंदिर ने 70 वाँ स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने भंडारे का आयोजन किया। वहीं पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सदस्यों को दी।

बीटी गंज स्थित जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विपिन सिंघल ने कहा कि शहर की सबसे पुरानी संस्था आज भी अपने आदर्शों पर कायम है संस्था का उद्धेश्य देश कि संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि 70 वर्षों के इतिहास में संस्था द्वारा किए गए कार्य आज भी मिशाल है। सचिव अजेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पारस गोयल ने कहा कि समय के अनुसार ऐसे कार्यों को करना संस्था का मुख्य उद्देश्य रहता है जिससे समाज को एक नई दिशा मिले। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए समय समय पर विभिन्न कार्य आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में संस्था द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें राहगीरों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष किरण कौशिक, मुकुंद प्रताप, सह सचिव गोविंद विकास अग्रवाल,गौरव गोयल, योगेश सिंघल, प्रमोद गोयल,शेखर सिंघल,विनय गुप्ता,मुकेश अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल,आमोद शर्मा, आशीष गुप्ता,अनुभव सिंघल, पंकज सिंघल,नवनीत गर्ग आदि मौजूद रहे।

# भाकियू रोड के प्रदेश अध्यक्ष बने संजीव कुशवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** समर्पित कार्यकर्ता संगठन की रीड की हड्डी के समान है इसलिए उसका सम्मान बहुत जरूरी है। उक्त उद्गार भारतीय किसान यूनियन रोड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह रोड ने कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। रुड़की हरिद्वार बाईपास पर एक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाकियू रोड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह रोड ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एक जूट होकर संगठन हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा उन्हें विश्वास है कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुंवर संजीव कुशवाहा सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए संघर्ष करेंगें। प्रदेश प्रवक्ता इंदर सिंह रोड के संचालन में आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कुंवर संजीव कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौपीं है। वह बखूबी उस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे तथा सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक गांव में भाकियू रोड की इकाई गठित की जाएगी। समारोह में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी लखन सिंह रोड, युवा प्रदेश अध्यक्ष सचिन टोड़ा, प्रदीप त्यागी विकास शर्मा अनिल पुंडीर एडवोकेट, प्रवीण कुशवाहा, संजय सिंह चौहान, उमेश पुंडीर,मुकेश राणा नितिन चौहान, बॉबी पुंडीर, नाजिम अली, विजेंद्र शर्मा, रिजवान चौंपियन, ललित गिरी,राजवीर चौयरमेन, मनोज पाल, हाजी इरशाद प्रधान, कारी शहजाद , अनीस प्रधान जावेद, मुबारिक,शौकत प्रधान, अर्जुन सैनी, परवेज प्रधान, रजत रोड, पवन रोड, मुकर्रम ठेकेदार, सलमान, शहबाज आदि अनेक भाकियू कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लक्सर पुलिस ने एक वारंटी को धर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं को सतप्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम जुल्फिकार पुत्र खलील निवासी ग्राम खड़ंजा कुतुबपुर थाना कोतवाली लक्सर बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला हेड कांस्टेबल सौदीश कुमार कांस्टेबल कपिल देव शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर न्यायालय के समक्ष पेश किए जा रहा है।

# दो महिलाओं समेत आठ पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक कंपनी की दो महिलाओं समेत आठ लोगों पर 1,74,60,000 रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि रेलवे देवबंद रेललाइन प्रोजेक्ट में मिट्टी के भराव के एवज में उक्त धनराशि नहीं दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के कोटवाल आलमपुर गांव निवासी मोहम्मद अहसान ने एसीजेएम रुड़की की अदालत को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उन्होंने मैसर्स किसान कंस्ट्रक्शन कंपनी गवर्नमेंट कन्ट्रेक्टर एवं जनरल ऑर्डर सप्लायर्स के नाम से एक फर्म बनाई हुई है। उन्होंने पेटी कन्ट्रेक्टर के जरिए आगरा की गिरीराज जी स्टोन क्रेशर प्राइवेट लिमिटेड, क्रेटिव मिनरल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड कन्सट्रक्शन कम्पनी से देवबन्द रुड़की नई रेलवे लाइन प्रोजेक्ट में मिट्टी के भराव का काम लिया था। उनकी कंपनी ने जनवरी से जून 2024 तक यह कार्य किया। इसका भुगतान 1,74,60,000 रुपये था। जब भी वह भुगतान के लिए कहते तो वह बहाना बनाकर टरका देते। जब उन्होंने भुगतान के लिए दबाव बनाया तो उन्हें 12 अगस्त 2024 रुड़की रेलवे स्टेशन पर बुलाया। आरोप लगाया कि तैयार किए गए कुछ फर्जी दस्तावेज पर जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाया गया। इन लोगों ने लगभग 95 लाख रुपये का भुगतान डीजल, नकद व अकाउंट के माध्यम से दिखाया था। बाकी की रकम की देनदारी दिखाई गई थी। इस बाबत पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। कोर्ट ने गंगनहर कोतवाली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। गंगनहर कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मोहित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, सुनील कुमार, नीति अग्रवाल, मुरारीलाल, जतिन केस दर्ज किया गया है।

## रेस्टोरेंट संचालक पर हमला कर नकदी छीनी

**रुड़की।** कुछ युवकों ने एक रेस्टोरेंट संचालक पर अचानक हमला कर नकदी छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के वैशाली मंडपम रोड निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वैशाली मंडपम के पास उसका रेस्टोरेंट है। बुधवार रात को रामनगर निवासी एक युवक अपने चार साथियों के साथ रेस्टोरेंट पर आकर गाली-गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उससे मारपीट की।

### कलियर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

# कई लोगों के काटे चालान, होटलों की भी हुई चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर 182 किराएदारों/घरेलू नौकर/रेहड़ी, ठेली, फड़ वालों का सत्यापन किया और 2 मकान स्वामियों कोर्ट के चलान किये गए।

वर्तमान में चारधाम यात्रा के दृष्टिगत बाहरी लोगो के सत्यापन व आपराधिक घटनाओ की रोकथाम तथा आपराधिक/संदिग्ध तत्वों पर लगाम लगाने के लिए थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर शुक्रवार को कलियर थाना क्षेत्र में चार अलग अलग टीमें बनाकर झुग्गी झोपडी व अन्य ईलाको में रहने वाले, होटल व मकान मालिकों व बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों और किरायेदारों,घरेलू नौकर,रेहड़ी ,ठेली, फड़ वाले और कबाड़ियों का सत्यापन अभियान चलाकर करीब 182 लोगों का सत्यापन किया गया। बिना सत्यापन के किरायेदार, घरेलू नौकर व बाहरी व्यक्तियो को रखने वाले दो मकान स्वामियों का किरायेदारों का सत्यापन ना कराये



जाने पर कोर्ट के चालान किए गये इसके साथ 06 होटलों को भी चौक किया गया। उनके द्वारा सभी मकान स्वामियों को अपने किरायेदारों, घरेलू नौकरों एवं बाहरी व्यक्तियो का शीघ्र सत्यापन करने तथा सोशल साईट पर भ्रामक संदेश व फर्जी विज्ञापनो से बचने की अपील कर जागरूक किया। टीम थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, एसएसआई बीएस चौहान,ईमली खेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार,धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान ,एएसआई तरूण कुमार समेत समस्त पुलिस बल उपस्थित रहा।

# पुलिस ने दबोचा एक पशु चोर, 11 बकरियां बरामद

## 2 दिन पहले बुग्गावाला से 30-35 बकरियां व दो मोबाइल हुए थे चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने एक पशु चोर को दबोच कर करीब 11 बकरियां बरामद कर ली है जो हाल ही में थाना क्षेत्र के एक गांव से 30-35 बकरियां व दो मोबाइल फोन चोरी हुए थे। यह उनमें से बची हुई बकरिया है बाकी बकरियों को आरोपी द्वारा भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सुमित पाल पुत्र सतीश पाल निवासी ग्राम झीवाहेडी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार द्वारा थाना भगवानपुर आकर तहरीर दी कि वादी व उसके साथी अरविन्द पाल पुत्र झंडू निवासी बुग्गवाला थाना बुग्गवाला की 30-35 बकरियां व 02 मोबाईल फोन को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे दी जिसके आधार पर थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 163/25 धारा 303(2)बीएनएस 2023 पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना





भगवानपुर द्वारा पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज संकलित कर विषलेशण किया गया। जिससे पुलिस टीम को काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। तथा क्षेत्र में मुखबिर मामूर किये गये। परिणाम स्वरूप पुलिस टीम को दिनांक-29/05/2025को मुखबिर की सूचना पर अभि0 हफीज पुत्र शब्बीर निवासी मिर्जापुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर उ0प्र0 को चोरी की गई मे से 11 जिन्दा बकरियां के गोल्डन पैलेस बैंकट हॉल के निकट ईंटो की चारदिवारी से बने टीन शैड से गिरफ्तार किया गया अभि0 को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पूछताछ मे अभि0 हफीज द्वारा बताया कि सलमान पुत्र मकबूल निवासी मौ0 हुसैन बस्ती थाना कोतवाली मण्डी सहारनपुर उ0प्र व फहीम निवासी नन्हेड़ा थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर उ0प्र0 व अपने अन्य साथी के साथ एक पिकअप गाड़ी में करीब 30 बकरियों व भेड़ो को भगवानपुर से चोरी कर उसके पास लाये, जिनको अभियुक्त हफीज द्वारा अपने साथी गुलबहार पुत्र गुलजार निवासी मिर्जापुर तथा शहबान उर्फ बारी निवासी मिर्जापुर के साथ मिलकर एक लाख बीस हजार रुपये में खरीदना, तथा कुछ भेड़ो को काटकर बेचना बताया जाना। सलमान और फहीम व अन्य साथियों का बकरियां चोरी कर उसके पास लाना तथा गुलबहार और शहबान के साथ मिलकर बकरियों को काटकर मांस बेचकर पैसा कमाना बताया। पुलिस टीम-उ0नि0 विनय मोहन -कानि0 मुकेश नोटियाल-कानि0 अनिल तोमर-कानि0रविन्द्र राणा-कानि0 उबेदुल्ला थाना भगवानपुर रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 31 मई 2025

# इज़रायल की सहमति

गाजा में अस्थाई युद्ध विराम को लेकर अमेरिका की कोशिशें रंग लाती दिखाई दे रही हैं। अमेरिका का कहना है कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम का प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है। बड़ी बात यह है कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए। न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जोकि एक इजरायली अधिकारी और अमेरिकी सूत्र से इस बात की पुष्टि की है कि नए प्रस्ताव के अनुसार 60 दिवसीय युद्ध विराम तो शामिल है ही, इसमें दस जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों को रिहा करने की बात भी कही गई है। हमास की तरफ से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया खुलकर नहीं आई है। इतना जरूर कहा गया है कि हमास के नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने यह भी कहा कि उसकी पूरी कोशिश है कि उनके लोगों के हितों की पूर्ति हो, उनको राहत मिले और गाजा पट्टी पर स्थाई युद्ध विराम हो। अमेरिका पिछले कुछ दिनों से इस बात के भी प्रयास कर रहा है कि इजरायल और हमास के बीच अस्थाई सीजफायर कराया जा सके। उस पर सऊदी अरब और कतर जैसे मित्र देशों का दबाव भी पड़ रहा था। कुछ दिन पूर्व जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कतर और सऊदी के दौरे पर आए थे। तब से इस संबंध में बातें हो रही हैं। पहले जो डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रस्ताव इजरायल के सामने रखा था उस पर इजरायल नानुकुर कर रहा था। जबकि हमास तैयार हो गया था। अब कहा जा रहा है कि इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास को सौंपने से पूर्व ही हस्ताक्षर कर दिए, तो जाहिर है नया प्रस्ताव इजरायल के अनुकूल हो सकता है और उसमें कुछ ऐसी शर्तें हो सकती हैं जो हमास को पसंद न आएं। अभी ठीक से तो नहीं कहा जा सकता कि यह सीजफायर कब लागू होगा, होगा भी या नहीं, लेकिन हां यह तो कहा ही जा सकता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीजफायर को लेकर पहले से कहीं ज्यादा गंभीर दिखाई दे रहे हैं और वह इजरायल पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते भी दिखाई दे रहे हैं। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा कर पाने में सफल रहे, तो निश्चित रूप से यह उनके लिए भी बड़ी उपलब्धि साबित हो सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय गाजा के हालात बेहद खराब हैं। 60 हजार से अधिक लोग इस युद्ध में अपनी जान गवा चुके हैं और यह जान बराबर जा रही हैं। कोई दिन नहीं होता, जब वहां से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की खबरें नहीं आती। दुख की बात यह है कि इन मरने वालों में अधिकतर बच्चे व महिलाएं होती हैं। इजरायल ने तमाम तरह की राहत के रास्ते बंद रखे हैं। जिससे लाखों लोग भूख से मरने की कगार पर पहुंच गए हैं।

## आज पूरे देश में गर्व की भावना



आतंकियों और भारतीय सांसदों की तुलना शर्मनाक कृत्य है, जो सांसद विदेशों में भारत का पक्ष रखने गए हैं, वे घूमने नहीं गए, वे भारत के आत्मबल और आतंकवाद-विरोधी नीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मजबूती से प्रस्तुत करने गए हैं, राहुल गांधी, जयराम रमेश और रेवंत रेड्डी जैसे कुछ नेताओं के बयानों ने न केवल भारतीय सेना के मनोबल को चोट पहुंचाने का प्रयास किया, बल्कि बार-बार देश के सामान्य नागरिकों के आत्मविश्वास को भी कमजोर करने की चेष्टा की है, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है और उसमें संकोच नहीं करता, आज पूरे देश में गर्व की भावना है, हर नागरिक भारत की सेना को सलाम कर रहा है, ज लोगों के भीतर देशभक्ति की भावना चरम पर है, पर कुछ राजनीतिक दल, विशेषकर कांग्रेस पार्टी, ऐसी स्थिति में भी राजनीति करने से नहीं चूकी।

**-संबित पात्रा, प्रवक्ता एवं सांसद, भाजपा**

# चिकित्सा जगत की असाधारण खोज

# यूनिवर्सल एंटीवेनम



**एंटीवेनम विकसित करने वाले टिम फराइडे अपनी टीम के साथ**



**एम. इमरान**

विश्व में सांपों के काटने से होने वाली मृत्यु और विकलांगता एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, विशेष रूप से एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में। सांपों के विष के प्रभाव को कम करने के लिए एंटीवेनम यानि विषरोधी सीरम का उपयोग किया जाता है, लेकिन पारंपरिक एंटीवेनम के निर्माण और प्रभावशीलता से संबंधित कई सीमाएं हैं। इन सीमाओं को देखते हुए वैज्ञानिकों ने एक नया और क्रांतिकारी तरीका विकसित किया है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम, जिसे एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से तैयार किया गया है। यह विधि न केवल अधिक प्रभावी है, बल्कि कई प्रकार के सांपों के विष पर भी काम कर सकती है, जिससे यह एक यूनिवर्सल एंटीवेनम के रूप में उभर रहा है।

पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर घोड़े या भैंस जैसे जानवरों को विष देकर उनके शरीर में उत्पन्न हुए एंटीबॉडीज से तैयार किया जाता है। इसके कई नकारात्मक पहलू हैं जैसे एलर्जिक रिएक्शन, सीमित प्रभावशीलता, भंडारण की समस्याएं और क्षेत्रीय विषों के अनुसार भिन्न-भिन्न एंटीवेनम की आवश्यकता। इसके अतिरिक्त, इन एंटीवेनम का उत्पादन महंगा और समय-साध्य होता है, चूंकि अलग-अलग सांपों का विष संरचना में काफी भिन्न होता है, इसलिए कोई एक एंटीवेनम सभी पर असर नहीं करता। इसलिए वैज्ञानिक समुदाय के सामने यह चुनौती रही है कि एक ऐसा उपचार तैयार किया जाए जो विश्व स्तर पर विभिन्न सांपों के विषों पर प्रभावी हो।

इसी चुनौती का समाधान एक असाधारण खोज के रूप में सामने आया, जब एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली से प्राप्त एंटीबॉडीज का उपयोग कर एक नया प्रकार का एंटीवेनम विकसित किया गया। यह व्यक्ति दुनियाभर के विभिन्न विषैले सांपों के विष के प्रति बार-बार प्रतिरक्षित किया गया था और उसके शरीर में एक अत्यंत शक्तिशाली और विविध प्रतिपिंड प्रतिक्रिया विकसित हो चुकी थी। वैज्ञानिकों ने इस व्यक्ति के रक्त से प्राप्त B कोशिकाओं B-cells को प्रयोगशाला में विश्लेषण किया और उनमें से ऐसे एंटीबॉडीज की पहचान की जो विभिन्न सांपों के विषों को निष्क्रिय करने में सक्षम थे। इन चयनित एंटीबॉडीज को बायोटेक्नोलॉजी की सहायता से कृत्रिम रूप से बड़ी मात्रा में उत्पादित किया गया। इन्हें मानव एंटीबॉडीज में परिवर्तित करके एक ऐसी थेरेपी बनाई गई जो शरीर में विष के विभिन्न घटकों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय कर सकती है।

यह एंटीवेनम न केवल प्रभावी था, बल्कि सुरक्षित भी था, क्योंकि यह मानव एंटीबॉडीज से बना था और इसके कारण पारंपरिक एंटीवेनम की तरह एलर्जिक प्रतिक्रियाओं की संभावना भी बहुत कम थी। इस शोध का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह था कि इन एंटीबॉडीज की संरचना इस प्रकार डिजाइन की गई कि वे विष के केवल एक ही नहीं बल्कि कई विषाक्त अणुओं से जुड़ सकें। सांपों के विष में कई प्रकार के प्रोटीन और एंजाइम होते हैं जैसे फॉस्फोलाइपेस, मेटालोप्रोटीज और न्यूरोटॉक्सिन्स, जो विभिन्न प्रकार से शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। यह यूनिवर्सल एंटीवेनम इन सभी प्रकार के विषाक्त तत्वों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम है। इसकी तुलना में पारंपरिक एंटीवेनम आमतौर पर कुछ विशेष विष प्रोटीनों पर ही असर करता है।

इस तकनीक की विशेषता यह भी है कि यह एक ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण करती है जिसमें भविष्य में अन्य जानलेवा विषों जैसे मकड़ी, बिच्छू या समुद्री जीवों के विष के विरुद्ध भी समान प्रकार की थेरेपी विकसित की जा सकती है। इस खोज ने विषरोधी चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा स्थापित की है, जहां अब जानवरों पर निर्भर हुए बिना मानव-केन्द्रित, सुरक्षित और अधिक प्रभावी उपचार उपलब्ध हो सकता है। वैज्ञानिकों ने इस नए एंटीवेनम का परीक्षण प्री-क्लीनिकल स्तर पर चूहों और अन्य जानवरों पर किया और देखा गया कि यह विभिन्न प्रकार के विषों जैसे भारत के करैत, रसेल वाइपर, कोबरा और अफ्रीका के ब्लैक मम्बा आदि पर प्रभावी था। जहां पारंपरिक एंटीवेनम केवल कुछ विशेष सांपों के लिए ही उपयुक्त होते हैं, यह यूनिवर्सल एंटीवेनम कई भिन्न प्रकार के विषों पर भी सफलतापूर्वक कार्य करता है। इसके कारण न केवल मरीज की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है, बल्कि स्थानीय अस्पतालों और ग्रामीण क्षेत्रों में एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी आसान हो जाता है, क्योंकि अब अलग-अलग प्रकार के विषों के लिए अलग-अलग सीरम रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस शोध की सफलता के पीछे अत्याधुनिक तकनीकों का भी विशेष योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और प्रोटीन इंजीनियरिंग की सहायता से विष के अणुओं की संरचना का बारीकी से अध्ययन किया, जिससे यह समझने में मदद मिली कि कौन से एंटीबॉडीज किस प्रकार से विष प्रोटीन से जुड़ते हैं और उसे निष्क्रिय करते हैं। इसके आधार पर उन्होंने ब्रॉडली न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडीज का चयन किया और उन्हें जेनेटिक रूप से तैयार किया, जिससे उनकी स्थिरता, शक्ति और कार्यक्षमता को और बढ़ाया जा सका। एक और महत्वपूर्ण सामाजिक पहलू यह है कि यूनिवर्सल एंटीवेनम का निर्माण सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी आर्थिक और नैतिक उपलब्धि भी है। हर वर्ष दुनिया भर में हर साल लगभग 1.38 करोड़ लोगों को सांप काटते हैं, जिनमें से लगभग 1 लाख से अधिक मौतें होती हैं और कई लाख लोग स्थाई विकलांगता का शिकार होते हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं जहां चिकित्सा सुविधाएं सीमित होती हैं और समय पर प्रभावी एंटीवेनम न मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है। एक सार्वभौमिक एंटीवेनम की उपलब्धता इन समस्याओं का समाधान कर सकती है। इस प्रोजेक्ट की सफलता का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि इसमें बहु-देशीय सहयोग और विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों की सहभागिता रही। अमेरिका, भारत, अफ्रीका और यूरोप के विषविज्ञानी, इम्यूनोलॉजिस्ट और जैवप्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने मिलकर इस परियोजना को अंजाम दिया।

इस तरह के वैश्विक सहयोग से न केवल अनुसंधान में तीव्रता आई, बल्कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के सांपों के विष पर कार्य करने का अवसर भी मिला, जिससे यह एंटीवेनम वास्तव में यूनिवर्सल बन पाया। अब जब यह एंटीवेनम क्लिनिकल ट्रायल्स की ओर बढ़ रहा है, वैज्ञानिकों और चिकित्सा संगठनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इलाज आम जनता तक सुलभ मूल्य पर पहुंच सके। यदि यह केवल महंगे निजी अस्पतालों तक सीमित रह गया, तो इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके लिए सरकारों, NGO और वैश्विक स्वास्थ्य संस्थानों को मिलकर रणनीति बनानी होगी ताकि इस जीवनरक्षक उपचार को गरीब और दूरदराज के क्षेत्रों में भी सुलभ बनाया जा सके। इस खोज ने न केवल सांप के विष के इलाज में एक क्रांति लाई है, बल्कि यह भी दिखाया है कि यदि विज्ञान और तकनीक को मानव कल्याण की दिशा में उपयोग किया जाए, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। एक अकेले हाइपर-इम्यून व्यक्ति के शरीर में मौजूद एंटीबॉडीज ने लाखों जानें बचाने की संभावनाओं को जन्म दिया है। यह एक ऐसा उदाहरण है जो दिखाता है कि मानव शरीर और विज्ञान की सामूहिक शक्ति मिलकर कितने बड़े परिवर्तन ला सकती है। भविष्य में, जैसे-जैसे इस तकनीक को और परिष्कृत किया जाएगा, यह संभव है कि न केवल सांपों के विष का बल्कि अन्य प्रकार के टॉक्सिन्स और जैविक हथियारों के विरुद्ध भी ऐसे एंटीबॉडीज विकसित किए जा सकें। एक ऐसा युग आने वाला है जहां यूनिवर्सल इम्यून थेरेपी का विचार केवल कल्पना नहीं बल्कि एक वास्तविकता बन सकेगा। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि एक हाइपर-इम्यून व्यक्ति के एंटीबॉडीज से विकसित यह यूनिवर्सल एंटीवेनम एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने न केवल विष चिकित्सा के क्षेत्र में नई दिशा दी है, बल्कि विज्ञान की शक्ति और मानवता के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी सिद्ध किया है। इस उपलब्धि से भविष्य की कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और एक सुरक्षित, विष-मुक्त समाज की नींव रखी जा सकती है।

# धोखेबाज कंपनियों के चलते ग्राहक परेशान

**उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को और सशक्त करने की आवश्यकता है, ताकि ग्राहकों को रिफंड और मुआवजे के लिए लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से न गुजरना पड़े। इस स्थिति को सुधारने के लिए, कंपनियों को अपनी वित्तीय प्रथाओं में पारदर्शिता लानी होगी और नियामक निकायों को कड़े कदम उठाने होंगे। जब तक ऐसा नहीं होता, ग्राहकों और ऐसी कंपनियों से जुड़े अन्य लोगों का विश्वास जीतना इन कंपनियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।**



**रजनीश कपूर**

भारत का कैब उद्योग, जो कुछ वर्षों पहले तक तकनीकी नवाचार और सुविधा का प्रतीक माना जाता था, आज गंभीर विवादों और वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में है। ब्लूस्मार्ट और ओला जैसी प्रमुख कंपनियों पर लगे धोखाधड़ी और कर चोरी के आरोपों ने न केवल उनके कारोबारी मॉडल पर सवाल उठाए हैं, बल्कि लाखों ग्राहकों के बीच अविश्वास और निराशा की भावना भी पैदा की है। ऐसी कंपनियां, जो कभी शहरी गतिशीलता का पर्याय थीं, अब अपने ग्राहकों को ठगा हुआ महसूस करा रही हैं।

ब्लूस्मार्ट, जो 2019 में एक इलेक्ट्रिक वाहन-आधारित कैब सेवा के रूप में शुरू हुई थी, ने अपनी पर्यावरण-अनुकूल नीतियों और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के कारण तेजी से लोकप्रियता हासिल की थी। दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में इसकी सेवाएं शुरू होने के बाद, कंपनी ने कई बड़े निवेशकों से भारी फंडिंग प्राप्त की। हालांकि, अप्रैल 2025 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए खुलासे ने ब्लूस्मार्ट की मूल कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग की वित्तीय प्रथाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। सेबी ने पाया कि जेनसोल के प्रमोटरों, अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी ने कंपनी को दिए गए 977.75 करोड़ रुपये के ऋण का दुरूपयोग किया। यह राशि, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद और बेड़े के विस्तार के लिए थी, कथित तौर पर आलीशान फ्लैट, गोल्फ किट, और अन्य व्यक्तिगत खर्चों पर खर्च की गई। सेबी की जांच के अनुसार, कंपनी ने केवल 4,704 वाहन खरीदे, जबकि 6,400 वाहनों का वादा किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 262.13 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। इस घोटाले का सबसे बड़ा झटका ब्लूस्मार्ट की अचानक सेवा बंदी के रूप में सामने आया, जिसने अप्रैल 2025 में इसके संचालन को ठप कर दिया। इस बंदी का असर हजारों ड्राइवरों, लाखों ग्राहकों व इनसे जुड़े कई लोगों पर पड़ा। ड्राइवरों को बिना किसी पूर्व सूचना के बेरोजगार छोड़ दिया गया, जबकि ग्राहकों के वॉलेट में जमा राशि, जो लाखों रुपये में थी, फंस गई। कंपनी ने घोषणा की कि यदि 90 दिनों के भीतर सेवाएं बहाल नहीं हुईं, तो रिफंड शुरू किया जाएगा। हालांकि, इस अनिश्चितता ने ग्राहकों में भारी असंतोष पैदा किया। दिल्ली के एक नियमित ग्राहक के अनुसार उन्होंने ब्लूस्मार्ट की सुविधा और पर्यावरण-अनुकूल सेवाओं की हमेशा प्रशंसा की थी, लेकिन अब उनके वॉलेट में 4,500 रुपये फंसे हुए हैं और उन्हें रिफंड की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। दूसरी ओर, ओला कैब्स, जो भारत के कैब बाजार में अग्रणी रही है, भी हाल के वर्षों में कई विवादों में उलझी हुई है।

हाल ही में, कंपनी पर कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। आयकर विभाग की एक जांच में पता चला कि ओला ने अपने ड्राइवरों के भुगतान और किराए की राशि पर टैक्स की गणना में अनियमितताएं बरतीं। इसके अलावा, कंपनी पर आरोप है कि उसने अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से फंड को गलत तरीके से स्थानांतरित किया, ताकि कर देनदारियों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि ओला कैब्स की मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में एक अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक शुरू की, परंतु हाल के वर्षों में अपने ग्राहकों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ वित्तीय अनियमितताओं के कारण चर्चा में रही है। ओला ने अपने सप्लायरों और लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स को समय पर भुगतान करने में देरी की, जिसके परिणामस्वरूप कई प्रमुख सप्लायरों ने कंपनी के साथ संबंध तोड़ लिए। बीबीसी की एक रिपोर्ट में पूर्व कर्मचारियों और उद्योग सूत्रों ने खुलासा किया कि भुगतान में देरी के कारण सप्लायरों के बीच असंतोष बढ़ा। एक सप्लायर ने तो ओला के खिलाफ दिवालियापन की याचिका भी दायर की, जिसे बाद में कंपनी ने सुलझाने का दावा किया। इसके अलावा, ओला की लागत कम करने की रणनीति, जैसे कि वाहन पंजीकरण एजेंसियों के साथ अनुबंधों की पुनरू बातचीत, ने बिक्री और पंजीकरण के आंकड़ों में भारी विसंगति पैदा की। फरवरी 2025 में, ओला ने 25,000 स्कूटर बेचने का दावा किया, लेकिन वाहन पोर्टल पर केवल 8,390 पंजीकृत हुए। इन वित्तीय और परिचालन चुनौतियों ने ओला की बाजार हिस्सेदारी को प्रभावित किया, जो सितंबर 2024 में 27 प्रतिशत तक गिर गई। ब्लूस्मार्ट और ओला से जुड़े इन विवादों ने ऐसे उद्योगों में ग्राहकों का विश्वास कमजोर किया है। ये कंपनियां, जो कभी सुविधा और नवाचार का प्रतीक थीं, अब वित्तीय कुप्रबंधन और अनैतिक प्रथाओं के लिए जानी जा रही हैं। ग्राहकों के बीच यह धारणा बढ़ रही है कि उनके पैसे का उपयोग न केवल उनकी सेवा में, बल्कि प्रमोटरों के व्यक्तिगत लाभ के लिए भी किया जा रहा है। इन घोटालों से भारत में ऐसेउद्योगों के लिए सख्त नियामक ढांचे की आवश्यकता को उजागर किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने और ग्राहकों व इनसे जुड़े अन्य लोगों के हितों की रक्षा के लिए कड़े नियम लागू करने चाहिए। आयकर विभाग और सेबी जैसे नियामक निकायों को ऐसी कंपनियों की निगरानी बढ़ानी चाहिए, जो बड़े पैमाने पर फंडिंग जुटाती हैं और लाखों ग्राहकों की निर्भरता का हिस्सा हैं।

लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया नशे में झूम रही कैसे स्वास्थ्य क्रांति लाएं

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष**



**ललित गर्ग**

विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषत: महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू को अपना चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-31 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ हर साल इस दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। साल 2025 की थीम अनमास्किंग द अपील: तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना है। यह दिवस तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक जनजागृति अभियान एवं एक दुनियाभर में आयोज्य महत्वपूर्ण दिवस है। इसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के जोखिमों को उजागर करना और दुनियाभर के लोगों को धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बड़ा प्रश्न है कि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश एवं दुनिया कैसे आदर्श हो सकती है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधारने को तैयार नहीं हैं। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया। यह दिन सरकारों से तंबाकू के उपयोग से निपटने, सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क को कम करने और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को मजबूत करने का आह्वान भी करता है। ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है, लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिए यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं, क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू, सिगरेट का उत्पादन भी बढ़ा रही है।

राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? तंबाकू का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य और समाज दोनों पर घातक प्रभाव डालता है, जो कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस दिवस का लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां तम्बाकू निषेध का सकारात्मक वातावरण बने एवं कम लोग तम्बाकू से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हों। यह दिवस स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को तम्बाकू के खतरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है। आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशे के कारण हम एक विकलांग एवं बीमार पीढ़ी का निर्माण हो रहा हैं। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ए प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। तम्बाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है जो वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और समुदायों को प्रभावित करती है। यह अत्यधिक नशे की लत है, मुख्य रूप से निकोटीन की उपस्थिति के कारण, जिससे व्यक्तियों के लिए बिना सहायता के इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके परिणाम भयानक हैं, हर साल 8 मिलियन से अधिक मौतें तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देशभर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है। गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु टरुथ पेस्ट, क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मलकर खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाइप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति यह तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं।

इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किए गए नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियां उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल ने गाजा में अस्थायी युद्धविराम प्रस्ताव किया मंजूर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के व्हाइट हाउस ने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, क्योंकि इजरायली सेना युद्धग्रस्त क्षेत्र में अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखे हुए है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में पुष्टि की कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमास को युद्ध विराम प्रस्ताव सौंपा है, जिसका इजरायल ने समर्थन किया है।

लेविट ने कहा कि हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे। मैं यह भी पुष्टि कर सकता हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार एक इजरायली अधिकारी और मामले से परिचित एक अमेरिकी सूत्र ने पुष्टि की कि प्रस्तावित समझौते में न केवल 60-दिवसीय युद्ध विराम शामिल है बल्कि 10 जीवित बंधकों और 18 मृत बंधकों के अवशेषों को रिहा करने की योजना भी शामिल है। हमास ने गुरुवार को कहा कि उसके नेतृत्व को मध्यस्थों के माध्यम से विटकॉफ से गाजा में युद्ध विराम का नया प्रस्ताव मिला है और वह इसका अध्ययन कर रहा है। हमास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हमास नेतृत्व को मध्यस्थों से विटकॉफ का नया प्रस्ताव मिला है और वह जिम्मेदारी से इसका अध्ययन कर रहा है ताकि हमारे लोगों के हितों की पूर्ति हो, राहत मिले और गाजा पट्टी में स्थाई युद्ध विराम हो।



- हमास को भेजे जाने से पहले इजरायल ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे
- मैं यह भी पुष्टि कर सकती हूं कि वे चर्चाएं जारी हैं, और हमें उम्मीद है कि गाजा में युद्ध विराम होगा ताकि हम सभी बंधकों को घर वापस ला सकें: लेविट

## फलस्तीनी राजदूत यूएन में गाजा के हालात बताते हुए रोए

**गाजा।** फलस्तीनी राजदूत रियाद मंसूर यूएन में गाजा के हालात बताते हुए फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने दुनिया को गाजा में भूख से तड़पते बच्चों और वहां के बदतर हालात के बारे में बताया। मंसूर ने कहा: कई बच्चे भूख से मर रहे हैं। महिलाएं अपने बेजान बच्चों को गले लगा रही हैं, उनके बालों को सहला रही हैं, उनसे बात कर रही हैं, उनसे माफी मांग रही हैं। यह सब देखना तकलीफदेह है। कोई ऐसा कैसे कर सकता है? यह कहते हुए उनके आंसू फूट पड़े। मंसूर ने आगे कहा: फलस्तीनियों की इस हालात को कोई आम इंसान बर्दाश्त नहीं कर सकता। आग और भूख फलस्तीनी बच्चों को निगल रही है। उन्होंने कहा: कोई भी वजह फलस्तीनियों पर हमले को जायज नहीं ठहरा सकती। हम भी इंसान हैं। हमें अपने देश पर गर्व है। हमें बिल्कुल वैसे ही सम्मान मिलना चाहिए, जैसे बाकी सभी को।

- रियाद मंसूर ने कहा: भूख बच्चों को निगल रही

## दक्षिण लेबनान में इजरायल के हमलों में दो लोग मारे गए

**बेरूत।** इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में किए गए हमलों में गुरुवार को दो लोग मारे गए। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने नबातिह फौका की पहाड़ियों में अली अल-ताहेर जंगल के प्रवेश द्वार को निशाना बनाया, जिसके कारण नगरपालिका का कर्मचारी महमूद अटवी की मौत हो गई। हमले के समय वह मोटरसाइकिल से ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे। एनएनए के अनुसार, काफ़र किला गांव में इजरायली गोलीबारी में एक और व्यक्ति मारा गया। गौरतलब है कि 27 नवम्बर, 2024 से, हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच एक संघर्ष विराम समझौता प्रभावी है, लेकिन समझौते के बावजूद इज़रायली सेना कभी-कभी लेबनान में हमले करती रहती है। इजरायल दावा करता है कि इसका उद्देश्य हिजबुल्लाह के खतरों को खत्म करना है। इज़रायल ने 18 फरवरी को अपनी पूर्ण वापसी की समय सीमा के बाद भी लेबनानी सीमा के पाँच प्रमुख ठिकानों पर अपनी सैन्य उपस्थिति बना रखी है।



रोहतास। सार्वजनिक बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## आर्टिकल 370 हटने से खुशहाली आई: सलमान खुर्शीद

**जकार्ता।** कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आर्टिकल 370 एक बड़ी समस्या थी। इससे यह धारणा बन गई थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्से से अलग है।

यह सरकार की सोच में भी झलकता था। खुर्शीद ने कहा कि 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह धारणा खत्म हो गई। इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने मतदान लिया। अब कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग कश्मीर में आर्टिकल 370 फिर से बहाल करवाना चाहते हैं। वे कश्मीर में आई खुशहाली नहीं देखना चाहते। दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की। थरूर ने कोलंबिया के बोगोटा में कहा कि कोलंबियाई सरकार ने भारत के प्रति सहानुभूति जताने के बजाय ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई जानमाल की नुकसान पर दुख जताया। भारत इससे निराश है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत ने सेल्फ-डिफेंस में हमला किया था। हमला करने वालों और बचाव करने वालों में फर्क होता है। जैसे कोलंबिया ने कई आतंकवादी हमलों को झेला है, वैसे ही हमने भारत में भी लगभग चार दशकों तक हमलों को झेला है। शशि थरूर और सलमान खुर्शीद ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को ब्रीफ करने गए भारतीय डेलिगेशन का हिस्सा हैं।

# ट्रम्प का टैरिफ फिर बहाल

## हायर कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की फेडरल अपील कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ पर रोक वाले ट्रेड कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ को फेडरल ट्रेड कोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए स्थाई रोक लगा दी थी।

इस फैसले को ट्रम्प प्रशासन ने फेडरल सर्किट की अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद निचली अदालत (ट्रेड कोर्ट) के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी गई। यानी ट्रम्प का टैरिफ फिलहाल जारी रहेगा। इससे पहले मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड के तीन जजों की बेंच ने टैरिफ पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रम्प ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया और संविधान के दायरे से बाहर जाकर ये टैरिफ ये टैरिफ लगाया। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) का गलत इस्तेमाल किया। ये कानून राष्ट्रपति को आपातकाल में कुछ निर्णय लेने का विशेष अधिकार देता है। लेकिन, ट्रम्प ने बिना ठोस कारण के इन पावर्स का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ट्रेड पार्टनर्स पर भारी भरकम टैरिफ लगाया। अमेरिकी संविधान दूसरे देशों के साथ व्यापार को रेगुलेट करने का अधिकार संसद को देता है। लेकिन ट्रम्प ने अपने विशेष अधिकारों को संविधान से ऊपर रखकर टैरिफ पर फैसला लिया। राष्ट्रपति के स्पेशल पावर्स का मतलब यह नहीं कि किसी भी हालात को इमरजेंसी का नाम देकर कुछ भी करें।



- ट्रेड कोर्ट ने टैरिफ को असंवैधानिक बताकर स्थाई रोक लगा दी थी

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने फाक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि फेडरल कोर्ट के फैसले में कोई दम नहीं है, इसे आखिरकार पलट दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि टैरिफ के रास्ते हमने जो बिजनेस डील के लिए प्लेटफार्म तैयार किए हैं, कोर्ट का यह फैसला उस रास्ते में बाधा नहीं बनेगा। टैरिफ पर फैसला देने वाले जज एक्टिविस्ट हैं। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत में दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई 2025 को हुए युद्धविराम को संभव बनाने के लिए टैरिफ शक्तियों का उपयोग किया।

## नाइजीरिया में बाढ़ के कारण 21 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 10 लापता हैं। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख इब्राहिम हुसैनी ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ ने मोक्वा क्षेत्र में भीषण तबाही मचाई, लेकिन तीन लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक आवासीय घर जलमग्न हो गए या फिर बह गए, जिनमें कुछ लोगों के अभी भी फंसे रहने की आशंका हैं। उन्होंने कहा कि लापता 10 लोगों के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की महानिदेशक जुबैदा उमर ने कहा था कि इस साल पूरे देश में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन का मिला भारत को समर्थन

## कहा: आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे लड़ाई

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष के. एच. उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया। दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है। उन्होंने भारतीय सांसदों से कहा कि इंडोनेशिया के इतिहास की गहराई में भारतीय सभ्यता की छाप है, इसलिए दोनों देशों को लोगों के स्तर पर भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया। झा ने कहा कि अब्दल्ला ने ओआईसी (इस्लामिक देशों के संगठन) में भारत के मुद्दों पर समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की तुलना में भारत में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। फिर भी पाकिस्तान ओआईसी में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश करता है। पहलगाम आतंकी हमले का ज़िक्र करते हुए झा ने कहा कि आतंकियों ने बेगुनाहों को उनके धर्म के आधार पर मारने की कोशिश की, जिसका मकसद देश की सांप्रदायिक एकता को नुकसान पहुंचाना था। प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया की नेशनल मंडेट पार्टी और कई प्रमुख थिंक टैंक व शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारतीय सांसदों ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर किया, जिसे इंडोनेशियाई नेताओं ने भी स्वीकार किया और भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। जकार्ता स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य भारत के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार का मुकाबला करना और भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस नीति को वैश्विक मंचों पर स्पष्ट करना है। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा की अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अभिषेक बनर्जी, माकपा के जान ब्रिटास, कांग्रेस के सलमान खुर्शीद और अन्य नेता शामिल हैं।



दोनों देशों की आर्थिक विकास राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं

## ऑस्ट्रेलिया में जनता के समर्थन के बावजूद चीनी कर नहीं लगेगा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि संघीय सरकार की चीनी कर लगाने की 'कोई योजना नहीं' है, जबकि एक सर्वेक्षण में इस प्रस्ताव को मजबूत समर्थन मिला है। मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के पास मोटापे की बढ़ती दरों को कम करने के लिए 'कई उपाय' विचाराधीन हैं, लेकिन वह कराधान के बजाय शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने 'सेवन नेटवर्क' टेलीविजन से कहा कि मोटापा वास्तव में आज हमारे सामने आने वाली बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है, और यह भविष्य में और भी बड़ा होने वाला है। हम सुपरमार्केट में खरीदने के बारे में सोच रहे लोगों को उनके द्वारा सोची जा रही चीज़ों के बारे में अच्छी तरह से लेबल करके शिक्षित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी सरकार में चीनी कर लगाने की कोई योजना नहीं है।

## हद पार: 130 दिन में ट्रम्प ने अपने ही 11 फैसले पलटे

### 180 कोर्ट ने रोके, प्रशासन के आदेशों के खिलाफ 250 से ज्यादा याचिका दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए अभी सिर्फ 130 दिन ही हुए हैं। लेकिन उनकी नीतियों को लेकर विवाद और कानूनी चुनौतियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तक अमेरिकी अदालतों ने ट्रम्प प्रशासन के कम से कम 180 कार्यकारी आदेशों और नीतियों पर स्थाई या अस्थाई तौर पर रोक लगाई है।

साथ ही, ट्रम्प ने खुद 11 प्रमुख फैसलों पर यू-टर्न लेते हुए पलटा है। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने जन्मसिद्ध नागरिकता खत्म करने, संघीय कर्मचारियों की सामूहिक बर्खास्तगी और विदेशी सहायता रोकने जैसे आदेशों को अवैध या असंवैधानिक ठहराया है। वहीं, ट्रम्प ने फेडरल फंडिंग फ्रीज, अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा और टैरिफ नीतियों जैसे फैसलों को कई बार बदला या वापस लिया है। ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ अब तक 250 से अधिक याचिका दायर की जा चुकी है। ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था, जिसे कोलोराडो की अदालत ने अवैध ठहराया। पर्यावरण नियमों को कमजोर करने वाले आदेशों को भी कैलिफोर्निया की अदालत ने रोका। वजह-वे क्लीन एयर एक्ट का उल्लंघन करते थे। वाशिंगटन की अदालत ने गैर अमेरिकियों के लिए मतदान प्रतिबंध को असंवैधानिक माना। अप्रैल 2025 में एक हफ्ते में 11 मुकदमों में ट्रम्प प्रशासन को हार मिली। ट्रम्प के ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य अधिकारों को सीमित करने वाले आदेश को भी न्यूयार्क कोर्ट ने भेदभावपूर्ण ठहराते हुए अवैध ठहराया। इसके अलावा ट्रम्प के विदेशी फंडिंग से जुड़े आदेश को भी अदालत ने गलत माना।

- ट्रम्प ने वायस आफ अमेरिका को खत्म करने का फैसला लिया था

## चीन में 2023 में हुए गैस धमाके के 15 दोषियों को सजा

**यिनचुआन।** उत्तर-पश्चिमी चीन के निग्ज़िया हुई स्वायत्त क्षेत्र की एक अदालत ने वर्ष 2023 में एक बारबेक्यू रेस्तरां में हुए गैस विस्फोट मामले में 15 व्यक्तियों को शुक्रवार को सज़ा सुनाई। इस विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई थी। क्षेत्रीय राजधानी यिनचुआन की जिगकिंग डिस्ट्रिक्ट पीपुल्स कोर्ट के अनुसार गंभीर दुर्घटनाएं करने या झूठे प्रमाणन दस्तावेज़ प्रदान करने के अपराधों के लिए प्रतिवादियों को एक से छह साल तक की जेल की सज़ा दी गई है। रेस्तरां में सह-निवेश करने और संचालन करने वाले झांग होंग्ज़ियान और लियू गुओ दोषी ठहराए गए लोगों में शामिल थे। गैस आपूर्तिकर्ता के वास्तविक नियंत्रक कुई वेनबो और गैस परीक्षण एजेंसी के कानूनी प्रतिनिधि झोउ झिगुओ को भी दोषी पाया गया। यह विस्फोट 21 जून, 2023 को यिनचुआन के फूयांग बारबेक्यू रेस्तरां में हुआ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लीक होने से विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 31 लोग मारे गए थे और सात घायल हो गए थे। अदालत ने पाया कि विस्फोट का सीधा कारण एलपीजी वितरक द्वारा रेस्तरां को घटिया सिलेंडर उपलब्ध कराना था, जिसे रेस्तरां के कर्मचारियों द्वारा गलत तरीके से संचालित किया गया था। झोउ और दो अन्य गैस परीक्षण एजेंसी के कर्मचारी सदस्यों के रूप में गलत प्रमाणन दस्तावेज प्रदान करने के दोषी पाए गए ,जो एक आपराधिक कृत्य है।

# पानी पर कभी समझौता नहीं करेंगे: मुनीर

## फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा: मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकार से जुड़ा

**इस्लामाबाद/दुशाम्बे।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा है कि पानी का मुद्दा पाकिस्तान के लिए रेड लाइन है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह मामला देश के 24 करोड़ लोगों के बुनियादी अधिकारों से जुड़ा है। मुनीर अलग-अलग यूनिवर्सिटीज के चांसलर्स, प्रिंसिपल, सीनियर फैकल्टीज के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत के वर्चस्व को स्वीकार नहीं करेगा। दूसरी तरफ मुनीर ने दावा किया कि बलूचिस्तान में सक्रिय आतंकवादियों को भारत से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं, उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है। वहीं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ताजिकिस्तान पहुंचे। यहां ताजिक प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शरीफ आज ग्लेशियर्स को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। ताजिकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर शरीफ ताजिक राष्ट्रपति इमामाली रहमोन के साथ कई मुद्दों को लेकर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्की, ईरान और अजरबैजान जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी देशों को भारत के साथ तनाव के वक्त समर्थन देने के लिए शुक्रिया कहा है। शरीफ के साथ आर्मी चीफ आसिम मुनीर, डिप्टी पीएम इशाक डाल, विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ और कई मंत्री भी पहुंचे हैं। शहबाज शरीफ ने हाल ही में कहा था कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए। शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही थी। यह एक हफ्ते में दूसरी बार था जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी।



- जो लोग बलूचिस्तान में अशांति फैला रहे हैं उनका सीधा संबंध बलोच उग्रवाद से है और इनकी डोर भारत से जुड़ी हुई है

## ड्रग तस्कर के साथ समझौते पर स्थिति स्पष्ट करे अमेरिकी सरकार: मेक्सिको

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने दामासो लोपेज़ सेरानो के साथ किए गए याचिका समझौते को लेकर अमेरिकी सरकार से सवाल किया है। गौरतलब है कि दामासो लोपेज़ सेरानो एक ऐसे कार्टेल एक ऐसा संगठन जहां दो या दो से अधिक कंपनियां, उत्पादक या सेवा प्रदाता एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाए अपने लाभ को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते हैं।

का सदस्य है, जिसे अमेरिका ने खुद 'विदेशी आतंकवादी संगठन' करार दिया है। सुशिनबाम ने गुरुवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए इस संबंध में अमेरिकी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अमेरिका सरकार ने हाल ही में एक आदेश जारी किया था, जिसमें कुछ संगठनों को आतंकवादी संगठन कहा गया है। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि वे इन संगठनों के साथ बातचीत नहीं करते हैं। अब उन्हें यह बताने की ज़रूरत है कि इन मामलों में समझौते क्यों किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी अधिकारियों ने दामासो लोपेज़ सेरानो उर्फ 'एल मिनी लिक' के साथ एक याचिका समझौता किया है, जिसके तहत सेरानो ने अमेरिकी अदालत में ड्रग तस्करी के आरोपों में दोषी होने की दलील दी।

**Food Distribution Program**

To bring joy to poor and needy families this **Eid-al-Adha**, we are distributing food packs. You can support this cause by contributing financially, materially, or in any way you find suitable. Help us make a difference in the lives of the downtrodden.

**Islamia Educational and Charitable Society (IECS), Deoband, Saharanpur**

Contact: +91 97602 83693, 80579 22328